सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 01 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 54, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 307 अंकों की गिरावट

घरेलू शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 307 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 95 अंक टूटा। } 10

## निराशावादी हुए नाकाम, खिल उठा भारत : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि की सराहना की और भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाने वालों पर तंज कसते हुए कहा निराशावादी नाकाम हुए और भारत एक बार फिर खिल उठा। } 12

# मानवता को हर दिन पीछे धकेलता है युद्ध

## बिश्केक में प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति पुतिन की अहम मुलाकात

एजेंसी



नई दिल्ली। एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर बिश्केक में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अहम मुलाकात हुई। मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के तत्काल और शांतिपूर्ण समाधान की अपील करते हुए कहा कि अब अंतहीन युद्ध से आगे बढ़कर युद्ध के अंत की दिशा में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने शांति के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन के अलावा व्यापार, निवेश, ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा की। यह मुलाकात पुतिन की आगामी भारत यात्रा और वार्षिक इफकउर शिखर सम्मेलन से पहले हुई है।

मोदी ने कहा, 'युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे धकेलता है, जबकि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम मानवता में नई उम्मीद और उत्साह भरता है। हमें अंतहीन युद्ध से दूर हटकर युद्ध के अंत की ओर बढ़ना चाहिए।' यह मानवता के कल्याण के लिए बेहद ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सीएम योगी ने नानपारा-बहराइच रेल खंड व ट्रेन सेवा को दिखायी हरी झंडी

## दुख की घड़ी में हम सभी नेपाल के साथ, दोनों देशों के बीच साझी सांस्कृतिक विरासत

एस.पी. मिश्र



बहराइच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सीएम ने कहा कि बहराइच कभी भारत की सत्ता का संचालन भी करता था, लेकिन आजादी के बाद भी यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा। एक हजार वर्ष पहले महाराजा सुहेलदेव ने बहराइच में ही सालार मसूद को मिट्टी में मिलाया था और भारत को विदेशी आक्रांताओं से मुक्त किया था, लेकिन आजादी के बाद भी दशकों तक महाराजा सुहेलदेव को विस्मृत किया गया। सालार मसूद के नाम पर उर्स व मेले लगवाकर देश को अपमानित किया जाता रहा। किंतु आज यहां विदेशी आक्रांता के नाम पर कोई आयोजन नहीं होता, बल्कि महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनकर तैयार हो गया है।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को बहराइच में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ नेपालगंज रोड (रुपईडीहा)-नानपारा-बहराइच रेल खंड और इस पर ट्रेन सेवा की शुरूआत की। दोनों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को वाराणसी के लिए रवाना किया। रेलमंत्री ने बहराइच नानपारा-नेपालगंज रोड के रेलखंड को ब्रॉडगेज नेटवर्क से जोड़ने की घोषणा की। सीएम ने चार अन्य ट्रेनों की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री व रेलमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि रेलमंत्री ने बहराइच से नानपारा और नेपालगंज रोड के रेलवे ब्रॉडगेज कार्य (56 किमी का रेलखंड) को 730 करोड़ से समय-सीमा के अंदर पूरा कराया। पहली ट्रेन रूपईडीहा से बाबा विश्वनाथ के धाम वाराणसी सिटी तक जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बहराइच ने भारत की गौरव-गाथा को बढ़ाया था, वह विकास से वंचित हो गया। रेल कनेक्टिविटी न के बराबर थी, जो थी वह मीटरगेज (छोटी लाइन) के रूप में थी। मित्र राष्ट्र नेपाल से भी कनेक्टिविटी नहीं हो पाई। आजादी के बाद कई स्थानों पर रेल लाइन को मीटरगेज से ब्रॉडगेज किया गया। शताब्दी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### आईएनएस निपुण नौसेना में शामिल



मुंबई। भारतीय नौसेना ने जटिल समुद्री अभियानों में सहायता के लिए पोत आईएनएस निपुण को अपने बेड़े में शामिल किया जो समुद्र की गहराई में जाने में सक्षम है। इसके शामिल होने से नौसेना गोताखारी अभियानों से जुड़ी विशेष क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जो दुनिया की कुछ ही नौसेनाओं के पास उपलब्ध हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल आईएनएस निस्तार के शामिल होने के बाद आईएनएस निपुण भारतीय नौसेना में शामिल किया गया इस श्रेणी का दूसरा पोत है। इसे मुंबई में नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की उपस्थिति में नौसेना में शामिल किया गया।

### मणिपुर में गोलीबारी तीन लोगों की मौत

गइंफाल/कांगपोकपी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में पहाड़ी पर स्थित एक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों की गोलीबारी में दो महिलाओं समेत तीन नागरिकों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुकी बहुल जिले के टी. वाइचोंग उप-मंडल के एन. तेइखांग गांव में सुबह करीब साढ़े नौ बजे अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों ने हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, उग्रवादियों ने कई घरों में आग भी लगा दी। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों और दूसरे समुदाय से जुड़े सशस्त्र समूहों के बीच भारी गोलीबारी हुई।

# अंकित बालियान की हत्या करने वाले दोनों शूटर मुठभेड़ में ढेर

## ○ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का असर ○ यूपी को नहीं बनने देंगे किसी भी गैंग की शरणस्थली : डीजीपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यूपी पुलिस ने हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड के दो आरोपी शूटरों को शामली कोतवाली क्षेत्र में मुठभेड़ में ढेर कर दिया। दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इस संबंध में यूपी पुलिस मुख्यालय में डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश की धरती को किसी भी गैंग की शरणस्थली नहीं बनने दिया जाएगा। प्रदेश की सीमा से बाहर व विदेशों से साजिश रचने वाले अपराधी भी किसी गलतफहमी में न रहें।

थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत पुलिस टीम की ओर से चेकिंग के दौरान 02 संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर दोनों संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों की टीम की ओर से परीक्षण के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। डीजीपी के मुताबिक मुठभेड़ में मारे गए आरोपियों की पहचान मोहित निवासी सोनीपत और सुमित निवासी कुंडली, सोनीपत के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों की फायरिंग में शामली स्वाट टीम के हेड कांस्टेबल हरविंदर और हेड कांस्टेबल प्रदीप भी गोली लगने से घायल हुए हैं, जिनका शामली के जिला संयुक्त चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। मृत आरोपी मोहित के खिलाफ हरियाणा में करीब 14 मुकदमे और सुमित के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पुलिस को मिली है। दोनों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 2 लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं और साजिशों के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस की कठोर ...शेष पृष्ठ 10 पर



अंकित बालियान के हत्यारों को ढेर करने के बाद जांच-पड़ताल करते फोरेंसिक विभाग व पुलिसकर्मी (इनसेट) मुठभेड़ में ढेर बदमाश

### पूर्व नियोजित साजिश थी अंकित की हत्या



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार को कहा कि शामली में हरियाणवी गायक और यूट्यूबर अंकित बालियान की हत्या पूर्व नियोजित साजिश थी, जिसमें हमलावरों ने उसकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई, बाहर से हथियार मंगवाए और वारदात को अंजाम देने के बाद फरार होने की योजना बनाई। डीजीपी ने यहां पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि अब तक की जांच में 26 अगस्त को हुई बालियान की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### चलती बस में सामूहिक दुष्कर्म, चालक और परिचालक गिरफ्तार

नयी दिल्ली। इस महीने की शुरुआत में बारिश के बीच रात में ग्रेटर नोएडा से बस में सवार हुई 17 वर्षीय एक लड़की के साथ बस के चालक और परिचालक ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया और बाद में उसे 40 किलोमीटर से अधिक दूर राष्ट्रीय राजधानी के कश्मीरी गेट इलाके में छोड़ दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना चार अगस्त की रात की है, जब उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले की रहने वाली पीड़िता नोएडा में अपने रिश्तेदार से मिलने जा रही थी। इस वारदात ने 2012 के निर्भया सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या मामले की यादों को ताजा कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक, तीन अगस्त को लड़की की मां ने उसे डांटा था, जिससे नाराज होकर चार अगस्त को उसने अपना घर छोड़ दिया था। वह नोएडा सेक्टर 63 के लिए बस में चढ़ी, जहां उसका करीबी रिश्तेदार रहता है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि बारिश हो रही थी और वह गलती से रात नौ बजे के आसपास परी चौक पर उतर गई। वह 11वीं कक्षा की छात्रा है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि तेज़ बारिश हो रही ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कौशांबी : पटाखा फैक्टरी में धमाका, 11 की मौत

## 18 से अधिक घायल, एक घंटे तक रोका रेल यातायात

जिला संवाददाता

कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक पटाखा फैक्टरी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही फैक्टरी में रखे पटाखों में एक के बाद एक तेज धमाके होने लगे। धमाकों की आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। कुछ ही देर में फैक्ट्री से उठे धुएं के गुबार ने आसपास के इलाके को ढक लिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। धमाके में कई परिवारों के मकान धराशायी हो गए। 11 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब दर्जन भर लोगों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। इसमें तीन वेंटिलेटर पर हैं। मौके पर प्रयागराज के एडीजी, आईजी, डीआईजी, अपर पुलिस आयुक्त के अलावा कौशाम्बी के डीएम और एसपी पहुंच गए हैं। झुलसे लोगों को एसआरएन अस्पताल प्रयागराज भेजा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद पांच घायलों की प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना में 18 से अधिक ...शेष पृष्ठ 10 पर



### जेम खरीद में यूपी का नया रिकॉर्ड

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक खरीद व्यवस्था में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य ने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर वर्ष 2017 में इसकी स्थापना से अब तक 1 लाख करोड़ (1 ट्रिलियन) रुपये से अधिक की खरीद दर्ज कर नया रिकॉर्ड बनाया है। देश के सभी राज्यों द्वारा जेम के माध्यम से की गई कुल खरीद में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। यह उपलब्धि प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस, ट्रांसपेरेंसी, एफिशियंसी और इन्क्लूसिव पब्लिक प्रोक्योरमेंट को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार की नीतियों की प्रभावशीलता को दशार्ती है। उत्तर प्रदेश की इस उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकास को नयी दिशा दे सकते हैं युवा : धामी

## विद्यार्थियों ने भर्ती परीक्षाओं, नशे, रोजगार, पलायन व समान नागरिक संहिता पर पूछे सवाल

प्रमुख संवाददाता

चंपावत (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को विकास के नए आयामों तक ले जाने में प्रदेश की युवा शक्ति की भूमिका निर्णायक है। युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को उचित अवसर, बेहतर शिक्षा तथा रोजगार और स्वरोजगार के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तो वे न केवल अपने भविष्य को संवार सकते हैं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास को भी नई दिशा दे सकते हैं। बनबसा स्थित होटल शुमंगलम में आयोजित युवा संवाद एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों और युवाओं से सीधे संवाद किया। इस दौरान छात्रों ने मुख्यमंत्री से बेबाकी से विभिन्न मुद्दों पर सवाल किए। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, नकल विरोधी कानून, नशे की बढ़ती समस्या, समान नागरिक संहिता, युवा आयोग के गठन, रोजगार के अवसर तथा पहाड़ से पलायन जैसे विषय संवाद के केंद्र में रहे। मुख्यमंत्री ने युवाओं के सवालों का जवाब देते हुए सरकार की प्राथमिकताओं और किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री से ...शेष पृष्ठ 10 पर






आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- संघ की शताब्दी यात्रा में मातृशक्ति की अहम भूमिका : महाना (पृष्ठ-02)
- जीपीएस से होगी ढुलाई वाहनों की ट्रैकिंग (पृष्ठ-02)
- रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 95.17 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- बैंकों में अतिरिक्त नकदी पांच लाख करोड़ रुपये पर (पृष्ठ-10)
- केंद्र का राजकोषीय घाटा 26.8 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

शिविर में बने 10 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड, जरूरतमंदों तक पहुंचायी गयीं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं

# राजनाथ सिंह के सेवा-संकल्प को धरातल पर उतारना हमारा प्रयास : विराज सागर दास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। युवाओं की प्रेरणा और वृद्धजनों के सम्मान को समर्पित 40 दिवसीय जनसेवा शिविर अभियान का 41वें दिन सफलतापूर्वक समापन हुआ। बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष, जनसेवक एवं भाजपा युवा नेता विराज सागर दास के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान की शुरूआत 10 जुलाई को लखनऊ मध्य क्षेत्र के बर्लिंगटन चौराहा, नजरबाग से हुई थी। अभियान का समापन भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिवस पर हुआ। अभियान के दौरान लखनऊ के विभिन्न वार्डों और बस्तियों में दो से तीन दिवसीय जनसेवा शिविर आयोजित कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया गया। शिविरों में विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 हजार से अधिक निःशुल्क ...शेष पृष्ठ 10 पर

○ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिन से शुरू जनसेवा यात्रा का भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिन पर समापन



भाजपा युवा नेता विराज सागर दास ने कहा कि जनसेवा ही उनके सामाजिक और सार्वजनिक जीवन का मूल उद्देश्य है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के सेवा व समर्पण के संकल्प को धरातल पर उतारने का विनम्र प्रयास रहा। उन्होंने कहा कि अभिवावक समान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जन्मदिवस से शुरू होकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह के जन्मदिवस पर इस सेवा यात्रा का पूर्ण होना हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है।

### अनाथ छात्र को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए दी छात्रवृत्ति

अभियान के दौरान सामाजिक उत्तरदायित्व की एक महत्वपूर्ण मिसाल भी पेश की गई। श्रीमद् दयानंद बाल सदन अनाथ आश्रम, मोती नगर, लखनऊ के एक प्रतिभावान छात्र को बीबीडी यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 41 दिनों तक चले इस सेवा अभियान के दौरान लखनऊ के 10 हजार से अधिक नागरिकों, ...शेष पृष्ठ 10 पर

### हापुड़ : गंगा एक्सप्रेसवे पर पलटी थार, चार की मौत

हापुड़ (उप्र)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में गंगा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार थार पलटने से चार युवकों की मौत हो गई और एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा रविवार रात 11 बजकर 56 मिनट पर उस समय हुआ जब दिल्ली में पंजीकृत इस एसयूवी में सवार बदायूं जिले के पांच लोग दिल्ली की ओर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे गिरने से पहले पांच से छह बार पलटा। उसने बताया इस हादसे में एसयूवी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस एवं डायल-112 के कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भाई ने बतायी बहन की तकलीफ तो सीएम ने कराया भर्ती

## मुख्यमंत्री आवास से तत्काल अस्पताल भेजी गईं पीड़िता, शुरू हुआ इलाज

- सीएम योगी ने कहा- धन की कमी के कारण नहीं रुकेगा किसी का इलाज
- सीएम योगी और बच्ची के बीच संवाद से खिलखिला उठे हॉल में मौजूद लोग

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानवीय रूप देख अन्य आगंतुक अपनी पीड़ा भूल गए। सीएम योगी का यह रूप देख किसी की भावनाएं आंसुओं के जरिए निकल पड़ीं तो किसी ने अपनी कुर्सी से ही हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के प्रति आभार जताया। दरअसल अयोध्या से आए एक भाई-बहन जनता दर्शन में पहुंचे। भाई ने मुख्यमंत्री से बताया कि उनकी बहन गंभीर रूप से बीमार हैं। वह बहन को लेकर लखनऊ आए हैं, उन्हें जल्द से जल्द इलाज की आवश्यकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने पीड़िता को तत्काल लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज भी शुरू हो गया है।

अयोध्या से आए श्याम सोनकर ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी बहन बबिता कुछ दिनों से अयोध्या में भर्ती थीं, डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया है। परिवार अत्यंत गरीब है, इसलिए इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने आवास से तत्काल पीड़िता को एंबुलेंस से डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान गोमती नगर भिजवाया। मुख्यमंत्री का निर्देश मिलने के बाद डॉक्टरों की देख-रेख में मरीज का इलाज प्रारंभ हो गया।

मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिजनों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। बहन बबिता के एडमिट होते ही उनके भाई श्याम ने चैन की सांस ली। डॉक्टरों को उन्होंने पूरी बीमारी आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इलाज की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही श्याम की आंखों में आंसू आ गए।

उन्होंने फोन करके मुख्यमंत्री आवास को इसकी जानकारी भी दी और धन्यवाद भी ज्ञापित किया। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करकर शासन में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि धन की कमी के कारण किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

जनता दर्शन में एक मासूम अपनी मां के साथ आई थी। सीएम ने उनकी मां की समस्या सुनी, फिर बच्ची से मुखातिब हुए और दुलारा-पुचकारा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने चॉकलेट मंगाई और उसके सामने रैपर खोलना शुरू कर दिया। सीएम के हाथ में चॉकलेट देखकर बच्ची खिलखिला उठी। बाबा और बच्ची के संवाद को देख अपना दर्द भूल सभी पीड़ित व अनय लोग मुस्कुरा उठे। सभी ने बच्चों के प्रति मुख्यमंत्री योगी के वात्सल्य की खूब प्रशंसा की।

# संघ की शताब्दी यात्रा में मातृशक्ति की भूमिका अहम : महाना

- परिचर्चा में शतायु संघ व महिला सहभागिता पुस्तक में नारी शक्ति के योगदान को सामने लाने का प्रयास

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शतायु संघ और महिला सहभागिता पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, कथाकार एवं लेखिका डॉ. शोभा विजेंद्र सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। संघ के कार्य में मातृशक्ति की भूमिका को किसी भी दृष्टि से कम करके नहीं आंका जा सकता। उन्होंने कहा कि संघ में बहन की भूमिका स्नेह, वात्सल्य, श्रद्धा और समर्पण से जुड़ी है। जहां श्रद्धा होती है, वहीं आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि संघ की विचारधारा में महिलाओं के सम्मान और उनकी सहभागिता को सदैव विशेष स्थान मिला है।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके गांव में विद्यालय नहीं था और उनकी शिक्षा लड़कों के विद्यालय में हुई, जहां वह अकेली छात्रा थीं। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और स्टार्टअप के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रही हैं। समाज क्या कहेगा, इस चिंता में रहने के बजाय महिलाओं को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं ऋण लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का भी उल्लेख किया।

डॉ. शोभा विजेंद्र ने कहा कि यह पुस्तक संघ के दर्शन को एक सीमा तक प्रतिबिंबित करते हुए विशेष रूप से महिलाओं के सम्मान, सशक्तीकरण और स्वाभाविक सहभागिता को सामने लाती है। उन्होंने कहा कि पुस्तक देशभर की उन बहनों के संघर्ष, निष्ठा और अनदेखे योगदान को दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है, जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रही हैं। उनके अनुसार, महिला केवल दर्शक नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण की यात्रा की सक्रिय सहभागी है।

अपर्णा यादव ने भी मातृशक्ति की सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में पुस्तक के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श हुआ और उपस्थित वक्ताओं ने इसे महिलाओं की सक्रिय भूमिका, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण के अनुभवों को दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

# जीपीएस से होगी ढुलाई वाहनों की ट्रैकिंग

- क्रय केंद्रों से लेकर मिल गेट तक वाहनों पर गन्ना विभाग के कंट्रोल रूम की रहेगी नजर

**लखनऊ।** योगी सरकार गन्ना किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में गन्ना किसानों के हितों की रक्षा और चीनी उद्योग की कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से गन्ना विकास विभाग ने प्रभावी पहल की शुरुआत की है। इस व्यवस्था के लागू होने से गन्ना ढुलाई की प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी।

गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने बताया कि इस नई डिजिटल व्यवस्था के तहत गन्ना क्रय केंद्रों से लेकर चीनी मिल गेट तक गन्ने का परिवहन करने वाले सभी वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग की जायेगी। इसके लिए केंद्रीय कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा, जहाँ से अधिकारी गन्ने से लदे वाहनों की आवाजाही पर 24 घंटे नजर रखेंगे। इस रियल-टाइम निगरानी से वाहनों के रास्ते में अनावश्यक रुकावट, अनधिकृत ठहराव या किसी भी प्रकार की हेराफेरी पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। यह कदम चीनी उद्योग में गन्ना आपूर्ति में पारदर्शिता लाने की दिशा में बड़ा और क्रांतिकारी बदलाव माना जा रहा है। इस पूरी प्रणाली का प्रत्यक्ष लाभ गन्ना किसानों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि गन्ना आपूर्ति श्रृंखला को डिजिटल तकनीक से जोड़ते हुए विभाग ने वाहनों की लाइव ट्रैकिंग के लिए व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम पर विचार कर रहा है।

गन्ना आयुक्त ने बताया कि अक्सर खेत से गन्ने की कटाई के बाद मिल तक पहुँचने में काफी समय लग जाता था, जिससे धूप और हवा के कारण गन्ना सूखने लगता था। अब व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लागू होने से गन्ने की कटाई के बाद 24 घंटे के भीतर चीनी मिलों तक आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। समयबद्ध परिवहन से गन्ने की ताजगी और प्राकृतिक वजन बरकरार रहेगा, जिससे किसानों को वजन में होने वाली कटौती और वित्तीय नुकसान से पूरी सुरक्षा मिलेगी।

# योगी सरकार अपराधी की जाति नहीं, अपराध के अनुसार करती है कार्रवाई

- अंकित बालियान हत्याकांड पर अखिलेश के आरोपों का भाजपा और सहयोगी दलों के नेताओं ने दिया करारा जवाब

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शामली के अंकित बालियान हत्याकांड के आरोपियों के एनकाउंटर को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोपों पर भाजपा और सहयोगी नेताओं ने तीखा पलटवार किया है। प्रदेश सरकार के मंत्री से लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायकों ने अखिलेश यादव के बयान को गलत नैरेटिव करार देते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। योगी सरकार अपराधियों की जाति देखकर कार्रवाई नहीं करती बल्कि उसके द्वारा किए गए अपराध के अनुसार एक्शन लेती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि विपक्ष और खासकर अखिलेश यादव को अब किसी भी संस्था पर विश्वास नहीं रह गया है। उन्होंने कहाकि विपक्ष केवल आरोप लगाने की राजनीति कर रहा है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जाति की राजनीति कर रहे हैं।

**अपराधी चाहे किसी भी जाति या वर्ग का हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा :** मंत्री संजय निषाद ने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती, अपराधी सिर्फ अपराधी होता है। अपराधी चाहे किसी भी जाति या वर्ग का हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।



प्रदेश सरकार अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। किसी अपराधी की पहचान कर उसे पकड़ने, जांच करने और उसके खिलाफ पुख्ता साक्ष्य जुटाने में समय लगता है, लेकिन कुछ लोग इसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास करते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और पीड़ित को न्याय मिले।

**अखिलेश यादव के कार्यकाल में नहीं था कानून का राज :** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जिन अपराधियों को पहले राजनीतिक संरक्षण मिलता था, उनमें कई प्रदेश छोड़कर भाग गए, कई जेल में हैं और कई मुठभेड़ में मारे गए हैं।



यही कारण है कि अखिलेश यादव बौखलाहट में इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। अखिलेश के कार्यकाल में कानून का राज नहीं था। उस समय समाजवादी पार्टी के संरक्षण में गुंडे खुलेआम गुंडागर्दी करते थे। उन्होंने कहा कि आज वही पुलिस, वही एसएसपी और वही डीजीपी हैं, लेकिन व्यवस्था बदल गई है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित है।

**अपराधियों को दंड मिलने पर सवाल क्यों :** भाजपा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि अंकित बालियान की हत्या करने वाले अपराधियों को दंड देने के लिए पुलिस अपनी जान जोखिम में डालकर काम कर रही थी। ऐसे में पुलिस की आलोचना करना दुखद है। अंकित बालियान लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे और उनकी जघन्य हत्या की गई थी। अपराधी सीसीटीवी में भी कैद हुए थे। ऐसे अपराधियों को विधिक प्रक्रिया के तहत दंड मिला तो इसमें गलत क्या है। अगर कोई पुलिस के साथ छेड़छाड़ करेगा तो पुलिस उसका जवाब देगी।



**अखिलेश की सरकार ने आतंकवादियों के 14 मुकदमे वापस लेने की कोशिश की :** भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी बृजलाल ने अखिलेश यादव के आरोपों को फर्जी नैरेटिव बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव के सरकार में आतंकवादियों के 14 मुकदमे वापस लेने की कोशिश की गई थी, जिनमें रामपुर हमले से जुड़े दो पाकिस्तानी आरोपियों के मामले भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि एसटीएफ और एटीएस पर सवाल उठाने के बजाय उनके काम को देखा जाना चाहिए।



**पीड़ित परिवारों को मिला न्याय :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पूजा पाल ने कहा कि अखिलेश यादव शायद भूल जाते हैं कि उनकी और उनके पिता की सरकारों में प्रदेश में किस तरह की स्थिति थी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराध की घटनाएं होने पर भी अपराधियों को सजा मिल रही है और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जिस तरह कार्रवाई हो रही है, वह पिछली सरकारों में देखने को नहीं मिली।



**कानून व्यवस्था से समझौता नहीं :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव लगातार गलत नैरेटिव गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर रखा है कि कानून-व्यवस्था के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि माफिया और शूटरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। मुख्यमंत्री ने अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी और सरकार उसी दिशा में काम कर रही है।



**अपराधी की कोई जाति नहीं होती :** भाजपा विधायक राजेश चौधरी ने सपा पर जाति की राजनीति करने का आरोप लगाया। सपा सरकारों में जाति चिन्हित करके भर्ती, जमीन और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में भेदभाव के आरोप लगते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निष्पक्षता के साथ काम कर रही है। अपराधी की कोई जाति नहीं होती।

# 60 सेकंड की रील में सुनायें अपने शहर की कहानी

- यूपी के युवा बनेंगे सांस्कृतिक दूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन ने युवाओं को अपने-अपने शहरों की संस्कृति, विरासत और खासियतों का डिजिटल माध्यम से प्रतिनिधि बनाने की अनूठी पहल शुरू की है। विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश अभियान के तहत युवाओं से अपने शहर की अनकही कहानियों, स्थानीय संस्कृति, खान-पान, परंपराओं और अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों को अधिकतम 60 सेकंड की रील के जरिए दुनिया के सामने लाने का आह्वान किया गया है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान केवल प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक सीमित नहीं है। प्रदेश के हर जिले, शहर और गांव की अपनी अलग कहानी है। स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प, त्योहार, रीति-रिवाज और उनसे जुड़ी कहानियां प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाती हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के जरिए जेन-जी समेत अन्य युवाओं को अपने शहरों का सांस्कृतिक दूत बनाने की पहल की जा रही है। अभियान में प्रतिभागी को अधिकतम 60 सेकंड की रील तैयार करनी होगी। वीडियो में प्रतिभागी का स्वयं कैमरे के सामने होना और चेहरा स्पष्ट दिखाई देना जरूरी है। रील की पृष्ठभूमि में शहर का प्रमुख पर्यटन स्थल या उसकी पहचान से जुड़ा स्थान नजर आना चाहिए। कहानी किसी तय स्क्रिप्ट में नहीं, बल्कि प्रतिभागी अपने शब्दों और अंदाज में बताएंगे। रील हिंदी या अंग्रेजी में बनाई जा सकती है।

वीडियो के अंत में विजिट माय स्टेट उत्तर प्रदेश कहना अनिवार्य होगा। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के माध्यम से भेज सकते हैं। अपर मुख्य सचिव पर्यटन अमृत अभिजात ने कहा कि ऐसी छोटी-छोटी कहानियां मिलकर उत्तर प्रदेश की आस्था, विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य, खान-पान और हस्तशिल्प को देश-दुनिया तक पहुंचाने में मदद करेंगी। अभियान के जरिए लखनऊ की चिकनकारी और खान-पान से लेकर ब्रज, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई की स्थानीय परंपराओं और कम चर्चित पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत अभियान, भोजन से लेकर सुरक्षित ठिकाने तक इंतजाम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाढ़ की चुनौती के बीच योगी सरकार ने राहत एवं बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं और करीब 1.70 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार अब तक बाढ़ से किसी जनहानि और पशुहानि की सूचना नहीं है। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में अब तक 1,633 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए 525 नाव और मोटरबोट लगाई गई हैं। प्रशासन ने प्रभावित लोगों के लिए 254 बाढ़ शरणालय स्थापित किए हैं, जिनमें 46 वर्तमान में संचालित हैं। इन शरणालयों में 1,151 लोग रह रहे हैं। प्रभावित परिवारों तक भोजन पहुंचाने के लिए अब तक 3.02 लाख से अधिक लंच पैकेट और 55,572 खाद्यान्न पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। रविवार को भी 10,784 लंच पैकेट और 2,024 खाद्यान्न पैकेट वितरित किए गए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 200 मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 5,432 क्लोरीन टैबलेट और 5,441 ओआरएस पैकेट वितरित किए गए हैं। इससे दूषित पानी और संक्रमण से होने वाली बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल रही है। राहत अभियान में पशुधन को भी शामिल किया गया है। प्रभावित 20,556 पशुओं के लिए 425.89 क्विंटल भूसा वितरित किया जा चुका है। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 12 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें 11 मामलों में सहायता वितरित की जा चुकी है। 30 अगस्त तक अयोध्या, आजमगढ़, बलिया, बाराबंकी, बदायूं, चित्रकूट, फरुर्खाबाद, हमीरपुर, हरदोई, कासगंज, कन्नौज, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर और वाराणसी बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रशासन की टीमें इन जिलों में लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं।

# शहरी स्वच्छता को मिली रफ्तार, 9 लाख से अधिक घरेलू शौचालय बने

- 2017-18 तक नगरीय क्षेत्रों में 3.10 लाख शौचालय थे, संख्या बढ़कर 9 लाख के पार
- 10 हजार से अधिक सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल ब्लॉक्स का भी निर्माण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में शहरी स्वच्छता अभियान को नई गति मिली है। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के तहत व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण के साथ सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017-18 तक प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 3,09,924 व्यक्तिगत घरेलू शौचालय बने थे। अब यह संख्या बढ़कर 9,00,113 हो गई है।

इस तरह 2017-18 के बाद शहरी क्षेत्रों में करीब 5.90 लाख अतिरिक्त घरेलू शौचालयों का निर्माण हुआ है। इससे बड़ी संख्या में शहरी परिवारों को घर में ही सुरक्षित और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधा उपलब्ध हुई है। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के तहत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में 10 हजार से अधिक सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय तथा यूरिनल ब्लॉक्स का निर्माण कराया गया है। इनके माध्यम से 70 हजार से अधिक शौचालय सीटें तैयार की गई हैं। बाजारों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर इन सुविधाओं के विस्तार से नागरिकों को स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अगले चरण में भी यह अभियान जारी है। वर्ष 2024-25 से अब तक 2,623 सार्वजनिक शौचालय सीटों और 1,104 यूरिनल सीटों, यानी कुल 3,727 अतिरिक्त सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाओं का निर्माण किया गया है। नगर विकास विभाग के सचिव अनुज कुमार झा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल शौचालयों का निर्माण करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराना है। शहरी क्षेत्रों में घरेलू और सार्वजनिक स्वच्छता ढांचे का विस्तार इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# संगठित होकर रालोद को करें मजबूत : त्रिलोक त्यागी




**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष भगवती प्रसाद सूर्यवंशी ने की। बैठक में प्रदेशभर से आए प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विश्वनाथ प्रताप ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि रालोद को प्रदेश में मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पूरी ताकत से कार्य करना होगा। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने कहा कि रालोद के संगठन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा सामाजिक न्याय, समानता और गांव-किसान के हितों से जुड़ी रही है। इस विचारधारा को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए हम सभी को दिन-रात एकजुट होकर कार्य करना होगा।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने कहा कि संगठन का विस्तार और उसे जमीनी स्तर पर मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से रालोद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों से आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सूर्यवंशी ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जयंत चौधरी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रकोष्ठ को प्रदेश के प्रत्येक जिले में सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी कर्नल ब्रह्मपाल तोमर, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम कृष्ण पटेल, एससी/एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी, सामाजिक न्याय मंच की प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, एससीएसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीपी निगम, राजेंद्र कुमार चक, पारसनाथ यादव, महेंद्र कुमार विश्कर्मा, सतीश कुमार, रामबचन सिंह, जगपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, प्रेमचंद भारती, मोहन वेदी सहित प्रदेशभर से आये प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए 61 का चयन

- योगी सरकार शिक्षकों को देगी सम्मान
- 61 जनपदों के शिक्षकों को मिला सम्मान का अवसर, उत्कृष्ट कार्य और नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जो शिक्षक कक्षा कक्ष में प्रदेश के भविष्य को गढ़ रहे हैं, योगी सरकार उनके उत्कृष्ट कार्य को राज्य स्तर पर पहचान और सम्मान दे रही है। बेसिक शिक्षा विभाग ने राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए 61 शिक्षक-शिक्षिकाओं के नामों का चयन किया है। राज्य स्तरीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर चयनित शिक्षक प्रदेश के विभिन्न जनपदों के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों की सीख और विद्यालयी व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दे रहे हैं।

राज्य स्तरीय चयन समिति की बैठकों में विभिन्न जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार के बाद इन 61 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के नाम अनुमोदित किए गए हैं। शासन द्वारा जारी सूची में प्रत्येक शिक्षक का नाम, पदनाम, विद्यालय और विकासखंड का विवरण दर्ज है। यह पहल विद्यालयों में बेहतर शिक्षण, नवाचार और विद्यार्थियों की सीख को केंद्र में रखकर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। चयनित शिक्षकों में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के शिक्षक शामिल हैं।

आगरा से संगीता शर्मा, अलीगढ़ से अमर सिंह, अम्बेडकर नगर से राम मिलन गुप्ता, अमरोहा से गीता वर्मा, अयोध्या से पंकज कुमार द्विवेदी, आजमगढ़ से प्रदीप कुमार सिंह, बहराइच से प्रीति मिश्रा, बलिया से अजीत कुमार श्रीवास्तव, बलरामपुर से सलमा खान और बाराबंकी से राहुल कुमार शुक्ल चयनित हुए हैं। इसी क्रम में भदोही से ऊर्मिला देवी, बिजनौर से रचना कपूर, बदायूं से किरन देवी, बुलंदशहर से जूली मलिक, चंदौली से उषा सिंह, चित्रकूट से हरीशंकर त्रिपाठी, एटा से ओमबीर सिंह, इटावा से वीरेंद्र सिंह, फरुर्खाबाद से गीता वर्मा और फतेहपुर से आनंद कुमार मिश्र शामिल हैं। गौतमबुद्ध नगर से अर्चना पांडेय, गाजियाबाद से ज्योत्सना गोस्वामी, गाजीपुर से संतोष कुशवाहा, गोंडा से सुनीत मित्र पाण्डेय, गोरखपुर से नवीन कुमार त्रिपाठी, हमीरपुर से नीतिराज सिंह, हापुड़ से शुचि त्यागी, हरदोई से विजया अवस्थी, हाथरस से पल्लवी चतुर्वेदी और जौनपुर से संजय कुमार मिश्र का चयन किया गया है।

झांसी से प्रीति श्रीवास्तव, कन्नौज से सुमन लता यादव, कानपुर देहात से विनीत कुमार मिश्र, कानपुर नगर से डॉ. कामायनी शर्मा, कासगंज से धनंजय प्रताप सिंह, कौशांबी से सुमन कुशवाहा, लखीमपुर खीरी से प्रमोद कुमार, ललितपुर से प्रीति गुप्ता, लखनऊ से विनीता और महाराजगंज से राजेश कुमार उपाध्याय को भी सूची में स्थान मिला है। इसी तरह महोबा से ओमप्रकाश तिवारी, मैनपुरी से सीमा कुमारी, मऊ से अनिल कुमार मौर्य, मेरठ से प्रतिभा रानी भारती, मिर्जापुर से दयानन्द मिश्र, मुरादाबाद से सुनीता रानी, पीलीभीत से सय्यदा, मुजफ्फरनगर से आरती शर्मा, प्रतापगढ़ से डॉ. देवेन्द्र सिंह, प्रयागराज से राम लखन मौर्य, रामपुर से वैलेन्टीना विक्टर, संभल से बृजकिशोर, शाहजहांपुर से अरुण कुमार गुप्ता, शामली से दिनकर चौहान, श्रावस्ती से अमिता टंडन, सिद्धार्थनगर से महेश कुमार, सीतापुर से अतुल शर्मा, सोनभद्र से मीरा सिंह, सुलतानपुर से सत्येंद्र कुमार सिंह, उन्नाव से प्रीति भारती और वाराणसी से नीलम राय चयनित हुए हैं।

**शिक्षक सम्मान से मजबूत होगी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति**
: योगी सरकार की शिक्षा नीति में शिक्षक के योगदान को सम्मान देने और उत्कृष्ट कार्य को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। शिक्षक हमारे बच्चों के भविष्य और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। योगी सरकार उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान देकर नवाचार को पहचान दे रही है, बल्कि प्रदेशभर के शिक्षक समुदाय को शिक्षा के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा भी दे रही है।
**संदीप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

# कांग्रेसियों ने निकाला विरोध मार्च



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की उत्तराखंड में जनसभा के मंच के शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न करके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एवं उत्तराखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा विरोध मार्च निकाला गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मार्च का नेतृत्व करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार दलित विरोधी सरकार है। पार्टी अध्यक्ष एवं दलित समाज से आने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे देश के वरिष्ठतम नेताओं में से एक हैं। हल्द्वानी में उनके जनसभा के बाद भाजपा के लोगों द्वारा मंच का शुद्धिकरण किया गया जो संविधान विरोधी और आपराधिक दण्डनीय कृत्य है। उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार द्वारा इस अपराध के विरूद्ध दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के बजाए कार्यवाही की मांग करने वाले राहुल गांधी के विरूद्ध फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी है जिसका पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

उन्होने मांग की कि तत्काल राहुल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाए। विरोध मार्च में सांसद तनुज पुनिया, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, शिव पाण्डेय, प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष उत्तरी अमित श्रीवास्तव त्यागी, शहर अध्यक्ष दक्षिणी डॉ. शहजाद आलम, एचएल दुसाध सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

संक्षेप

## विद्यालय में हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी की घटना को लेकर प्रधानाध्यापिका ने सोमवार को लालगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे जोधा की प्रधानाध्यापिका ममता पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अट्ठाइस अगस्त की रात अज्ञात चोर किचन का ताला काटकर अन्दर रखा गैस सिलेण्डर चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापिका के मुताबिक इससे पूर्व भी विद्यालय में कई बार चोरी की घटना हो चुकी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है, केस दर्ज कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

## वांछित आरोपिता को भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित आरोपिता को लालगंज पुलिस ने सोमवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। कोतवाली में तैनात दारोगा दीपिका सिंह सोमवार को पुलिस बल के साथ गस्त पर निकली थी। पुलिस फोर्स ने कोतवाली लालगंज के गंगाबक्स का पुरवा जेंवई निवासी दहेज हत्या की आरोपिता हसीना बानो पत्नी स्व. अब्दुल मजीद को बसंतगंज बाजार के समीप हिरासत में ले लिया। आरोपिता पर बहू हसीना बानो की मौत को लेकर दहेज हत्या का केस दर्ज है।

## पंप कर्मी ने कार सीधी करने को कहा तो तीन लोगों को रौंदा

गाजियाबाद। गाजियाबाद नगर कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर रविवार की देर शाम पेट्रोल भराने आई कार ने तीन पंपकर्मियों को टक्कर मार दी। मशीन और कार के बीच आए तीनों कर्मचारी घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल की तहरीर पर केस दर्ज कर नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक दीपू को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि घायल कर्मी के मुताबिक रविवार की रात करीब 12 बजे जीटी रोड स्थित चौधरी पेट्रोल पंप पर वह ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान कार सवार कुछ युवकों ने विपरीत दिशा में मशीन के सामने कार लगा दी। जिन्हें कार घुमाकर सही से लगाने को कहा गया। आरोप है कि कार घुमाकर लाने के दौरान चालक ने कार लापरवाही और तेज गति से चलाते हुए तीन कर्मचारियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी एक कर्मचारी को रौंदते हुए फरार हो गए। एसीपी ने बताया कि घायल की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी दीपू पुत्र प्रेमचंद निवासी सूर्या एन्क्लेव थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो की मौत, सात घायल

प्रयागराज। जिले के यमुना नगर में नैनी थाना अंतर्गत अरैल क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर कई मोटरसाइकिलों और एक दुकानदार को टक्कर मार दी जिसमें दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। डीसीपी विवेक यादव ने बताया कि रविवार रात अरैल क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर कई मोटरसाइकिलों और एक दुकानदार को टक्कर मार दी जिससे कार सवार दो लोग समेत नौ लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान भुट्टा बेचने वाले विजय भारतीया (35) और आयुष निषाद (14) की मृत्यु हो गई। शेष घायल सात लोगों का इलाज चल रहा है।

# डीएम ने विद्यार्थियों से किया संवाद

## अभ्युदय कोचिंग सेंटर और जिला पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), भिनगा में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत संचालित अभ्युदय कोचिंग सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, अध्ययन सामग्री और विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से सीधे बातचीत की और उनकी पढ़ाई तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में भी पूछा।

जिलाधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को बेहतर अध्ययन के लिए सुझाव देते हुए कहा कि वे प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ें और करेंट अफेयर्स पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि पढ़ने के साथ-साथ नियमित रूप से निबंध लेखन भी करें, जिससे पढ़ी हुई बातें लंबे समय तक याद रहें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवश्यक अध्ययन सामग्री और बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही छात्रों की शंकाओं का भी नियमित समाधान करने के निर्देश भी दिए, ताकि उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बेहतर ढंग से हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ उठाते हुए लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से तैयारी करने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी कोर्स को-ऑर्डिनेटर अरविंद कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर फिरोज जहां, संबंधित अधिकारी, शिक्षक एवं अभ्युदय कोचिंग सेंटर के विद्यार्थी मौजूद रहे।

इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के निकट स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। इस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को प्रतिदिन नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की और उनसे मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि पुस्तकालय का समय से नियमित संचालन किया जाए तथा वहां उपलब्ध सभी पुस्तकों को सूचीबद्ध किया जाए, ताकि अध्ययन के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## फसल अवशेष खेत में जलाएं नहीं पलट कर खाद बनाएं: राम आधार यादव

गोला, गोरखपुर। बढ़ती जनसंख्या घटते खेती के क्षेत्रफल किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो देश के हर नागरिक को पोषण युक्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो देश खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो इसके लिए आवश्यक है कि किसान भाई वैज्ञानिक तकनीकी सरकार की योजनाओं आधुनिक कृषि यंत्रों उन्नतशील बीज संतुलित उर्वरक का उपयोग कर खेती करें फसल अवशेष खेत में जलाएं नहीं पलट कर वैज्ञानिक तकनीकी उपयोग कर खाद बनाएं। उक्त जानकारी फसल अवशेष प्रबंधन योजनांतर्गत कृषक गोष्ठी जो न्याय पंचायत नीबी दुबे के ग्राम मुकुंदवार में आयोजित की गई में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार यादव ने दी। प्रभारी बीज भंडार राज नरायन यादव ने सरकार की योजना बीज एवं अन्य कृषि निवेश की व्यवस्था प्राप्त करने की तकनीकी फार्मर रजिस्ट्री प्राकृतिक खेती फसल बीमा बीज शोधन आदि पर विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता सतीश राय संचालन राज नरायन यादव व धन्यवाद ज्ञापन अवधेश दुबे ने किया। गोष्ठी में राघव दुबे भगवती दुबे राम आशीष सुशीला गीता देवी जगई सिद्दू श्याम लाल गिरधारी राम नवल चंद्र देव राम नवल सिंह सहित अधिक संख्या में किसान गण एवं जनप्रतिनिधि और महिला कृषक मौजूद रही।

## रक्षाबंधन पर छात्राओं ने एसपी राहुल भाटी को बांधी राखी



श्रावस्ती। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भिनगा की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी को अपने हाथों से तैयार की गई हस्तनिर्मित राखियां बांधीं और उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने राखी बांधकर पुलिस और समाज के बीच सुरक्षा, विश्वास और आत्मीयता के रिश्ते को मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने छात्राओं के स्नेह के लिए उनका आभार जताया, उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस आत्मीय कार्यक्रम ने खाकी और समाज के बीच विश्वास और स्नेह के मजबूत रिश्ते को एक बार फिर प्रदर्शित किया।

## पॉक्सो व दुष्कर्म मामले में दोषी को 20 साल की सजा

श्रावस्ती। थाना मल्हीपुर क्षेत्र के पॉक्सो एवं दुष्कर्म से जुड़े मामले में न्यायालय ने अभियुक्त कन्हैयालाल को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह मामला स्टेट बनाम कन्हैयालाल, सत्र परीक्षण संख्या-22/2023 एवं अपराध संख्या-545/2022 से संबंधित है। माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, श्रावस्ती श्री सौरभ सक्सेना ने अभियुक्त को धारा 376 भारतीय दंड संहिता तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दोषी पाया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर में धारा 376, 452, 504 एवं 506 भारतीय दंड संहिता तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। मामले में डीएनए रिपोर्ट भी अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों से मेल खाई, जिससे अभियोजन का पक्ष मजबूत हुआ। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त कन्हैयालाल को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 20,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## महिला सिपाही की मौत के मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित

बस्ती। जिले के लालगंज थाने में तैनात 28 वर्षीय महिला सिपाही की मौत के मामले में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। महिला सिपाही के पति एवं कांस्टेबल नागेंद्र वर्मा के मुताबिक, 22 अगस्त को केसरी वर्मा छुट्टी के बाद अपने घर प्रतापगढ़ से ड्यूटी पर लौट रही थीं कि रास्ते में भाई के साथ स्टेशन जाते समय उनकी स्कूटी अचानक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे उनके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लग गई। वर्मा ने आरोप लगाया कि केसरी उपचार के लिए छुट्टी लेना चाहती थी और उन्होंने अपनी छुट्टी की अर्जी कांस्टेबल अब्बास अली व दीपक मिश्रा को सौंपी थी लेकिन उन्होंने अवकाश पत्र वरिष्ठ अधिकारी के पास नहीं भेजा। उन्होंने आरोप लगाया कि छुट्टी की अर्जी आगे नहीं भेजे जाने के कारण उनकी पत्नी इलाज के लिए छुट्टी नहीं ले सकीं और बाद में उनकी मौत हो गई। नागेंद्र वर्मा के आरोपों की जांच हर्रैया के पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की जा रही है।

# सीडीओ ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## राष्ट्रीय खेल दिवस प्रतियोगिताओं का समापन



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निदेर्शानुसार स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर 14 वर्षीय बालक फुटबॉल प्रतियोगिता एवं जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स बालक-बालिका प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सानिया बानो ने प्रथम, शालिनी वर्मा ने द्वितीय तथा खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में सानिया बानो प्रथम, फातिमा द्वितीय और खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में नैना द्विवेदी ने प्रथम, मोहिनी यादव ने द्वितीय तथा फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में नैना द्विवेदी प्रथम, मोहिनी यादव द्वितीय और कोमल तृतीय स्थान पर रहीं। बालिका वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में सानिया बानो ने प्रथम, बीना तिवारी ने द्वितीय तथा सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मयंक गुप्ता प्रथम, अरविंद गोस्वामी द्वितीय तथा अजीम तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में किशनलाल ने प्रथम, पुष्कर ने द्वितीय और साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में किशनलाल प्रथम, बॉबी राणा द्वितीय तथा अजीम तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में बॉबी राणा ने प्रथम, शुभम वर्मा ने द्वितीय तथा हर्षित राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में मयंक गुप्ता प्रथम, शिवम मौर्य द्वितीय तथा अब्दुल कादिर तृतीय स्थान पर रहे।

जूनियर बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय गोठवा की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इस दौरान आशुतोष त्रिपाठी एवं आदित्य शर्मा को पदक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों को शिक्षा के साथ जोड़कर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ खिलाड़ियों में अनुशासन, मेहनत और लगन की भावना विकसित करते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सच्ची मेहनत और दृढ़ संकल्प से निश्चित रूप से सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हो गया।

## जलभराव से नाराज ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



प्रतापगढ़। जल भराव की समस्या से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। सांगीपुर विकास खण्ड राहाटीकर गॉव में बारिश के चलते हुये जल भराव से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जल भराव के चलते गॉव से निकलने का मार्ग अवरूद्ध हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक जल भराव से कई घरों के प्रभावित होने की संभावना है। प्रदर्शन कारी ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने समस्या के निदान को लेकर कार्रवाही नही की। ग्राम प्रशासक के रवैए से ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। ग्रामीणों के सड़क पर विरोध प्रदर्शन की सूचना पर खण्ड विकास अधिकारी, राजेन्द्र नाथ पाण्डेय क्षेत्रीय लेखपाल व स्थानीय पुलिस के साथ पहुँचे और ग्रामीणों को समस्या का निदान करायें जाने का भरोसा दिलाकर आक्रोश शांत कराया। विरोध प्रदर्शन में सत्यम सिंह, शनि सिंह, वीरेन्द्र गौतम, शेष सिंह, भीम कोरी, भोला तिवारी आदि शामिल रहें।

## अजगरा महोत्सव को लेकर सीडीओ ने तैयारियां का लिया जायजा



प्रतापगढ़। पौराणिक स्थली अजगरा में महोत्सव को लेकर हो रही तैयारियों का सोमवार को जिले के सीडीओ ने औचक जायजा लिया। सीडीओ राम मोहन मीणा ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर प्राचीन सरोवर की साफ सफाई तथा सडक मरम्मतीकरण, पेजयल व सांस्कृतिक मंच आदि के दुरूस्त कराए जाने के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होने यहां हुई तैयारी बैठक में लालगंज एसडीएम वाचस्पति सिंह को सभी तैयारियों को समय से पूरा कराए जाने के निर्देश दिए। इस बीच मेला स्थल के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय डिहवा के प्रधानाध्यपक को सीडीओ ने वहां तलब किया। प्रधानाध्यापक को जींस में देखकर सीडीओ नाराज हो उठे। उन्होने प्रधानाध्यपक को फटकार लगाते हुए भविश्य में शिक्षक वेष में विद्यालय में रहने की हिदायत दी। इस मौके पर परियोजना निदेशक दयाराम, निर्झर प्रतापगढ़ी आदि मौजूद रहे।

# राहुल पर एफआईआर कानून के दुरुपयोग की पराकाष्ठा : प्रमोद तिवारी

## मोदी सरकार पर संविधान एवं कानून से बेपरवाह तानाशाही को लेकर किया तगड़ी घेराबंदी



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को कानून के दुरूपयोग की पराकाश्ठा कहा है। उन्होने इस कार्रवाही पर भाजपा को आड़े हांथों लेते हुए कहा कि उत्तराखंड में भाजपा की सत्तारूह राज्य सरकार के इषारे पर देष के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर से भाजपा का संविधान और कानून से परे जाकर तानाषाही का एक और विकृत चेहरा उजागर हुआ है।

सोमवार को रामपुर खास के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज स्थित कैंप कार्यालय पर हुई पत्रकार वार्ता में राहुल पर एफआईआर को लेकर भाजपा को सवालों के घेरे में खड़ा किया। उन्होने कहा कि हल्द्वानी के रामलीला मैदान में राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के राश्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की रैली के बाद वहां छुआछूत के नाम पर षुद्धीकरण किया जाना देष में समरसता के माहौल को बिगाड़ने का घृणित प्रयास था। उन्होने कहा कि राहुल गांधी ने देष के दलित नेता की पद प्रतिश्ठा पर आघात पहुंचाने की षुद्धीकरण की कार्रवाही पर खुद सरकार और प्रषासन से दोशियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की आवाज उठाई। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आष्चर्य यह है कि भाजपा की राज्यसरकार के इषारे पर राहुल गांधी के द्वारा कार्रवाही की मांग को नजरअंदाज कर प्रषासन ने शडयंत्र पूर्वक उल्टे राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया। उन्होने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार मंहगाई को लेकर मुंह चुरा रही है। सीएनजी गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी के साथ प्याज तथा टमाटर व चीनी के दामों में उछाल को लेकर मोदी सरकार पूंजीपतियों के दबाव में खामोष है। उन्होने कहा कि राममंदिर चंदा चढ़ावा चोरी तथा छात्रों पर पैलेट गन का इस्तेमाल करने वाली बीजेपी इन मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिए ऐसे असंवैधानिक हथकंडे अपनाने से बाज नही आ रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रेस वार्ता के दौरान यूपी में भारी बारिष के चलते षहरी तथा ग्रामीण अंचलों में जलभराव की समस्या को अत्यन्त गम्भीर कहा। उन्होने कहा कि प्रदेष सरकार तथा प्रषासन को जलभराव की समस्या के निदान के लिए सर्वोच्च स्तर पर षीर्श प्राथमिकता के साथ राहत भरे कदम उठाने चाहिए।

# कार की टक्कर से घायल शिक्षामित्र की भी इलाज के दौरान मौत



प्रतापगढ़। नेषनल हाईवे पर रविवार को हुई कार की टक्कर से ई-रिक्शा सवार घायल शिक्षामित्र की भी इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गयी। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक रमाकान्त मिश्र की मौके पर ही मौत हो गयी थी। वहीं दुर्घटना में ई-रिक्शा पर बैठा मासूम आठ साल के बालक की भी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार की देर रात मौत हो गई थी। महिला की मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। घायल शिक्षामित्र रीना देवी पत्नी भरत लाल सरोज को गम्भीर दशा में जिला अस्पताल से देर रात प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी भी सांसें थम गयीं। शव पीएम के बाद देर रात घर पहुंचने की संभावना है। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई पेट्रोल पम्प के पास बीते रविवार की शाम करीब चार बजे तेज रफ्तार से आ रही कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक अझारा निवासी रमाकान्त मिश्र की मौत के साथ ही इस पर बैठे नयापुरवा गॉव निवासिनी चालीस वर्षीय संगीता देवी पत्नी उमेश प्रजापति व उसका आठ वर्षीय पुत्र आत्दिय प्रजापति एवं डभियार निवासी सैतीस वर्षीय रानी देवी पत्नी भरतलाल सरोज घायल हो गये थे। इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लालगंज लाये जाने पर चिकित्साकों ने ई-रिक्शा चालक रमाकांत मिश्र को मृत घोषित कर दिया था। वहीं जिला अस्पातल में इलाज के दौरान आठ वर्षीय आदित्य प्रजापति की भी मौत हो गई थी। मृतका रानी देवी शिक्षामित्र थी।

## नायब तहसीलदार ने किया गांव का निरीक्षण

गोला, गोरखपुर। गोला तहसील के ग्राम पंचायत मदरहा के ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी गोला मनीष कुमार को प्रार्थना पत्र दे कर गाँव मे नाली निर्माण कराने की गुहार लगाई थी। जिस पर उपजिलाधिकारी गोला ने नायब तहसीलदार जय प्रकाश और इंस्पेक्टर बड़हलगंज अतुल श्रीवास्तव को मौके पर जा कर नाली के विवाद का निस्तारण करने के लिए भेजा। जिस पर आज नायब तहसीलदार जय प्रकाश के नेतृत्व में इंस्पेक्टर बड़हलगंज अतुल श्रीवास्तव,राजस्व निरीक्षक अरविन्द कुमार ग्राम पंचायत मदरहा के मिश्रपुरा टोला( गाँव ) में चल रहे नाली के विवाद को सुलझाने के लिए गाँव पहुँचे और मौके का निरीक्षण किया निरीक्षण में आंधी नाली बनी और आधी अधूरी पाई गई ।चुकी नाली का निर्माण आबादी में हो रहा था इसलिए दोनों पक्षों में आपसी सहमति नही बन पा रही थी इसलिए निस्तारण नही हो पाया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी.एण्ड डब्ल्यू. लखनऊ के द्वारा **ई–टेंडर संख्या 283-Mech-CW-ACWP-26-2** के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय **21.09.2026, 15:00 बजे** है जो उसी दिन **15:30 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगें। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडेरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 3 नम्बर्स ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लान्टस (एसीडब्लयूपीएस) विद प्रोविजन आफ इफ्यूलेन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (ईटीपी) एण्ड वाटर रिसाइकिलिंग प्लान्ट (डब्लयूआरपी) एण्ड मेन्टेनेन्स एण्ड आपरेशन फार टू इयर्स इन वारन्टी पीरियड फ्राम द डेट आफ कमिशनिंग एण्ड आपरेशन एण्ड मेन्टेनेन्स आफ एसीडब्लयूपीएस फार थ्री इयर्स विद ईटीपी आफ्टर वारन्टी पीरियड ऐट लखनऊ, वाराणसी एण्ड अयोध्या कैन्ट डिपो आफ लखनऊ/एनआर डिवीजन। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविद बंद होने की दिनांक एवं समय | 21.09.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 01.09.2026 |
| प्री बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नाट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु.) | 8,16,69,872.60 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी. एण्ड डब्ल्यू. |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार ईच शिडयूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु.) | 16,33,400.00 | आफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा मूल्य (रु.) | निःशुल्क | कार्य की अवधि | (180 days + 60 Months) As per delivery schedule chart, 180 days from date of award to prove out test + 60 Months for maintenance and operation. |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 07.09.2026 | | |

सं.: 283-Mech-CW-ACWP-26-2 दिनांक: 31.08.2026 2996/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विज्ञापन संबंधी समस्याओं पर भारतीय प्रेस परिषद की उपसमिति ने प्रकाशकों से किया संवाद

- समाचार पत्रों के विज्ञापन मामलों पर प्रेस परिषद की उपसमिति ने सुनी प्रकाशकों की समस्याएं
- उठाए विज्ञापन से जुड़े मुद्दे, प्रेस परिषद की उपसमिति ने दिया समाधान का भरोसा
- समाचार पत्रों के विज्ञापन मामलों पर मंथन, प्रकाशकों ने रखीं समस्याएं और सुझाव



गोरखपुर। भारतीय प्रेस परिषद की उपसमिति विज्ञापन के सदस्यगण गुरिंदर सिंह, सुधीर पाड्या द्वारा आज एनेक्सी भवन सभागार में समाचार पत्रों के प्रकाशकों एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाचार पत्रों से संबंधित विज्ञापन मामलों, विज्ञापन प्राप्त करने में आ रही समस्याओं तथा प्रकाशकों द्वारा उठाए गए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपसमिति के सदस्यों ने समाचार पत्र प्रकाशकों से विज्ञापन संबंधी व्यवस्थाओं एवं प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। प्रकाशकों द्वारा विज्ञापन से संबंधित विभिन्न मुद्दे समिति के समक्ष रखे गए। बैठक में समाचार पत्रों के प्रकाशन से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपसमिति के सदस्यों ने प्रकाशकों से निर्धारित नियमों एवं मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को नियमानुसार संबंधित विषयों को उच्च स्तर पर रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाचार पत्रों के प्रकाशक, संपादक एवं प्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने जाना संघर्ष और गौरवशाली इतिहास

चौरीचौरा, गोरखपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय विशुनपुरा में सोमवार को विमुक्त जाति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर उनके संघर्ष और देश के प्रति योगदान को याद किया। इस दौरानविद्यार्थियों को विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु जातियों केइतिहास, संघर्ष और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, शिक्षकों के सहित विद्यालय केशिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि ब्रिटिश शासन के दौरान वर्ष 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया गया था। इसके तहत कई जातियों को जन्मजात अपराधी घोषित कर दिया गया था। इन समुदायों ने देश और समाज की रक्षा के लिएमुगलों तथा अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया था। शिक्षकों ने बताया कि देश की आजादी के बाद भी यह दमनकारी कानून वर्ष 1952 तक लागू रहा। 31 अगस्त 1952 को विमुक्त जातियों को इसअधिनियम से मुक्ति मिली। विद्यार्थियों को बताया गया कि विमुक्त जाति दिवस मनाने का उद्देश्य इन समुदायों के ऐतिहासिक संघर्ष और योगदान को स्मरण करना तथा उनके अधिकारों के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करना है ।कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्रधानाचार्य का नाम डॉ ईश्वर चन्द्र जायसवाल ने कहा कि विमुक्त जाति दिवस हमें उनसमुदायों के संघर्ष और योगदान को याद करने का अवसर देता है। इसका उद्देश्य विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु जातियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनके अधिकारों की जानकारी देना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा सेजोड़ने के प्रयासों को गति देना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सामाजिक समरसता, समानता और सभी वर्गों के सम्मान का संदेश दिया। अपने संबोधन में समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु समुदायों का इतिहास संघर्ष, साहस औरराष्ट्रसेवा से जुड़ा है। विमुक्त जाति दिवस के माध्यम से उनके गौरवशाली योगदान को याद करने के साथ समाज में उनकेअधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हफीजाबाद बरुआघाट रोड पर कुरौली गाँव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुरौली गाँव निवासी लगभग पैंतीस वर्षीय अरविन्द कुमार उर्फ मुन्नू बाइक से बरुआघाट की तरफ से अपने घर जा रहा था तभी गाँव के निकट गोड़ीयन खेड़ा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई जिससे अरविन्द की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन घटनास्थल पर पहुँचे और पुलिस को सूचना दी। मृतक अरविन्द बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था। रक्षाबंधन पर घर आया था और किसी काम से बरुआघाट की तरफ गया था। मृतक के दो पुत्र लगभग आठ वर्षीय शोभित और छह वर्षीय सार्थक हैं। अरविन्द की मौत से पत्नी रेखा और दोनों बच्चों समेत परिजन रो रो कर बेहाल होते रहे।

## बारिश के दौरान कच्चे घर की छत ढही

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बरदहा में रविवार रात करीब 11 बजे बारिश के दौरान कच्चे मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में मलबे में दबकर 42 वर्षीय केशकली पत्नी जयप्रकाश की मौत हो गई जबकि उनके पति जयप्रकाश (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज कानपुर के हैलट अस्पताल में चल रहा है। हादसे में एक वर्ष की पड़िया की भी दबकर मौत हो गई। छत गिरने से मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी बीघापुर आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव, क्षेत्रीय लेखपाल अनुराग श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी आनंद कुमार नायक ने बताया कि घटना में एक महिला की मृत्यु हुई है, जबकि उसका पति घायल है और उसका उपचार कानपुर के हैलट अस्पताल में चल रहा है। राजस्व टीम को घटना से हुए नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।


### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश आदो शर्मा पुत्र बसन्त कुमार नि-हैदराबाद, थाना-हैदराबाद, तहसील गोला जिला खीरी अंकित हो गया है। जबकि उसके अन्य अभिलेखों जैसे परिवार रजिस्टर व अंकपत्र में उसका सही नाम त्रितुराज पुत्र बंसत कुमार अंकित है। आधार कार्ड में भी उसका सही नाम त्रितुराज व पता-मो. गोपाल नगर कॉलोनी निकट नया बाईपास भुमौरिया रोड गोला व परगना हैदराबाद, तहसील गोला खीरी ही अंकित किया जाये। बसन्त कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी-मो. गोपाल नगर कॉलोनी निकट नया बाईपास भुमौरिया रोड गोला व परगना हैदराबाद, तहसील गोला खीरी।

### न्यायालय सूचना

**नोटिस निस्वत दिखाने वजह के (आम तौर पर)**
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज/एफ.टी.सी. आगरा**
**आपराधिक निगरानी सं. 312/2026**

**श्रीमती यश्मी यादव पत्नी डॉ. ब्रजेश स्वरूप निवासी-12 डब्ल्यू-1, एच आर. स्टेट बोदला बिचपुरी रोड, राधारानी अपार्टमेंट के पीछे, कलवारी, पोस्ट ऑफिस शाहगंज, थाना जगदीशपुरा आगरा**
...........निगरानीकर्ता
बनाम
1. उ.प्र. राज्य
2. मैसर्स गरवित इन्नोवेटिव प्रमोटर्स लि. प्लॉट नं. 1 विलेज चित्ती, गौतमबुद्ध नगर 203202 प्रबन्धक संजय भाटी निवासी-H8J6+GVG मैट्रो स्टेशन रोड, विलेज नया बांस, सेक्टर 15, थाना सेक्टर-20, नोएडा जी.बी. नगर
...........विपक्षीगण

हरगाह निगरानीकर्ता ने विपक्षी सं. 2 के नाम एक आपराधिक निगरानी सं.312/2026 दायर की है लिहाजा आपको हुकुम दिया जाता है कि जो आप व तारीख 16/09/2026 वक्त 10.00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो हालात मुकदमा से वाकई किया गया हो और कुल मुकदमा का जवाब दे सके या उसके साथ में कोई और सख्श हो जो कि ऐसे सवालों की जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि जुमला दस्तावेज का आप इसी रोज पेश करे जिन पर जवाब देही के इस्तदलाल पेश करना चाहतो हो- आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर व रोज मजकूरा में हाजिर न हो तो आपकी गैर हाजिरी में और फैसिल होगी।

व सिब्त मेरे और मुहर अदालत में आज व तारीख 26 माह 08 सन 2026 ई. जारी किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश


# एमपीओ से हो रहा रोजाना डेढ़ लाख लीटर दुग्ध संग्रहण

- सीएम योगी के विजन से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हुआ है एमपीओ का गठन
- 1200 गांवों की 73 हजार महिलाएं जुड़ चुकी हैं श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ से
- तीन साल में 300 करोड़ रुपये का दुग्ध मूल्य भुगतान मिल चुका है सदस्य महिलाओं को



घनश्याम कुमार

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आत्मनिर्भर नारी, सशक्त नारी' विजन को धरातल पर उतारते हुए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ), पूर्वी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कर रहा है। इस एमपीओ से जुड़ी महिलाओं के माध्यम से वर्तमान में प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दुग्ध का संग्रहण किया जा रहा है। पारदर्शी व्यवस्था और सीधे भुगतान की व्यवस्था से बीते तीन वर्षों में सदस्य महिलाओं को 300 करोड़ रुपये का दुग्ध मूल्य भुगतान उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किया जा चुका है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ का पंजीकरण 29 अगस्त 2022 को किया गया था। ग्रामीण महिलाओं को दुग्ध व्यवसाय के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त करने तथा गांवों में एक संगठित, टिकाऊ एवं आत्मनिर्भर डेयरी अर्थव्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय दुग्ध दिवस, 26 नवंबर 2023 से इस एमपीओ का परिचालन शुरू हुआ। इस एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी के अनुसार करीब तीन साल के परिचालन में ही एमपीओ से गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ और संतकबीरनगर जिले के 1200 गांवों की 73 हजार महिलाएं इसकी सदस्य बन चुकी हैं। वर्तमान में इस एमपीओ में प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दुग्ध संग्रहित हो रहा है। पारदर्शी व्यवस्था के साथ दुग्ध भुगतान प्रत्येक 10 दिन में सीधे सदस्य महिलाओं के बैंक खातों में किया जाता है। अब तक हुए दुग्ध संग्रह के एवज में करीब 300 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

एमपीओ के सीईओ का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित यह एमपीओ मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण, वित्तीय समावेशन और श्वेत क्रांति के समन्वय की एक मिसाल बनकर उभरा है। इसने न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया है, बल्कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति दी है।

### 10 करोड़ रुपये का पशु ऋण भी दिलाया

श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ द्वारा दुग्ध उत्पादकों की उत्पादकता एवं आय बढ़ाने के लिए पशुपालन से जुड़ी विभिन्न सेवाओं को एकीकृत रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। संस्था बैंकों के माध्यम से महिला दुग्ध उत्पादकों को पशु खरीद के लिए ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग कर रही है। अब तक लगभग 10 करोड़ रुपये के पशु ऋण का वितरण कराया जा चुका है।

इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण पशु पोषण, संतुलित आहार, वैज्ञानिक पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पशुओं के उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं को गांवों तक पहुंचाने के लिए मोबाइल वेटरिनरी वैन का संचालन किया जा रहा है। महिला दुग्ध उत्पादकों के ज्ञान एवं क्षमता विकास के लिए समय-समय पर वैज्ञानिक पशुपालन प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही दुग्ध उत्पादक परिवारों के बच्चों के लिए करियर डेवलपमेंट कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही महिला दुग्ध उत्पादक परिवारों की सुविधा, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा पशुपालन से प्राप्त गोबर के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से एमपीओ द्वारा अब तक 100 घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन बायोगैस संयंत्रों से पशुपालक परिवारों को घरेलू ईंधन की सुविधा मिलने के साथ-साथ गोबर के उपयोग से आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे महिलाओं के घरेलू कार्यों में सुविधा तथा परिवारों के ईंधन संबंधी खर्च में कमी लाने में भी सहायता मिल रही है।

### एनडीडीबी गुजरात में मिलेगा महिलाओं को वैज्ञानिक प्रशिक्षण

श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ ने सदस्य पशुपालक महिलाओं को पशुपालन और दुग्ध उत्पादन व्यवसाय का वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिलाने की भी पहल की है। इसके लिए एमपीओ की तरफ से पहले चरण में 50 महिलाओं को नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) आणंद गुजरात भेजा गया है।

## विवाद में अधेड़ की गोली मारकर हत्या, पिकअप पर भी बरसाईं गोलियां, आरोपी जंगल में फरार



इटावा। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला जलाल गांव में बीती रात को बिजली के ट्रांसफार्मर से केबल डालने को लेकर हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। विवाद के दौरान एक युवक ने 55 वर्षीय अधेड़ को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों पर भी फायरिंग की गई और घायल को अस्पताल ले जा रही पिकअप पर भी गोलियां चलाई गईं। घटना के बाद आरोपी खेतों के रास्ते जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। नगला जलाल निवासी चरण सिंह 55 पुत्र सुघर सिंह का गांव की ही सोनकली के घर के दरवाजे पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से केबल डालने को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया कि चरण सिंह के परिवार की पहले से इसी ट्रांसफार्मर से केबल पड़ी हुई थी। खराबी आने के बाद नई केबल डाली जा रही थी, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। रविवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि सोनकली ने फोन कर अपने नाती राजा को मौके पर बुला लिया। राजा बाइक से मौके पर पहुंचा और घर के अंदर से अवैध तमंचा निकाल लाया। इसके बाद उसने चरण सिंह पर फायर कर दिया। गोली चरण सिंह की जांघ में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने दूसरी गोली भी चलाई, जो चरण सिंह को नहीं लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर चरण सिंह के भाई कायम सिंह और भतीजा बंटू मौके पर पहुंचे। परिजन घायल चरण सिंह को पिकअप वाहन में डालकर अस्पताल ले जाने लगे। आरोप है कि आरोपी ने पिकअप पर भी तीन राउंड फायरिंग कर दी। लगातार फायरिंग से घबराए परिजन जान बचाने के लिए वहां से हट गए। मृतक के पुत्र आशीष ने बताया कि उनके पिता की पहले से ट्रांसफार्मर से केबल पड़ी हुई थी। खराबी आने के कारण नई केबल डाली जा रही थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और राजा ने उनके पिता को गोली मार दी। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि फिलहाल घटना के पीछे कोई पुरानी रंजिश सामने नहीं आई है। ट्रांसफार्मर से केबल डालने को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी राजा खेतों के रास्ते जंगल की ओर फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रक कार से टकराया, पिता-पुत्र समेत चार की मौत

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर लगा अवरोधक तोड़कर सड़क के दूसरी ओर पहुंच गया और सामने से आ रही कार से टकरा गया जिससे कार सवार पिता-पुत्र समेत चार लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) संतोष कुमार ने बताया कि यह हादसा रविवार देर रात जेवर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर सबौता इंटरचेंज के पास हुआ। उन्होंने बताया कि ट्रक दिल्ली से आगरा की ओर जा रहा था तभी चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रक अवरोधक तोड़कर एक्सप्रेसवे की दूसरी ओर पहुंच गया और आगरा से दिल्ली की ओर आ रही एक कार से टकरा गया टक्कर के बाद ट्रक कार को कुछ दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान एक मोटरसाइकिल और एक छोटा मालवाहक वाहन भी दुर्घटना की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चार लोग अंदर फंस गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और कटर की मदद से उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान महाराजगंज निवासी विकास गुप्ता, डी.एन. पांडेय और उनके पुत्र आयुष पांडेय तथा राजस्थान के धौलपुर निवासी कार चालक विजय सिंह के रूप में हुई है। हादसे के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया था।

# गोरखपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की 131वीं बैठक में लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

- बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के किराए में हुई भारी कटौती
- प्रेक्षागृह के बड़े हाल का किराया 4.13 लाख रुपये से घटकर 1.30 लाख और छोटे हाल का किराया 2.24 लाख से घटकर 47200 रुपये हुआ
- अनुरक्षण के लिए नगर निगम को हैंडओवर होगी जीडीए की कई आवासीय योजनाएं



गोरखपुर। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने रामगढ़ताल क्षेत्र में स्थित योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के किराए में भारी कटौती करने का निर्णय लिया है। अब प्रेक्षागृह के बड़े हाल का किराया 4.13 लाख रुपये की बजाय 1.30 लाख रुपये तथा छोटे हाल का किराया 2.24 की बजाय 47200 रुपये हो जाएगा।

प्रेक्षागृह के किराया संशोधन के प्रस्ताव को सोमवार को, मंडलायुक्त एवं जीडीए बोर्ड के अध्यक्ष इंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई जीडीए बोर्ड की 131वीं बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी गई। बोर्ड बैठक में प्रेक्षागृह के प्रथम तल पर स्थित दो छोटे हाल को भी किराये पर दिये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी। साथ ही कैंटीन स्पेस व लाइब्रेरी हाल को पीपीपी मॉडल पर दिए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में खोराबार आवासीय योजना में माइवान पद्धति पर ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या 8 पर निमार्णाधीन बहुमंजिली ईडब्लूएस, एलआईजी एवं भूखंड संख्या 7 पर निमार्णाधीन बहुमंजिला मिनी एमआईजी तथा एमआईजी भवनों के नामकरण प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। भूखंड संख्या 8 हेतु आवासीय भवनों का नामकरण "रूद्राक्ष एंक्लेव" एवं भूखंड संख्या 7 हेतु "मानसरोवर एंक्लेव" रखे जाने पर सहमति प्रदान की गई। इसी प्रकार जीडीए की कुश्मी एनक्लेव योजना का नाम परिवर्तित कर "नवनाथ एंक्लेव" करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया।

बोर्ड बैठक में जीडीए द्वारा विकसित गोरक्ष एंक्लेव, पत्रकारपुरम, पत्रकारपुरम विस्तार, राप्तीनगर विस्तार आवासीय योजना और पैडलेगंज से आरकेबीके तक ताल रिंग रोड एवं पैडलेगंज से नया सवेरा फेज-1 तक सड़क को अनुरक्षण हेतु नगर निगम गोरखपुर को हस्तांतरित किये जाने का प्रस्ताव भी अनुमोदित किया गया। रामगढ़ताल को साफ रखे जाने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत रामगढ़ताल एवं उसके आस-पास कराए जाने वाले विभिन्न सौंदर्याकरण एवं विकास कार्यों के प्रस्ताव को अवलोकित करते हुए निर्देश दिए गए कि जेट्टी पर स्थित फव्वारे का संचालन कराया जाय। साथ ही नया सवेरा फेज-1 के प्रवेश द्वार के पार्श्व में स्थित सड़क पर भी समान प्रवेश द्वार के एकरूपता के दृष्टिगत बनाये जाने पर विचार किया जाए। बैठक में, शासन द्वारा स्वीकृत गोरखपुर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) में सम्मिलित क्षेत्र के अतिरिक्त गोरखपुर विकास क्षेत्र के सीमा में सम्मिलित 3 नगर पंचायतों (पिपराइच, पीपीगंज एवं मुंडेरा बाजार) और 233 नए राजस्व ग्रामों को, मानचित्र स्वीकृति हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया को बोर्ड द्वारा अंगीकृत किया गया। इससे प्राधिकरण द्वारा विस्तार क्षेत्र में मानचित्र स्वीकृत किया जा सकेगा। जीडीए बोर्ड की बैठक में जीडीए के उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल, नगर आयुक्त अजय जैन, नामित बोर्ड सदस्य राधेश्याम श्रीवास्तव, पवन कुमार त्रिपाठी, दुर्गेश बजाज सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्नी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान



इकदिल, इटावा। पत्नी के मायके से ससुराल न लौटने से परेशान 33 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। कस्बा के मोहल्ला चमरेटी निवासी 33 वर्षीय राहुल पुत्र हरस्वरूप उर्फ घमंडी रविवार शाम को अपनी बहनों के घर से दोनों बहनों को लेकर वापस अपने घर आया था। देर शाम वह घर की दूसरी मंजिल पर गया और पत्नी से फोन पर बातचीत की। इसके बाद वह अनमना होकर नीचे अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और बैड पर कुर्सी रखकर के उसके ऊपर चढ़के पंखा के कुंडा में साड़ी का फंदा बांधकर उसमे लटक गया। कुछ देर बाद उसकी बड़ी बहन सुनीला छत से नीचे आई और राहुल के कमरे का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुलने पर उसने खिड़की से झांककर देखा तो राहुल फंदे पर लटका हुआ था। यह देखकर उसके होश उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दरवाजा खोला। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए। इसके बाद पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## उपजिलाधिकारी ने दो विद्यालय का किया औचक निरीक्षण मिली खामियां



पुरवा (वीओएल)। सोमवार को उप जिलाधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगतखेड़ा कम्पोजिट असोहा, उन्नाव का निरीक्षण किया गया जहाँ निरीक्षण दौरान में पाया गया कि उक्त विद्यालय में स0शि0-6 अनुदेशक-01 व सहचर 01 है। विद्यालय में कुल 236 छात्र हैं, जिसमें से 86 छात्र उपस्थित पाये गयें। विद्यालय की छतों पर पानी भरा हुआ पाया गया। विद्यालय में स्थित छात्रों के कक्ष में पानी भरा हुआ है व काफी सीलन है। विद्यालय में केवल बालिका शौचालय है। विद्यालय भवन जर्जर है। उक्त विद्यालय में एम0डी0एम0 खाना मेनू के अनुसार बना हुआ नहीं पाया गया तथा खाने की गुणवत्ता काफी खराब है। कुछ बिना स्कूल ड्रेस के विद्यालय में थें। विद्यालय में विद्युत व्यवस्था कम है। विद्यालय में बाउण्ड्री नहीं है। छात्रों के खेलने के लिए खेलकूद की सामग्री व खेल का मैदान नहीं है।

## डेढ़ माह से बीमार शेरनी राधिका का निधन



इटावा। इटावा सफारी पार्क में विगत डेढ़ माह से अधिक समय से उपचाराधीन शेरनी राधिका का सुबह 4.30 बजे मृत्यु हो गई। 8 जुलाई को बब्बर शेरनी राधिका की पूंछ को बब्बर शेरनी नीरजा द्वारा काट लिये जाने पर उसके उपचार हेतु प. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, मथुरा से विशेषज्ञ को बुलाया गया तथा सफारी के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्राप्त निर्देश एवं विशेषज्ञों से प्राप्त सलाह के क्रम में शेरनी राधिका की पूँछ को काट कर छोटी की गई थी ताकि उसमें कोई संक्रमण न हो। शेरनी राधिका द्वारा 9 जुलाई को ही खुद भी कई बार अपनी पूंछ काट ली गई थी और उपचार अवधि के दौरान 3 बार अपनी पूंछ पर बार-बार बैठने से टाँके भी तोड़ ली थी। यह जानकारी इटावा सफारी पार्क निदेशक डा. अनिल कुमार पटेल ने दी है। उन्होंने बताया कि शेरनी की सफारी प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही थी एवं विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार उपचार भी जारी था परन्तु 52 दिन के अथक प्रयास के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और प्रातः 4.30 बजे उसने अपनी अंतिम सांस ली। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस संबंध में सूचित करने के बाद उनसे प्राप्त निर्देश के क्रम में उक्त शेरनी का पोस्टमार्टम पशुचिकित्सकों के एक पैनल द्वारा कराया गया तथा प्रथम दृष्टया अत्यधिक कमजोर हो जाने के कारण मल्टी ऑर्गन फेलियर से उसकी मृत संभावित होने का रिपोर्ट पैनल द्वारा दिया गया।

## समाजसेवी का शव गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। राजेपुर गाँव निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह की लखनऊ में हुई मौत के बाद विधिक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद शव सोमवार सुबह जैसे ही गाँव पहुंचा तो एक बार फिर कोहराम मच गया। गाँव ही नहीं क्षेत्र के लोग उनके घर पहुंच कर संवेदना व्यक्त करते रहे। धीरेन्द्र प्रताप सिंह का सोमवार को नानामऊ घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। उनकी शव यात्रा में क्षेत्र के कई ग्राम के प्रशासकों में राजेपुर के ग्राम प्रशासक शंकर दयाल, शिवपुरी प्रशासक प्रतिनिधि संजय, बरुआ घाट के रामनिवास पाल क्षेत्रीय विधायक श्री कान्त कटियार, पूर्व विधायक बदलू खां, सपा नेता मुन्ना अल्वी, आदि समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। परिजनों ने कहा कि धीरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ हुई अप्रत्याशित घटना से सभी लोग हतप्रभ हैं। धीरेन्द्र के कोई सन्तान नहीं है जिससे पत्नी का रो रो कर हाल बेहाल रहा। धीरेन्द्र छोटे पर से ही उनमें प्रतिभा और नेतृत्व के गुण दिखाई देते थे। लगभग तीन दशक पहले गाँव छोड़कर पढ़ाई करने लखनऊ चले गए थे। जहां पढ़ाई के साथ राजनीति में सक्रिय हो गए। वर्तमान सरकार के कई दिग्गज नेताओं के संपर्कों के चलते क्षेत्र में प्रभाव बढ़ता गया। इसी के कारण क्षेत्र में सम्पर्क और सक्रियता बढ़ाना शुरू कर दिया था। महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से सामाजिक कार्यों को करते रहे। पिता कौशल किशोर सिंह उर्फ कल्लू सिंह ने बताया कि मौत के पीछे का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट समझ नहीं आ रहा है वह जाँच के निष्कर्ष के बाद ही पता चलेगा।

## पीएचसी में मरीजों की भारी भीड़, बदलते मौसम से बुखार, चर्मरोग के मामले बढ़े

हिलौली। कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में इन दिनों मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बदलते मौसम के कारण बुखार और चर्मरोग के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे सुबह से ही लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्वास्थ्य केंद्र में पर्चा बनवाने से लेकर दवा वितरण और डॉक्टरों से परामर्श तक के लिए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। 31 अगस्त 2026 को भी यही स्थिति देखने को मिली, जहां मरीजों की लंबी लाइनें लगी रहीं। चिकित्सक डॉ. प्रतीक ने बताया कि बारिश और सर्द मौसम के कारण स्वास्थ्य केंद्र में अधिकतर मरीज बुखार और चर्मरोग के आ रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रतिदिन औसतन 700 से 800 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। पीएचसी प्रभारी डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 400 नए पर्चे बनते हैं, जबकि पिछले दिनों के पर्चों पर भी 400 से अधिक मरीज आते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मानकों के अनुसार स्टाफ पूरा है, लेकिन मरीजों की अत्यधिक संख्या के मुकाबले यह कम पड़ जाता है।

# भाजपा की नव नियुक्त राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव का चौरीचौरा प्रथम पर भव्य स्वागत

चौरीचौरा, गोरखपुर। भाजपा की नव नियुक्त राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद संगीता यादव के चौरीचौरा प्रथम आगमन पर सोमवार को कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बताते चलें कि उनके प्रथम आगमन पर उनके स्वागत के लिए विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर कार्यकर्ता घंटों पहले से ढोल नगाड़ों के साथ इंतजार करते देखे गए। उनके पहुंचते ही करजहा मोतीराम, दुबियारी पुल, फुटहवा ईनार, भोपा बाजार, बघाड़, गौनर, सोनबरसा और नई बाजार आदि जगहों पर ढोल-नगाड़ों के साथ फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया। मोतीराम में वरिष्ठ समाजसेवी एसके शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने संगीता यादव का भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ नारेबाजी करते हुए उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। क्षेत्रीय विधायक ई. सरवन निषाद के नेतृत्व में तरकुलहा मंदिर परिसर में भी संगीता यादव का जोरदार स्वागत किया गया। और कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में ही यह संभव है कि एक छोटा सा कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और संगठन की ताकत के दम पर आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। संगीता यादव के प्रथम आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह रहा। जगह-जगह स्वागत के दौरान समर्थकों की भीड़ जुटी रही। कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी उत्साह जताया। पूरे कार्यक्रम के दौरान चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं की सक्रियता और एकजुटता देखने को मिली। इस दौरान दीपक जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाशगुप्ता, आलोक पटवा, अमित जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास में तीन भाइयों को सात-सात साल की सजा

बांदा। जिले की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कठोर कारावास और 21-21 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक महेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मकरी गांव निवासी शिवशरण और रामबरन के बीच जमीन को लेकर विवाद था। इस संबंध में मामला उच्च न्यायालय, प्रयागराज में भी विचाराधीन था। 18 मई 2003 की शाम करीब सात बजे शिवशरण मुकदमे की पैरवी के लिए प्रयागराज जाने हेतु खुरहंड स्टेशन से ट्रेन पकड़ने निकले थे।

# ज्ञानचंद्र जैन वैद्य इंटर कॉलेज का नाम पुनः बहाल करने की मांग, प्रबंधक पर गंभीर आरोप



इटावा। इकदिल स्थित ज्ञानचंद्र जैन वैद्य इंटर कॉलेज का नाम पुनः बहाल किए जाने तथा विद्यालय प्रबंधन से जुड़े कथित गबन, निर्माण कार्यों में अनियमितताओं और संस्था की संपत्तियों से संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर जैन समाज ने आवाज बुलंद की है। मामले को लेकर विद्यालय के संस्थापक एवं आजीवन सदस्य विमलेश जैन की ओर से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल को विस्तृत प्रार्थना पत्र सौंपकर पूरे प्रकरण की पुनः निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि इकदिल स्थित इस शिक्षण संस्था की स्थापना में जैन समाज के लालपुरा निवासी ज्ञानचंद्र जैन वैद्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्ष 1953 में ज्ञानचंद्र जैन वैद्य द्वारा पर्याप्त धनराशि के साथ एक कीमती पक्का मकान विद्यालय को दान में दिया गया था। इसके बाद यह संस्था क्षेत्र में लंबे समय से शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बनी हुई है। शिकायतकर्ता विमलेश जैन ने स्वयं को विद्यालय का संस्थापक एवं आजीवन सदस्य बताते हुए संस्था की मूल पहचान और संपत्ति को लेकर चिंता जताई है। वहीं जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ने कहा कि विद्यालय का मूल नाम ज्ञानचंद्र जैन वैद्य इंटर कॉलेज इकदिल था, जिसे बाद में बदलकर हेमवती नंदन बहुगुणा इंटर कॉलेज इकदिल कर दिया गया। समाज की ओर से विद्यालय का मूल नाम पुनः बहाल किए जाने की मांग की जा रही है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय का नाम बदलने के साथ हाईस्कूल स्तर के अनुदान को समाप्त करने तथा नई ट्रस्ट व्यवस्था तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। नसियां जी के महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने शासन एवं प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप करते हुए संस्था की मूल पहचान और संपत्ति को सुरक्षित रखने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में विद्यालय के प्रबंधक, मंत्री प्रेमशंकर शर्मा एडवोकेट के कार्यकाल से संबंधित कथित वित्तीय एवं निर्माण अनियमितताओं का भी उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार विद्यालय में भवन निर्माण के लिए शासन से प्राप्त धनराशि के उपयोग और निर्माण कार्यों को लेकर पूर्व में टीएसी टेक्निकल ऑडिट कमेटी से जांच कराई गई थी। पत्र में पूर्व जांचों, अधिकारियों की रिपोर्ट और विभिन्न दस्तावेजों को भी साक्ष्य के रूप में संलग्न किए जाने का उल्लेख किया गया है।


**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड निम्न सबस्टेशनों की स्क्रैप विक्रय हेतु ई-नीलामी के लिए बोलियाँ आमंत्रित करता है :**

220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र सैफई
220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र भरथना
132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र कुनैरा, इटावा, जिला-इटावा (उ.प्र.)
ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 11.09.2026
132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र दिबियापुर जिला-औरैया (उ.प्र.)
ई-ऑक्शन की प्रस्तावित तिथि : 11.09.2026

- ई-ऑक्शन वर्तमान दशा (**'as is where is'**) के आधार पर, इस खण्ड के अन्तर्गत उपलब्ध परिवर्तक एवं स्क्रैप सामग्री का अलग-अलग लॉट में M/s M.S.T.C. के माध्यम से किया जाएगा।
- स्क्रैप का स्थल :- * 220के.वी. उपकेन्द्र, भरथना, इटावा पर 100 एम.वी.ए. परिवर्तक * 220 के.वी. उपकेन्द्र, सैफई, 132के.वी. उपकेन्द्र कुनैरा, इटावा एवं 132के.वी. उपकेन्द्र दिबियापुर पर विभिन्न स्क्रैप सामग्री
- ई-ऑक्शन विवरण * विभिन्न परिवर्तकों हेतु ई-ऑक्शन सं.- MSTC/LKO/ UPPTCL/4/Etawah/ 26-27/28565 * नीलामी सूची तथा अन्य नियम व शर्तें www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है। * नीलामी से सम्बन्धित जानकारी और संशोधन (यदि कोई हो तो) केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे।
- सम्बन्धित अधिकारियों की संपर्क सूचना :- * harivir.singh@upptcl.org/Mobile No.-8874204732 * rachit.maurya@upptcl.org/Mobile No. 8874203563 * murtaza.ali@upptcl.org/Mob. No. 8874204731

**"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"**
**(पत्रांक : 863, दि. 31.08.2026)**

संक्षेप

## शादी के तीन माह बाद विवाहिता लापता

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शादी के करीब तीन माह बाद 18 वर्षीय विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पति ने एक युवक पर पत्नी को अपने साथ ले जाने का संदेह जताते हुए गोला पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस से विवाहिता की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी सकुशल बरामदगी की मांग की गई है। शाहजहांपुर जिले के पल्हनापुर गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह 12 मई 2026 को खीरी जिले के द्वारिकागंज निवासी युवती के साथ हुआ था। पति के मुताबिक करीब एक माह पूर्व उसकी सास पत्नी को अपने साथ मायके ले गई थीं। उस समय पत्नी के पास झाले, मांग टीका, पायल और अंगूठी होने की बात भी बताई गई है। धर्मेंद्र के अनुसार 27 अगस्त को उसने अपनी सास से फोन पर पत्नी के बारे में जानकारी की तो बताया गया कि वह कहीं चली गई है। इसके बाद उसने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां पत्नी की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पति ने पीलीभीत जिले के एक युवक पर पत्नी को अपने साथ ले जाने का संदेह जताया है। हालांकि आरोपों की पुष्टि अभी नहीं हुई है। धर्मेंद्र ने पुलिस से मामले में गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता की तलाश कराने और उसे सकुशल बरामद कराने की मांग की है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर निकलेगी पदयात्रा

हरगांव (सीतापुर)। किसान, खेत मजदूरों, महिलाओं और बेरोजगारों की समस्याओं के साथ-साथ क्षेत्र की वर्षों पुरानी जनसमस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 11 सितंबर को हरगांव में 20 किलोमीटर लंबी पद यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजेश सिंह तोमर के संयोजन में निकलने वाली इस पदयात्रा के दौरान कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंच कर किसानों, मजदूरों, महिलाओं, पशुपालकों और युवाओं से सीधा संवाद करेंगे तथा उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने की आवाज बुलंद करेंगे। पदयात्रा में फसल का उचित मूल्य, गन्ने का लाभ कारी मूल्य खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई, बिजली, डीजल और बढ़ती कृषि लागत जैसे किसानों से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएंगे। इसके अलावा पशुपालकों, खेत मजदूरों, बेरोजगार युवाओं और ग्रामीणों की समस्याओं को भी पदयात्रा के दौरान प्रमुखता से सामने लाया जाएगा। हरगांव के विकास से जुड़ी प्रमुख मांगें भी पदयात्रा के केंद्र में रहेंगी। किसान कांग्रेस की ओर से नगर पंचायत हरगांव में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना कराने, नगर में बस स्टैंड बनवाने तथा बाढ़ आपदा से हर वर्ष होने वाले नुकसान का स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई जाएगी। नगर के मुख्य चौराहे पर क्रांतिकारी शहीदों की स्मृति में स्टैच्यू स्थापित करने तथा लखनऊ से बरेली वाया हरगांव रेल सेवा बढ़ाए जाने की मांग भी प्रमुखता से रखी जाएगी। खाद वितरण व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने के साथ जल जीवन मिशन के तहत गांवों में क्षतिग्रस्त सड़कों और नालियों को सुदृढ़ कराने की मांग भी। पदयात्रा के दौरान उठाई जाएगी। किसान कांग्रेस का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी पहुंचेगा, जब जमीनी स्तर पर उनकी निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। पदयात्रा में चीनी के बढ़े हुए दामों से चीनी मिलों को हुए अतिरिक्त लाभ में किसानों को भी आधा लाभ दिए जाने की मांग उठाई जाएगी।

# जलविहार महोत्सव कराने की तैयारियां तेज

जिला संवाददाता(vol)

हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव में आगामी जलविहार महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जलविहार महोत्सव कमेटी की आवश्यक समीक्षा बैठक बुधवार को वार्ड जोशी टोला के मोहल्ला सरांय पित्थू स्थित शिव मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए झांकियों के निर्माण, आयोजन की व्यवस्थाओं और अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

जानकारी के अनुसार हरगांव नगर पंचायत में पिछले कई वर्षों से भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा जलविहार महोत्सव इस वर्ष भी परंपरागत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि, बुधवार तेईस सितंबर 2026 को प्रस्तावित महोत्सव में आकर्षक झांकियां सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख आकर्षण होंगे। महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र के आवास के सामने स्थित शिव मंदिर परिसर में कार्य क्रम संयोजक एवं सेवा निवृत्त उपनिरीक्षक चंद्रशेखर मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कमेटी के सदस्यों ने आयोजन को अधिक भव्य, आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की तथा सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने पर जोर दिया।

बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रेम सुंदर अवस्थी, नगर पंचायत हरगांव के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, रामायण विशेषज्ञ देवदत्त मिश्र, समाजसेवी शांतनु मिश्र, अनूप रस्तोगी, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री सुनील मिश्र ह्यबब्बूह्न, संजय मिश्र सहित जलविहार महोत्सव कमेटी के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों ने महोत्सव को हर वर्ष की परंपरा के अनुरूप श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित करने के लिए सामूहिक रूप से तैयारियों में जुटने का संकल्प लिया।

## आज आयेंगी भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा



हरगांव (सीतापुर)। आदर्श नगर पंचायत हरगांव में 1 सितम्बर को भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा अरूण वर्मा के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। वह मंगलवार को लगभग 02 बजे हरगांव स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक व पौराणिक गौरीशंकर बाबा सूर्य कुंड तीर्थ स्थल हरगांव पहुंचेंगी वह पर वह विधिवता पूजन अर्चन कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों के सुख-समृद्धि शांति और कल्याण की कामना करेंगी। पूजन अर्चन के बाद भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरूण वर्मा कार्यकताओं तथा आमजनों से भेंटवार्ता करेंगी। इस दौरान क्षेत्र की प्रमुख जनसमस्याओं जुडें मुद्दो और स्थानीय स्तर पर लोगों को हो रही परेशानियों की जानकारी भी लेगी। उनके समकक्ष क्षेत्रवासी अपनी-अपनी समस्याएं रख सके माना जा रहा है कि जन समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारीयों तक पहुंचा कर समाधान की दिशा में पहल की जाएगी। हरगांव के ऐतिहासिक एवं पौराणिक गौरीशंकर बाबा मंदिर से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरूण वर्मा का विशेष जुडाव मंदिर में उनके पूजन अर्चन का यह तीसरा कार्यक्रम होगा। उनके लगातार मंदिर पहुंचने से क्षेत्र के भाजपा का कार्यकताओं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं आदर्श नगर पंचायत हरगांव के उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासद सुनील कुमार त्रिपाठी उर्फ बल्लू मुरादनगर व भारतीय जनता पार्टी सीतापुर के उपाध्यक्ष एवं हरगांव विधानसभा प्रभारी रितेश सिंह गौड़ ने दी। उन्होंने कहा कि रेखा अरूण वर्मा के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि गौरीशंकर भोलेनाथ के दरबार में पूजन अर्चन के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का आमजनों से सीधा संवाद कार्यक्रम क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारतीय जनता पार्टी के हरगांव मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने पार्टी कार्यकताओं के साथ ही आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखा जाएगा। ताकि संबंधित स्तर पर उनके निराकरण के लिए प्रभावी पहल हो सके। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आगमन को लेकर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। वहीं आमजनों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हुई है कि जन संवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की कौन कौन सी समस्याएं उनके समक्ष पहुंचती है और उनके समाधान को लेकर आगे क्या पहल होती है।

## बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पावर हाउस का किया घेराव



मोहम्मदी खीरी। तहसील क्षेत्र के गांव जमिरहा में रखे ट्रांसफार्मर फुंकने से 15 दिनों से बिजली न होने से लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस गए कार्रवाई न होने पर धैर्य जवाब दे गया ग्रामीणों ने विधायक के जनता दरबार में कर्मचारियों की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने समस्या को लेकर पावर हाउस का घिराव कर आर पार की लड़ाई को लेकर जमकर हंगामा काटा है। सोमवार को गांव के राजेंद्र कश्यप, बबलू, हरिप्रसाद, रामवीर, कृष्ण पाल, रामसनेही कुलदीप, शिवबरन समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने समस्या को लेकर लोकेंद्र प्रताप के जनता दरबार में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते गांव में 200 से अधिक कनेक्शन होने के बाद भी 10 किलोवाट के दो छोटे ट्रांसफार्मर होने के चलते लगते ही फुंक जाते हैं क्षमता वृद्धि को लेकर कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। गांव में 15 दिनों से बिजली न होने से लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। अधिकारी समस्याएं न सुनने को लेकर मोबाइल स्विच ऑफ रखते हैं। गांव में पसगवां के सुखबसा पावर हाउस से बिजली आपूर्ति की जाती है।

## महिलाओं से सीधे संवाद, साइबर ठगी से बचाव के बताये तरीके

सीतापुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को जिले के सभी थानों में संवाद, सुरक्षा एवं विश्वास दिवस का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें अपनी समस्याएं बिना झिझक साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान प्रत्येक मिशन शक्ति केंद्र (एमएसके) की टीम ने ओपन एमएसके और मिशन शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों के लिए पुलिस से सीधे संपर्क करने की जानकारी दी। प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर वर्गीकृत कर गंभीर मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई तथा पारिवारिक विवादों में परामर्श और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। चयनित शिक्षण और सार्वजनिक संस्थानों में साइबर सुरक्षा क्लिनिक भी लगाए गए। साइबर विशेषज्ञ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने महिलाओं को ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया प्रोफाइल की सुरक्षा और साइबर स्टॉकिंग से बचने के व्यावहारिक तरीके बताए। महिलाओं को साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने और सावधानी बरतने के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस के अनुसार मिशन शक्ति के तहत आयोजित यह अभियान केवल एक दिन के कार्यक्रम तक सीमित नहीं है। महिलाओं को पुलिस और मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से 24 घंटे सहज और सुलभ सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## युवा संवाद में विद्यार्थियों को बताया व्यक्तित्व निर्माण का महत्व



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक आकाश जी और नगर प्रचारक नितिन जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

जिला प्रचारक आकाश जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा अपनी दैनिक गतिविधियों, नागरिक दायित्वों और सामाजिक सहयोग के माध्यम से देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। उन्होंने प्रेरणादायक सूत्र सर पर बर्फ, हृदय में पत्थर, मुंह में शक्कर और पैर में चक्कर का उदाहरण देते हुए इसके भावार्थ को विद्यार्थियों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में व्यक्ति को अपना मस्तिष्क शांत रखना चाहिए, बातचीत में मधुरता और विनम्रता बनाए रखनी चाहिए तथा निर्णय लेते समय दृढ़ और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। वहीं, श्पैर में चक्करश का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि कर्मठ व्यक्ति को हमेशा सक्रिय रहते हुए लोगों के बीच संपर्क और सामाजिक कार्यों में भागीदारी करते रहना चाहिए। मुख्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर वक्ताओं से प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने दोनों वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह महेंद्र नाथ पाठक ने किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शाहजहांपुर की टीम ने ट्रॉफी पर किया कब्जा



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मेहंदी बाग ग्राउंड पर डे नाइट जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अंतर्जनपदीय 16 टीमों ने हिस्सा लिया है। फाइनल मुकाबला शाहजहांपुर और मोहम्मदी की टीम के बीच हुआ जिसमें शाहजहांपुर की टीम को विजेता घोषित किया गया है। रविवार को एक दिवसीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया और विशिष्ट अतिथि अतुल वाजपेई और मोहम्मद हसन नकवी ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया था। आयोजन में 16 टीमों ने प्रतिभा किया है जिसमें फाइनल मैच शाहजहांपुर भिलवा की टीम और मोहम्मदी हिंद क्लब की टीम के बीच खेला गया जिसमें भिलावा की टीम ने लगातार दो सेट जीत कर विजेता बनी मोहम्मदी की टीम को उपविजेता का खिताब मिला है। आयोजन गुलशन, मोहम्मद नूर, समीम खां, अमन पांडे, राशिद अली और फिरासत अली रहे कंमेट्री आरिफ सिद्दीकी ने की है। संयोजक शोएब खां और तस्लीम खां रहे विजेता टीम को स्पर्श मेहरोत्रा और नवाब सवाले जैदी ने ट्रॉफी प्रदान की है। इस मौके पर मोहम्मद अब्बास नकवी, मो इलियास, सहवाज सिद्दीकी, शिवम राठौर, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे हैं।

## दोषसिद्धि की कम दर पर डीएम सख्त, अभियोजन की पैरवी में लापरवाही पर जतायी नाराजगी



लखीमपुर खीरी। अभियोजन मामलों में दोषसिद्धि की कम दर और मामलों में शीघ्र जमानत मिलने की स्थिति पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गंभीर अपराधों के मामलों में अभियोजन की पैरवी में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोमवार शाम कलेक्ट्रेट में एसपी डॉ. ख्याति गर्ग के साथ अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा करते हुए डीएम ने लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण और दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों के पेंच कसे।

डीएम ने निर्देश दिए कि न्यायालयों में विचाराधीन गंभीर मामलों की प्रभावी पैरवी कर दोषियों को हर हाल में सजा दिलाई जाए। गवाहों की शत-प्रतिशत गवाही सुनिश्चित कराने के साथ ही समन की तामीली समयबद्ध तरीके से कराई जाए। उन्होंने कहा कि अकारण किसी गवाह की न्यायालय से वापसी नहीं होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालय के समक्ष परीक्षित कराने के लिए पुलिस और अभियोजन विभाग आपसी समन्वय से काम करें।

उन्होंने कहा कि अपराधियों में कानून का भय कायम करने के लिए केवल मुकदमा दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि न्यायालय में मजबूत पैरवी के जरिए दोषियों को सजा दिलाना भी जरूरी है। पुराने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी ढंग से पैरवी कर निस्तारित कराया जाए। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि अपराधियों पर प्रभावी शिकंजा कसने के लिए पुलिस कार्रवाई के साथ अभियोजन की मजबूत पैरवी जरूरी है। गंभीर अपराधों में साक्ष्यों और गवाहों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करते हुए दोषियों को सजा दिलाई जाए, ताकि पीड़ितों में न्याय का भरोसा और अपराधियों में कानून का भय कायम रहे। बैठक में एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह, एएसपी (पश्चिमी) अमित कुमार राय, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता (क्रिमिनल), विशेष लोक अभियोजक, एडीजीसी क्रिमिनल सहित संबंधित अधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

अभियोजन कार्यों की समीक्षा में गंभीर मामलों में आरोपितों को आसानी से जमानत मिलने का तथ्य सामने आने पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर मामलों में तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मजबूती से पैरवी की जाए, जमानत का प्रभावी विरोध हो और दोषियों को हर हाल में सजा दिलाई जाए। डीएम ने स्पष्ट किया कि कमजोर पैरवी के कारण अपराधियों को राहत मिलने की स्थिति स्वीकार नहीं की जाएगी।

## भारत को जानो प्रतियोगिता में 400 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत विकास परिषद शाखा गोला की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन नगर के चार शिक्षण संस्थानों में कराया गया। प्रतियोगिता में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के कुल 400 विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रथम चरण की परीक्षा श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज और गोला पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित हुई। कनिष्ठ वर्ग में 120 और वरिष्ठ वर्ग में 280 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश के इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना है। परीक्षा के बाद अब प्रतिभागियों को परिणाम का इंतजार है। शाखा पदाधिकारियों के अनुसार प्रथम चरण का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा। इसके बाद चयनित विद्यार्थियों के लिए द्वितीय चरण में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान शाखा अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा, सचिव मनोज कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष रवि सक्सेना, प्रांतीय मार्गदर्शक डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. आदर्श दीक्षित, डॉ. सौरभ दीक्षित, मनोज मिश्रा, पीयूष पंकज बाजपेई, परविजय सिंह, रामेंद्र शुक्ला समेत अन्य उपस्थित रहे।

## पक्की दीवार गिरने से ढहा छप्पर

मानपुर (सीतापुर)। क्षेत्र के ग्राम मानपुर में लगातार हो रही बरसात ने एक गरीब परिवार का आशियाना छीन लिया है। गांव निवासी अजीत शुक्ला का पक्का मकान (दीवार), जो उनके कच्चे छप्पर को सहारा दिए हुए था। बारिश के तेज बहाव और नमी के कारण अचानक भरभराकर गिर गया। दीवार गिरते ही उस पर टिका छप्पर भी पूरी तरह जमींदोज हो गया। इस हादसे में घर के भीतर रखा गृहस्थी का सामान, अनाज और कपड़े मलबे में दबकर नष्ट हो गए। गनीमत यह रही कि हादसा होते ही परिवार के लोग समय रहते बाहर की ओर भाग निकले, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। आशियाना ध्वस्त हो जाने के कारण अजीत शुक्ला और उनका परिवार अब पूरी तरह बेघर हो गया है। इस तेज बारिश के मौसम में उनके सामने सिर छिपाने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित परिवार फिलहाल खुले आसमान के नीचे या पड़ोसियों के यहां शरण लेने को मजबूर है। पीड़ित अजीत शुक्ला ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा से उनका भारी नुकसान हुआ है और रहने के लिए अब कोई सहारा नहीं बचा है। स्थानीय ग्रामीणों और पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन तथा राजस्व टीम से मौके का मुआयना कर आर्थिक सहायता व अविलंब राहत राशि प्रदान करने की मांग की है, ताकि वे अपने रहने की व्यवस्था दोबारा कर सकें। क्या आप इस समाचार में किसी प्रशासनिक अधिकारी का बयान, तारीख या अन्य कोई विशेष जानकारी जोड़ना चाहते हैं?

## केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज का एसडीएम व बीईओ ने किया निरिक्षण

पसगवां खीरी। कस्बा जंगबहादुरगंज स्थिति केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज का सोमवार को उपजिलाधिकारी मोहम्मदी राजेश प्रताप सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। एडीएम और बीईओ ने कॉलेज का सबसे पहले मिड डे मिल का जायजा लिया। उन्होंने रसोई घर, भंडारण कक्ष और बनने वाले भोजन की गुणवत्ता और साफ सफाई का निरक्षण किया। इसके बाद कक्षाओं में जाकर छात्र छात्राओं से एमडीएम और पढ़ाई से संबंधित जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने एमडीएम प्रभारी (शिक्षक) पी के राय को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण है। भंडारण कक्ष में अनाज को नमी से बचाने और रसोई घर में भोजन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम मोहम्मदी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि निरक्षण के दौरान निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार होता पाया गया। सोमवार को रोस्टर के अनुसार बच्चों को फल के रूप में केला भी वितरित किया गया था। साथ ही बच्चों ने भी भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही छात्र छात्राओं से पूछे गए प्रश्नों का संतोष जनक उत्तर दिया।

# अस्पताल के मैनेजर की संदिग्ध हालत में मौत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के इमलिया नानकार गांव के पास बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में कार गन्ने के खेत में पानी और कीचड़ में फंसी मिली। कार में चालक अचेत अवस्था में मिला। उसके सिर पर चोट लगी थी और खून बह रहा था। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मथुरा नगर, खुटार रोड निवासी अजीत कुमार पुत्र वेद प्रकाश के रूप में हुई। वह गोला के शौर्य हॉस्पिटल में मैनेजर थे।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक के भाई उत्तम कुमार ने परिस्थितियों को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि अजीत तीन सोने की अंगूठियां और गले में चेन पहने हुए थे, जो बाद में नहीं मिलीं। इससे घटना को लेकर परिजनों के संदेह को बल मिला है। हालांकि पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है। कार सड़क से उतरकर गन्ने के खेत में पानी और कीचड़ के बीच फंसी थी। पुलिस के पहुंचने से पहले मौके पर ग्रामीण मौजूद थे। कार वहां तक किन परिस्थितियों में पहुंची और अजीत के साथ क्या हुआ, इसे लेकर पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। कार से सर्जिकल कार्य में इस्तेमाल होने वाले कुछ उपकरण भी मिलने की बात सामने आई है। वाहन में मोबाइल फोन भी मिला है, जिसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। दुर्घटना के साथ हत्या के पहलू को भी ध्यान में रखकर जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। अजीत कुमार का विवाह करीब दो वर्ष पहले हुआ था। उनकी करीब एक वर्ष की पुत्री भी है। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मंडेरा, नीमगांव में किया गया।

# अनुशासन के साथ निकला 50वां जुलूस-ए-मोहम्मदी

सिधौली (सीतापुर)। पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को कस्बा बाड़ी से अंजुमन आशिकाने रसूल के तत्वावधान में 50वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। श्रद्धा, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकले जुलूस में सिधौली सहित आसपास के गांवों की दर्जनों अंजुमनों ने झंडों के साथ सहभागिता की। विभिन्न मार्गों से होता हुआ जुलूस महमूदाबाद चैराहे के रास्ते कस्बा बाड़ी पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम एवं अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव के नेतृत्व में नगर पंचायत की ओर से जुलूस का स्वागत कर मिष्ठान वितरित किया गया। राहगीरों और जुलूस में शामिल लोगों के लिए टैंकरों से पेयजल की व्यवस्था भी की गई। सभासद संजय गुप्ता झुर्री, बदरुद्दीन मिठाई वाले सहित अन्य लोगों ने जगह-जगह पानी, मिठाई और बिरयानी की सबील लगाकर सेवा एवं सद्भाव की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. हरगोविंद भार्गव, रामपाल भार्गव एडवोकेट, अमान आलम, शानू, बादशाह, अब्दुल मुत्तलिब, शाहबाज आलम,, आफताब आलम, ओमान असलम, इम्तियाज एडवोकेट, राशिद खान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, सगीर सीडीसी, मौलवी फारूक, मोहम्मद रिजवान, मो. इसहाक, जुयाल, रेहान, डॉ. रिजवान, मो. नईम जियाउल हक व अशरफ खान सहित हजारों लोग मौजूद रहे। आयोजन की सफलता में हाजी जलीस अंसारी, इश्तियाक अली उर्फ मलिक, जफर हलीम खां, जियाउलहक, फजल अहमद, सैय्यद अहमद, मोहम्मद नफीस सिद्दीकी, नौशाद अली, जमाल अहमद उर्फ कल्लन एवं इसरार हुसैन बबलू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम अवनीश कुमार, सीओ विशाल गुप्ता और प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह, कस्बा इंचार्ज के नेतृत्व में पुलिस एवं राजस्व टीम मुस्तैद रही। अधिकारियों की सतर्कता, आयोजकों के सहयोग और नागरिकों के अनुशासन के चलते जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## नहर में डूबी वृद्ध की चार दिन बाद हुई शिनाख्त

धौरहरा खीरी। शारदा नहर पुल के पास चार दिन पूर्व पानी में डूबी मिली वृद्ध महिला के शव की सोमवार को शिनाख्त हो गई। मृतका की पहचान कफारा बाजार निवासी 62 वर्षीय लज्जावती पत्नी चुन्ना भार्गव के रूप में हुई है। शव चार दिन से जिला मुख्यालय स्थित मर्चरी में रखा था। परिजनों के मुताबिक लज्जावती 26 अगस्त को लखहा गांव निवासी अपने मायके के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। इसके बाद वह वापस घर नहीं पहुंचीं। इसी बीच ढखेरवा क्षेत्र में शारदा नहर पुल के पास एक वृद्ध महिला का शव पानी में मिला था। पढुआ कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए जिला मुख्यालय की मर्चरी में रखवा दिया था। चार दिन बाद परिजनों ने शव की पहचान लज्जावती के रूप में की। मृतका के पति चुन्ना भार्गव ने बताया वह घर से नाराज होकर 26 अगस्त को घर से मायके लखहा गांव जाने के लिए निकली थी, जब वह वहां नहीं पहुंची तो तलाश सुरू की। पुलिस की सूचना पर वह लखीमपुर पहुंचे जहां उनका शव मिला।

## बंदी की मौत के मामले में होगी मजिस्ट्रियल जांच

लखीमपुर खीरी। जिला कारागार खीरी में निरुद्ध सिद्धदोष बंदी प्रमोद कुमार की जिला चिकित्सालय ओयल में उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी के आदेश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालापुर, थाना गोला निवासी करीब 41 वर्षीय प्रमोद कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद को मुकदमा अपराध संख्या 169/2015, एसटी संख्या 281/15 में धारा 303 भादंसं व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा हुई थी। आदर्श कारागार लखनऊ से स्थानांतरित होकर वह पांच जुलाई 2026 से जिला कारागार खीरी में निरुद्ध था। वह पेट के ऑपरेशन के बाद कारागार में निरुद्ध हुआ था। पांच अगस्त को शिकायत होने पर कारागार चिकित्साधिकारी के परामर्श से करीब 11:55 बजे उसे जांच और उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ओयल भेजा गया था। चिकित्सालय में भर्ती कर उसका उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान अपराह्न 2:47 बजे विशेषज्ञ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की मजिस्ट्रियल जांच के लिए नामित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि घटना से संबंधित सभी पक्ष अपने साक्ष्य और अभिकथन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए एक सितंबर से सात सितंबर 2026 के बीच किसी भी कार्यदिवस में दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष दर्ज कराया जा सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, लखीमपुर की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करना है कि रामू वर्मा पुत्र महेश चंद्र अपने प्लॉट नंबर 18 & 19 जो खसरा नंबर 315 का हिस्सा है के मालिक हैं, रकबा 1960 वर्ग फुट स्थित ग्राम शाहजानी, परगना & तहसील- महमूदाबाद और जिला सीतापुर में है" और रामू वर्मा अपनी उक्त सम्पत्ति को सौरभ वर्मा और अभिषेक कुमार वर्मा पुत्रगण राम मिलन वर्मा को विक्रय कर रहे है और वे आधार हाउसिंग फाइनेंस लि०, स्थित ग्राउण्ड फ्लोर, श्री मंगल प्लाजा, मोहल्ला आगापुरम, खीरी रोड, राजापुर, नियर मंडी समिति, लखीमपुर खीरी, 262701 में उक्त सम्पत्ति को बन्धक कर ऋण ले रहे है। यदि उक्त खसरे के सह-खातेदार या अन्य किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त सम्पत्ति के विक्रय अथवा बन्धक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करें, उपरोक्त समयवधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा। आपत्ति हेतु संपर्क करें द्वारा अधिवक्ता दिव्य कुमार श्रीवास्तव, आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि०, मो0-7355544102, 9559667676

संक्षेप

## ठेले पर शव ले जाने के मामले का सीएमओ ने लिया कड़ा संज्ञान

अयोध्या। जिला अस्पताल से अधेड़ महिला का शव ठेले में ले जाने का मामला गरमाता जा रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल पहुंच सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने भी मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा है। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जिला अस्पताल में महिला की मौत हो जाने के बाद तीमारदारों ने स्टाफ से शव वाहन की मांग की थी। वाहन समय से न पहुंचने का आरोप लगाते हुए तीमारदार मृत महिला के शरीर को ठेले पर ही लाद ले गए थे। सीएमओ डॉ. देवेंद्र भिटौरिया सुबह ही जिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने मौके पर मौजूद सीएमएस डॉ. राजेश सिंह से वार्ता के बाद दो चिकित्सक, फार्मासिस्ट, शव वाहन के ड्राइवर व नर्स से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

## चेस और कैरम की प्रतियोगिता हुई आयोजित

सलोन, रायबरेली निमिषा कॉन्वेंट स्कूल मटका सलोन में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इसके पश्चात खेल प्रभारी विवेक कुमार मौर्य सहित छात्र छात्राओं ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए याद किया। इसके बाद चेस और कैरम की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चेस प्रतियोगिता में कक्षा 11ए की छात्रा अवनिता त्रिवेदी विजेता और कक्षा 11 बी की छात्रा वर्षा उपविजेता रही। कैरम की प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं के छात्र अभिज्ञान विश्वकर्मा विजेता और मयंक तिवारी को उपविजेता का पुरस्कार मिला। राष्टीय खेल दिवस के आयोजन पर प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने कहा कि इस हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था ये हॉकी खेल के महान खिलाड़ी थे जिन्होंने 3 ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीते हैं इस लिए मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का संचालन खेल प्रभारी विवेक कुमार मौर्य द्वारा किया गया।

## बरसात थमते ही होगी सीवर से खराब सड़कों की होगी मरम्मत

वाराणसी। नगर निगम ने सीवर और पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों के रेस्टोरेशन (मरम्मत) कार्य को गंभीरता से लेते हुए बरसात थमते ही इसे तेज गति से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। भेलूपुर स्थित जलकल विभाग में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कहा कि 10 से 20 सितंबर के बीच सभी रेस्टोरेशन कार्य हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने 20 सितंबर को दोबारा समीक्षा बैठक करने की बात कहते हुए स्पष्ट किया कि लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति और अभियंताओं की लापरवाही पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई कार्य पूरे हो चुके हैं, लेकिन कनिष्ठ अभियंताओं (जेई) द्वारा समय से मेजरमेंट बुक (एमबी) में प्रविष्टि नहीं किए जाने के कारण फाइलें लंबित हैं। उन्होंने 15 सितंबर तक सभी पूर्ण कार्यों की एमबी दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग और अन्य योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को भी समयबद्ध ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया।

# मूसलाधार बारिश से कई क्षेत्रों में आवागमन बाधित

### जल भराव से नगर मोहल्लों में लोग हलाकान

रायबरेली। जनपद में कई क्षेत्रों में लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सुबह से हो रही बारिश लोगों के आवा गमन में परेशानी का सबब बनी तो वही गांव नगर में जल भराव से लोगों के घरों में पानी घुस गया। नगर क्षेत्र में विभागों के परिसर में पानी भरा नजर आया तो सदर तहसील के अंदर बाहर जल भराव होने से नगर पालिका प्रशासन ने टैंकर से पानी भरवा कर जल भराव कम करने की पुरजोर कोशिश की। बताया जाता है कि जनपद के सलोन क्षेत्र हरचंदपुर, महाराजगंज, लालगंज आदि स्थानों पर सुबह से जोरदार बारिश होती रही गांव में खेतों से पानी उफनाकार सड़कों तक पहुंच गया जिससे लोगों के लिए पानी वरदान की जगह श्रापित हो गया और लोग इंद्रदेव से पानी बंद करने का गुहार लगाने लगे।

### सलोन कस्बा हुआ जलमग्न, जल निकासी की व्यवस्था फेल

सलोन, रायबरेली। बीती रात से हो रही झमाझम बारिश ने सलोन कस्बे की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। नालियों की समय से सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया। कस्बे के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया जा रहा है। बारिश के बाद कस्बे के मोहल्ला गोरही, अल्फा कान्वेंट स्कूल मार्ग, सीओ कार्यालय के आसपास, पुरानी सब्जी मंडी तथा सलोन-जगतपुर मार्ग पर पानी भर गया। कई स्थानों पर सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं। मुख्य मार्गों पर पानी जमा होने से पैदल राहगीरों को सड़क पार करने में दिक्कत हुई, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। मानिकपुर और ऊंचाहार मार्ग पर भी नालियां जाम होने से जलभराव की समस्या गंभीर रही। नालियों का पानी निकासी न होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो गया। कई जगह पानी इतना अधिक भर गया कि सड़क और नाले का अंतर तक नजर नहीं आया। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बरसात से पहले नालियों की सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। यदि समय रहते नालियों की सफाई करा दी जाती तो बारिश का पानी सड़कों पर इस तरह नहीं भरता। हर बार बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग समस्या का स्थायी समाधान कराने के बजाय केवल पानी निकलने का इंतजार करते नजर आते हैं। जलभराव से सबसे अधिक परेशानी स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को उठानी पड़ी। दुकानों के सामने पानी जमा होने से ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत हुई। वहीं सड़क पर जमा गंदे पानी के बीच से गुजरने वाले लोगों को कपड़े और सामान खराब होने की चिंता सताती रही।

## जीवन मूल्यों को बच्चों तक पहुंचाने के लिए दिया प्रशिक्षण

**छतोह,रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में एफएलएन प्रशिक्षण का तृतीय फेरा का समापन हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने शिक्षकों को प्रभावी एवं आनंददायी शिक्षण के लिए अपील की उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं कि जो भी आप द्वारा जो भी सीखे हैं बच्चों में प्रसारित करेंगे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की संस्तुतियों के अनुरूप प्राथमिक स्तर पर बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान को सुदृढ़

प्रशिक्षण में इकाई-1के माध्यम से एकता, ईमानदारी एवं सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण जीवन-मूल्यों को बच्चों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं अभ्यासों के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान एवं चिंतन के दायरे को विस्तृत करने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया।

इसके अतिरिक्त इकाई-2 में कविता के माध्यम से बच्चों को एक समय में एक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करने, कहानी के माध्यम से भारतीय जड़ों एवं मूल्यों से जोड़ने तथा अध्याय के संदर्भ में समावेशी शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों से ज्ञान समीक्षा ऐप के माध्यम से फीडबैक एवं उपस्थिति दर्ज कराई गई। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी, व्यावहारिक एवं विद्यालयी शिक्षण के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

इस प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में शिव कुमार निर्मल, राहुल त्रिवेदी, दुर्गेश मोदनवाल एवं रीता सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रशिक्षण को सुचारु एवं तकनीकी रूप से प्रभावी बनाने में टेक्निकल सहयोगी रमेश कुमार शुक्ल एवं रितेश साहू का विशेष योगदान रहा।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संदर्भदाताओं ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एफएलएन का उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ना-लिखना सिखाना नहीं, बल्कि उनमें समझ, तर्क, अभिव्यक्ति, रचनात्मकता एवं सीखने की स्थायी क्षमता विकसित करना है। प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं तकनीकों का विद्यालयों में प्रभावी प्रयोग ही इस प्रशिक्षण की वास्तविक सफलता होगी। इस अवसर पर सुरेन्द्र श्रीवास्तव देवेन्द्र कुमार संतोष कुमार सिंह सविता देवी सलोनी लाल जायसवाल एकता सिंह सहित कुल 68 प्रतिभागी एवं समस्त बी आर सी स्टाफ उपस्थित रहें।

## शंखनाद, घंटा-घड़ियाल व स्वस्तिवाचन के बीच हुआ हरीश द्विवेदी का स्वागत



अयोध्या। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व मिलने के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे हरीश द्विवेदी का जिले की सीमा रानीमऊ से लेकर सरयू पुल तक जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। शंख की गूंज, घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान भाजपा कार्यकताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला। स्वागत स्थलों पर बने भगवा मंचो खूब सजाया गया था। सभी स्वागत स्थल पर बुलडोजर से पुष्प वर्षा का कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि अयोध्या से उनका आत्मीय और भावनात्मक जुड़ाव है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। कार्यकताओं का उत्साह और स्नेह नई ऊर्जा देने वाला है। भाजपा संगठन को और मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और पीएम नरेन्द्र मोदी एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम किया जाएगा। इससे पहले जिले की सीमा रानीमऊ पहुंचते ही स्वागत का सिलसिला शुरू हो गया।

## डीएम ने पोषण सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर दिया जोर



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित पोषण एवं बाल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जाए। बैठक के दौरान निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों, निमार्णाधीन परियोजना कार्यालयों, सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण वाटिका तथा सैम (गंभीर कुपोषित) बच्चों की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए इनके संचालन एवं व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कुपोषित एवं अति-कुपोषित बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उनकी स्थिति में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं संबंधित कार्मिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए, जहां पर सैम बच्चों की संख्या अधिक है वहां पर समीक्षा की जाए कि क्या कारण है, और उसका क्या उपाय है।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं संरक्षण से जुड़े विषय शासन की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। अतः संबंधित विभागीय अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलने में बाधा न आने दें।

## टोल प्लाजा फायरिंग के फरार तीन आरोपी गिरफ्तार



सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के रौनाही टोल प्लाजा पर हुई फायरिंग की घटना में फरार चल रहे तीन आरोपियों को रौनाही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । पुलिस की लगातार दबिश और सर्विलांस के जरिये घटना में शामिल सभी आरोपियों पर शिकंजा कस गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया था। एस एस पी डाक्टर गौरव ग्रोवर के अनुसार 26 अगस्त की रात करीब 2.15 बजे काली थार सवार सात-आठ युवक तहसीनपुर टोल प्लाजा पहुंचे थे। टोल बैरियर तोड़कर निकलने को लेकर टोल कर्मचारियों से विवाद हुआ। आरोप है कि इस दौरान एक व्यक्ति को जबरन थार में बैठाने का प्रयास किया गया और उस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। घटना की सूचना मिलते ही रौनाही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने नउवा कुआं रोड स्थित खिरौनी मोड़ से आदर्श सिंह और दीपेश तिवारी को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से बिना नंबर प्लेट की काली थार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। घटना में शामिल राजा सिंह उर्फ अखंड प्रताप सिंह, करन सिंह उर्फ शौर्य प्रताप सिंह और श्याम सिंह उर्फ स्वप्निल सिंह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी रौनाही रतन कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों आरोपी फतेहपुर-सरैया रोड पर मौजूद हैं। जो किसी बड़ी वारदात की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने टोल प्लाजा फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किया।

## विद्यालय की रीढ़ होते हैं शिक्षक और कर्मचारी: डॉ. मणिशंकर तिवारी



अयोध्या। एसएसवी इंटर कॉलेज में सोमवार को शिक्षक सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय में दीर्घकालिक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए भावभीनी विदाई दी गई और सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण कुमार त्रिपाठी और विनोद शंकर मिश्रा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों छंगू प्रसाद और रामजी को भी उनकी निष्ठापूर्वक दी गई सेवाओं के लिए सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। कार्यक्रम में पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके वरिष्ठ शिक्षक विनय कुमार श्रीवास्तव और डॉ. अलकेश दत्त पाठक को भी सम्मानित किया गया। जिससे समारोह का माहौल और अधिक गरिमामय हो गया। समारोह के मुख्य चरण में उद्बोधन और विचार-विमर्श का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने सेवानिवृत्त हुए साथियों के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि शिक्षक और कर्मचारी विद्यालय की रीढ़ होते हैं। सेवानिवृत्त हो रहे सहकर्मियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

## देर रात थाने पहुंचे एसपी, रजिस्टर से हवालात तक परखी व्यवस्था



सुलतानपुर (वीओएल)। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जायसवाल ने रविवार देर रात मॉडर्न थाना बंधुआकला का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी के अचानक थाने पहुंचने से पुलिसकर्मियों में सक्रियता बढ़ गई। उन्होंने थाना परिसर के साथ कार्यालय, मेस, बैरक और हवालात का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अपराध रजिस्टर समेत अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख और दस्तावेज देखे। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव और उनके अद्यतन होने की स्थिति की जानकारी ली। हवालात में सुरक्षा व्यवस्था के साथ साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया गया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को अपराधों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा अभिलेखों को व्यवस्थित और अद्यतन रखने को कहा। एसपी ने थाने पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने और उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिसिंग में लापरवाही न बरतने और जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने पर जोर दिया।

## मानदेय तीस हजार और नियमित सेवा की मांग, सौंपा ज्ञापन



सुलतानपुर (वीओएल)। लंबित मांगों को लेकर प्रदेशभर के पंचायत सहायक आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश ने सात सितंबर से लखनऊ के इको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। आंदोलन के समर्थन में सोमवार को सुलतानपुर के पंचायत सहायकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को मांगपत्र सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्ष रत्नेश शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे पंचायत सहायकों ने मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को समय देने की मांग की। यूनियन ने मानदेय बढ़ाकर ग्राम पंचायत सचिव के बराबर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने अथवा न्यूनतम कुशल मजदूरी के बराबर भुगतान की मांग उठाई। पंचायत सहायकों ने संविदा व्यवस्था समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली लागू करने और राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की है। महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश, स्थानांतरण व समायोजन नीति लागू करने की मांग भी रखी गई। इसके अलावा आगामी ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती में अनुभव के आधार पर 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की मांग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेशभर में विभागीय और पंचायत संबंधी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा।

## कम समय में डबल रकम के झांसे में फंसे लोग, भागी कंपनी

पुलिस ने नहीं सुनी गुहार तो कोर्ट के आदेश पर कंपनी पर दर्ज हुआ मुकदमा

सुलतानपुर (वीओएल)। कम समय में रकम दोगुनी करने का लालच और कंपनी में ऊंचे पद का सपना दिखाकर लोगों से करीब एक करोड़ रुपये जमा कराने का मामला सामने आया है। रकम की वापसी नहीं होने पर पीड़ितो ने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने यूनिपल्स रियल एस्टेट इंडिया लिमिटेड से जुड़े पदाधिकारियों समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोसाईंगंज क्षेत्र के वैदहा निवासी राम मिलन ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सुलतानपुर में कंपनी की शाखा संचालित थी। आरोप है कि कंपनी से जुड़े दिनेश कुमार गौतम और अन्य पदाधिकारियों ने उसे तथा उसके साथियों को कंपनी में ऊंचे पद देने और जमा रकम को कम समय में दोगुना करने का भरोसा दिलाया। इस लालच में लोगों ने अपनी जमा पूंजी के साथ रिश्तेदारों से कर्ज लेकर करीब एक करोड़ रुपये जमा कर दिए। आरोप है कि समय पूरा होने के बाद रकम वापस मांगने पर कंपनी की सुलतानपुर शाखा अचानक बंद कर दी गई। साथ ही रकम मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। थाने और एसपी से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर राम मिलन ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सीजेएम नवनीत सिंह ने पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए। आदेश के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक अशोक कुमार वर्मा को सौंप दी है। पुलिस अब कंपनी से जुड़े लेन-देन और आरोपों की जांच कर रही है।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ बुजुर्ग को खाना मांगना पड़ा भारी

सुलतानपुर (वीओएल)। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के मलाकतुलापुर गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ 80 वर्षीय बुजुर्ग से मारपीट कर हाथ तोड़ने का मामला सामने आया है। बुजुर्ग के बेटे रामआसरे शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसी परिवार के तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तहरीर के मुताबिक रामआसरे के 80 वर्षीय पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती है। रविवार को वह पड़ोसी विजय बहादुर सिंह के घर खाना मांगने पहुंच गए। आरोप है कि वहां मौजूद विजय बहादुर के बेटे कुंवर विक्रम सिंह और कुंवर वीर सिंह ने पुरानी रंजिश को लेकर बुजुर्ग के साथ मारपीट शुरू कर दी। विजय बहादुर पर दोनों को ललकारने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से बुजुर्ग को पीटा, जिससे उनका बायां हाथ टूट गया। शोर सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। बुजुर्ग के बेटे ने पुलिस से कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। शिवगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना उपनिरीक्षक भारत सिंह को सौंपी गई है। पुलिस घटना से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को मिली जमानत

सुलतानपुर (वीओएल)। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र की दियरा बाजार में लाठी डंडा और धारदार हथियार से पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी सत्येंद्र पांडेय को कोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष म अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद आरोपी को जमानत दे दी है। आरोप है कि बीते 29 जुलाई को राजमणि मिश्र व उसके पुत्र अखिलेश पर जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गई थी।

# बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, 11 गांव प्रभावित, राहत-बचाव कार्य जारी

- सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे, 4,895 राहत किट और 22,935 लंच पैकेट बांटे
- बाढ़ प्रभावित इलाकों में 18 नावें और 10 चैकियां सक्रिय, 100 लोगों के लिए शरणालय तैयार

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में बाढ़ की स्थिति पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। घाघरा (सरयू) नदी का जलस्तर सोमवार को दोपहर 12 बजे 92.500 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 92.730 मीटर से 0.230 मीटर नीचे है। हालांकि नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए अयोध्या जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी हैं। जिले में वर्तमान में 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने के साथ ही आवागमन के लिए नावें संचालित की जा रही हैं और स्वास्थ्य व पशु चिकित्सा की टीमें गांवों में लगातार भ्रमण कर रही हैं। घाघरा (सरयू) नदी का अधिकतम जलस्तर वर्ष 2009 में 94.010 मीटर दर्ज किया गया था। वहीं वर्ष 2026 में अब तक नदी का अधिकतम जलस्तर 93.100 मीटर पहुंचा, जो खतरे के जलस्तर 92.730 मीटर से 0.370 मीटर अधिक था। वर्तमान में जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। जिले में घाघरा नदी के दायें तट पर 14.550 किलोमीटर लंबा रौनाही तटबंध तथा 13.140 किलोमीटर लंबा अयोध्या-बिल्यहरिघाट तटबंध स्थित है। इसके अलावा तमसा नदी (मडहा) के बाएं तट पर 5.340 किलोमीटर लंबा गोसाईगंज शहर सुरक्षा तटबंध है। प्रशासन के अनुसार सभी तटबंध वर्तमान में सुरक्षित हैं। वर्तमान में जिले



के कुल 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें तहसील सदर के चार गांवकृमांझा मूढ़ाठीहा अयोध्या, माझा मड़ना, माझा रामपुर पुवारी और माझा काजीपुर शामिल हैं। तहसील सोहावल का माझा कला तथा तहसील रुदौली के छह गांवकृमुजेहना मजरे सरायनासिर, पूरे मंहगू मजरे पसैया, पूरे महंगू मजरे सण्डरी, अब्बूपुर मजरे बरई, कैथी माझा मजरे कैथी और सुलेमपुर मजरे उबरीरा प्रभावित हैं। प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों को अब तक 4,895 बाढ़ राहत किट वितरित की जा चुकी हैं। इनमें तहसील सदर में 3,500, रुदौली में 1,020 और सोहावल में 375 राहत किट शामिल हैं। इसके अलावा प्रभावित परिवारों को 22,935 लंच पैकेट वितरित किए गए हैं। प्रभावित पशुओं के चारे के लिए 1,175 क्विंटल भूसा भी उपलब्ध कराया गया है।

बाढ़ प्रभावित गांवों में आवागमन की सुविधा के लिए वर्तमान में 18 नावों का संचालन किया जा रहा है। वहीं प्रभावित क्षेत्रों में कुल 10 बाढ़ चैकियां स्थापित की गई हैं। इनमें तहसील सदर में छह, रुदौली में तीन और सोहावल में एक बाढ़ चैकी शामिल है। इन चैकियों पर राजस्व, स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में कुल 14 बाढ़ शरणालय चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें आवश्यकता के अनुसार सक्रिय किया जाता है। वर्तमान में सोहावल तहसील के सहारा बाग स्थित बाढ़ शरणालय/शेल्टर होम को सक्रिय किया गया है, जहां 100 बाढ़ प्रभावित लोग रह रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा विभाग ने 37 टीमों का गठन किया है। टीमें लगातार प्रभावित गांवों में भ्रमण कर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सहायता उपलब्ध करा रही हैं। अब तक 1,790 ओआरएस पैकेट और 4,495 क्लोरीन टैबलेट वितरित की जा चुकी हैं। पशु चिकित्सा विभाग ने भी 21 टीमों का गठन किया है। इन टीमों द्वारा प्रभावित गांवों में भ्रमण कर पशुओं का टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और उपचार किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार पशु चिकित्सा शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

प्रशासन के अनुसार बाढ़ प्रभावित ग्रामों में किसानों की कृषि क्षति की सूचना फिलहाल शून्य है। वहीं अयोध्या के शहरी क्षेत्र में भी बाढ़ के कारण जलभराव की स्थिति नहीं है। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने संभावित बाढ़ के मद्देनजर सभी संबंधित विभागों को बचाव एवं राहत कार्यों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। तहसील सदर, सोहावल और रुदौली के उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को लगातार निगरानी रखने के साथ ही जरूरत के अनुसार खाद्यान्न और पशुओं के लिए भूसे का वितरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

PCF
कार्यालय-जिला कार्यालय, यू०पी० कोआपरेटिव फेडरेशन लि.
कार्यालय : जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. प्लाजा भवन, मिन्टहाउस, नदेसर, वाराणसी
मो.नं. 8765984590 ई-मेल-dsvns.pcf@gmail.com

पत्रांकःपी०सी०एफ०/जि.का./प्रा.स./ई.-टेण्डर/2026-27/491 दिनॉकः-31.08.2026

प्रेस विज्ञप्ति

मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद वर्ष 2026-27 एवं गेहूं खरीद वर्ष 2027-28 में पी.सी.एफ. के चयनित धान/गेहूं क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग कार्य हेतु ठेकेदार के चयन के लिए https://etender.up.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन ई-निविदा संख्या -2026_UPPCF_1180169_1 आमंत्रित की गयी है, आमंत्रित ई-निविदा के सापेक्ष निविदा-दाताओं द्वारा दिनांक 08.09.2026 के अपरान्ह 03.00 बजे तक अपनी निविदा अपलोड की जा सकती है। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र एवं नियम व शर्तें उक्त साईट पर उपलब्ध है।

प्राप्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ. वाराणसी
मो.नं.-8765984590
Email-dsvns.pcf@gmail.com

संक्षेप

## वित्त विहीन शिक्षकों की शिक्षक अधिकार का हुआ स्वागत

अयोध्या। वित्त विहीन शिक्षकों की शिक्षक अधिकार यात्रा रविवार को जी डी इंटर कॉलेज टकसारा पहुंची जहां वित्तविहीन शिक्षकों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया यात्रा में प्रधान महासचिव जियारत हुसैन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सत्यनारायण परिहार देशबंधु शुक्ला यात्रा लेकर अयोध्या पहुंचे थे प्रधान महासचिव ने कहा वित्तविहीन शिक्षकों की दुर्दशा आज हमारे अपने नेताओं के कारण है इसका प्रमाण है कि वर्ष 1986 में केवल दो वर्षों के लिए ही वित्तविहीन व्यवस्था लागू की गई थी तो वह आज तक कैसे चल रही है जो हमारे वोट से जीत कर सदन में नेता जा रहे हैं वह इस प्रश्न को सरकार से क्यों नहीं पूछते सदन में हमारी बात क्यों नहीं रखी जाती।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि यह सरकार हमें सेवा नियमावली बनाकर मानदेय नहीं देती तो हम 75 जिलों में जाकर शिक्षकों को मजबूती से संघर्ष करने के लिए तैयार करेंगे।

# औषधि निरीक्षक की छापेमारी, 15 प्रतिष्ठानों की जांच

जिला संवाददाता




देवरिया। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में औषधि निरीक्षक, देवरिया राघवेन्द्र सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर सघन जांच एवं छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस दौरान 15 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। कई प्रतिष्ठानों पर औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख, बिक्री बिल, एक्सपायरी दवाओं की व्यवस्था तथा औषधियों के भंडारण से संबंधित अनियमितताएं पाई गईं।

औषधि निरीक्षक द्वारा जिला मुख्यालय सहित रुद्रपुर बरहज कॉलोनी भागलपुर सलेमपुर भाटपार रानी भटनी लाल रोड स्थान पर मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया जांच के दौरान अरुण फार्मा से तीन, वेलकम मेडिकल स्टोर से दो तथा नेशनल मेडिकल स्टोर से दो औषधियों के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है निरीक्षण के दौरान कई मेडिकल स्टोरों पर बिक्री बिल निर्गत नहीं किए जाने की स्थिति सामने आई। कुछ प्रतिष्ठानों पर शिड्यूल एच औषधियों की बिक्री के लिए आवश्यक रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया। वहीं, कुछ स्थानों पर एक्सपायरी दवाओं के लिए निर्धारित लेबलिंग की व्यवस्था नहीं थी। पशु औषधियों को अन्य औषधियों से पृथक रखने के लिए आवश्यक लेबलिंग भी कुछ प्रतिष्ठानों पर नहीं मिली न्यू जनता मेडिकल स्टोर, रुद्रपुर में कम तापमान पर भंडारित की जाने वाली औषधियों के लिए फ्रिज उपलब्ध नहीं पाया गया ।संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों को आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने एवं कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। औषधि निरीक्षक ने अरुण फार्मा को पिछले तीन माह में किए गए समस्त औषधियों के क्रय-विक्रय का अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एचएन फामेर्सी को सात औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया औषधि निरीक्षक के अनुसार संग्रहित किए गए औषधियों के नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण की आख्या अग्रिम कार्रवाई के लिए सहायक आयुक्त (औषधि), गोरखपुर मंडल, गोरखपुर को प्रेषित कर दी गई है।

## कामगार परिवारों को मिला आर्थिक संबल

अयोध्या। योगी आदित्यनाथ सरकार की कल्याणकारी पहलों के तहत प्रदेश के निर्माण कामगार परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत अयोध्या मंडल के पांच जिलों के कुल 204 लाभार्थी परिवारों को करोड़ों रुपये की धनराशि वितरित की गई है। यह सहायता उन परिवारों के लिए राहत का आधार बनी है, जो असमय मृत्यु या दिव्यांगता के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे। श्रम विभाग द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों और उनके आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। अयोध्या समेत इन जिलों में वितरित सहायता राशि श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली साबित हो रही है। अमेठी जिले में सबसे अधिक 42 श्रमिक परिवारों को कुल 94.50 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। संकट की घड़ी में यह आर्थिक मदद उनके लिए सहारे का काम कर रही है।

## संयुक्त टीम ने 02 बाल श्रमिकों को कराया अवमुक्त



कुशीनगर। श्रम विभाग, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित 2016 के अंतर्गत आज विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान सोहरौना, रविन्द्र नगर पडरौना स्थित श्री गुप्ता जी टी स्टॉल एवं मिश्रा जनरल स्टोर का निरीक्षण किया गया, जहां से 02 बाल श्रमिकों को अवमुक्त कराया गया। तत्पश्चात दोनों बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, कुशीनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सुपुर्द किया गया। अवमुक्त बाल श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वास हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही अधिनियम के अंतर्गत सेवायोजकों को नोटिस जारी करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है ।श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अलंकृता उपाध्याय ने आमजन से अपील की है कि बच्चों से कार्य न कराएं। बाल श्रम कराना अपराध है तथा शिक्षा एवं सुरक्षित बचपन प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। बाल श्रम कराते पकड़े जाने पर 06 माह से 02 वर्ष तक की कैद एवं 20,000 से 50,000 तक के जुमार्ने का प्रावधान है। इस अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस टीम तथा चाइल्ड लाइन टीम के अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहे।

## आशा बहुओ को छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल का मेडिकल किट वितरित

भटनी (देवरिया)। सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी के अधीक्षक नवीन कुमार सिंह द्वाराआशा बहुओ को छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल का किट किया वितरित। अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि केवल मेडिकल किट नही ब्लिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जाना वाला एक घरेलू शिशु देखभाल का बेहतर तरीका है ।आशा बहु को 3 माह से 15महिने तक बच्चों के घर जाती है ।सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पोषण व आहार 6 माह.के बाद बच्चे को स्तनपान के साथ-साथ पौष्टिक आहार पूरक आहार देने की सलाह देना है ।प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि बच्चे के विकास की जाँच बच्चे के वजन लम्बाई शारीरक मानसिक विकास की समय निगरानी करना नियमित टीकाकरण के दौरान बच्चे के सम्पूर्ण टीकाकरण व समय से टीका लगवाने के लिए प्रेरेरित करना है । बिमारियों के बचाव के लिए निमोनिया जैसे बचपन के आम बिमारियों को पहचानना व रोकथाम के उपाय बताना ।ब्लॉक कम्युनिटी प्रोफेसर मैनेजर रानी ने कहा कि स्वचछता साफ पानी स्वचछता की जानकारी परिवार में देने. । कार्यक्रम राष्ट्रीय मिशन के अन्तर्गत बच्चों के कुपोषण व मृत्यु दर को कम करने की सतत प्रक्रिया है । कार्यक्रम के दौरान आशा बहुओ के दौरो समय माह में मिलने वाले प्रोत्साहन राशि 50रुपया पाँच माह पर 250रुपया दिया जाता है ।इसके अलावे पौष्टिक आहार सहित बच्चों के पोषणशिशु के जीवन रक्षा व प्रारम्भिक बाल्यावस्था विकास के लिए गृह आधारित कार्यक्रम है ।कार्यक्रम में ब्लाक डाटा प्रबन्धक विवेक श्रीवास्तव आशा संगिनी उषा यादव अंजू मल्ल किरण पूनम शशि कला इन्दू देवी माया दवी संध्या देवी सुषमा देवी अंजिता अनिता प्रभावती देवी को वितरित किया गय

# श्रमिकों का पंजीयन एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया जागरूक



कुशीनगर। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र निर्माण श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा सोमवार को जनपद के कसया, पडरौना एवं हाटा स्थित लेबर चौकों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्य की तलाश में लेबर चौक पर पहुंचे श्रमिकों को विभाग में पंजीयन एवं पंजीकृत श्रमिकों को समय से नवीनीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। इनमें मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, आयुष्मान कार्ड, कन्या विवाह सहायता योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना तथा संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना सहित श्रमिकों एवं उनके परिवारों के हित में संचालित विभिन्न योजनाएं शामिल हैं।श्रमिकों को बताया गया कि निर्माण श्रमिक अपना पंजीयन नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से अथवा पोर्टल पर ऑनलाइन करा सकते हैं। पूर्व में पंजीकृत श्रमिक भी इसी पोर्टल के माध्यम से निर्धारित समय पर अपना वार्षिक नवीनीकरण करा सकते हैं। पंजीयन एवं नवीनीकरण के उपरांत पात्रता के अनुसार श्रमिकों को संतान के जन्म, बच्चों की शिक्षा, पुत्री के विवाह तथा श्रमिक की मृत्यु आदि विभिन्न परिस्थितियों में बोर्ड द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सहायता एवं अनुदान का लाभ प्राप्त हो सकता है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमिकों को डिजिटल लेबर चौक की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी तथा बताया कि इसका उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को रोजगार के अवसरों से जोड़ने और श्रमिकों एवं नियोक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।जागरूकता अभियान के दौरान श्रम विभाग के कर्मचारी शशि शेखर मिश्र, संदीप मल्ल एवं राजेश कुमार गौड़ सहित श्रमिक गोविन्द, आदि उपस्थित थे।

# फिटनेस समाप्त स्कूली वाहनों से बच्चों का परिवहन मिलने पर होगी प्रभावी कार्रवाई

कुशीनगर। स्कूली बच्चों का सुरक्षित परिवहन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। परिवहन आयुक्त महोदय द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि फिटनेस फेल अथवा फिटनेस की वैधता समाप्त स्कूली वाहनों से बच्चों का परिवहन किसी भी दशा में न किया जाए। यदि किसी विद्यालय प्रबंधन द्वारा फिटनेस समाप्त स्कूली वाहनों का संचालन करते हुए बच्चों को परिवहन कराया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद कुशीनगर में कुल 1672 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें से 141 स्कूली वाहनों की फिटनेस वैधता समाप्त हो चुकी है। शासन द्वारा संचालित मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के अंतर्गत फिटनेस समाप्त स्कूली वाहनों की फिटनेस कराने के लिए कार्यालय द्वारा संबंधित विद्यालय प्रबंधकों को दूरभाष एवं नोटिस के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। इसके साथ ही विभागीय टीम गठित कर ऐसे वाहनों का स्थलीय एवं भौतिक निरीक्षण भी कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के दौरान वाहन 4.0 पोर्टल पर फिटनेस की वैधता समाप्त वाले 141 स्कूली वाहन चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 35 स्कूली वाहनों का पंजीयन निलंबित तथा 20 स्कूली वाहनों को ब्लैकलिस्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त संबंधित विद्यालय प्रबंधक/प्रधानाचार्य को सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच कराकर वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करने हेतु नोटिस जारी किए गए हैं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इससे पूर्व भी संबंधित विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को फिटनेस समाप्त वाहनों के संबंध में नोटिस जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद कुछ विद्यालय प्रबंधन द्वारा फिटनेस को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

उन्होंने जनपद के समस्त विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की है कि अपने विद्यालय में संचालित सभी स्कूली वाहनों का भौतिक निरीक्षण कराते हुए उनकी फिटनेस वैधता सुनिश्चित करें तथा फिटनेस समाप्त वाहनों का तत्काल फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त कराएं। फिटनेस की वैधता समाप्त वाहनों को मार्ग पर संचालित पाए जाने पर उनके विरुद्ध सघन एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीयन निलंबित किए गए अनफिट स्कूली वाहनों की निर्धारित समयावधि में फिटनेस नहीं कराई जाती है, तो ऐसे वाहनों के पंजीयन प्रमाण-पत्र निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए संचालित वाहनों की फिटनेस एवं वैध दस्तावेजों की स्थिति के प्रति सजग रहें तथा किसी भी फिटनेस समाप्त वाहन से बच्चों का परिवहन न होने दें।

## सच्चे समाजवादी थे ब्रजराज रावत : सुभाषचंद्र



बरहज, देवरिया। सोमवार को समाजवादी पुरोधा लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय ब्रजराज रावत की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर लवरछी कैंप कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में हुआ।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सपा के राष्ट्रीय सचिव सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्वर्गीय ब्रजराज रावत जी सच्चे समाजवादी थे। उनका संपूर्ण जीवन समाजवाद के प्रचार एवं प्रसार में व्यतीत हुआ। उन्होंने जीवन भर समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए कार्य किया। उन्होंने हमेशा पिछड़े दलितो, शोषितो, वंचितों दबे कुचले लोगों की पैरोकारी किया। उनका संपूर्ण जीवन देश और समाज के हित में व्यतीत हुआ। उन्होंने समाजवाद की मजबूती के लिए लगातार उत्कृष्ट कार्य किया। सपा नेता विजय रावत ने श्रद्धांजलि सभा में आए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया ।श्रद्धांजलि सभा में मुख्यरूप से सपा के राष्ट्रीय सचिव आर एस कुशवाहा, पूर्व विधायक खोखा सिंह, पूर्व विधायक गजाला लारी, ओपी यादव, रामप्रवेश यादव बबलू, पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, निखिल सिंह, एन.पी. यादव, अशोक कुशवाहा, डॉ विनय रावत, रणवीर यादव, मनोज यादव, खुर्शीद आलम अंसारी, दीना चौधरी, हरिओम लाला, हरेंद्र त्यागी, सिल्लू रावत, मनीष रावत आदि मौजूद रहे।

## व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं, बाजार व्यवस्था, अतिक्रमण, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न हो तथा व्यापारियों के साथ संवाद एवं समन्वय बनाए रखते हुए कार्य किया जाए। उन्होंने नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि बाजार क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं यातायात व्यवस्था बेहतर रखी जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10, 11 एवं 14 सितंबर को व्यापारियों के साथ बैठक की जाए। बैठक से पूर्व व्यापारियों को बैठक की सूचना से अवगत कराया जाए। व्यापारियों द्वारा सड़कों पर गड्ढे होने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं अधिशासी अधिकारी नगरपालिका/नगर पंचायत को सड़कों पर हुए गड्ढों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के डीएम ने दिए निर्देश

जिला संवाददाता

*देवरिया।* जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा गतिविधियों एवं सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा गतिविधियों के आंकड़ों की नियमित निगरानी तथा जनपद की सीमा अंतर्गत मार्गवार सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान एवं अध्ययन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर वहां सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतक, रोड मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं एआरटीओ को निर्देशित किया कि जिन विकास खंडों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है, वहां विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए।

विद्यालयों में भी सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने राजमार्गों पर अकएवं पुलिस की नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजमार्ग एवं मुख्य मार्गों पर सड़क सुरक्षा संबंधी संकेतकों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार नए संकेतक लगाए जाने तथा रोड सेफ्टी पॉलिसी का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा जिलाधिकारी ने स्कूल वाहनों में सड़क सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण विभाग, परिवहन, स्वास्थ्य एवं अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा दुर्घटना की स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा को सक्रिय रखने को कहा।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोतवाली पुलिस हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिजित आर. शंकर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आनन्द कुमार पांडेय के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर श्री संजय कुमार रेड्डी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मार-पीट के संबंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-0596/2026 धारा 115(2),352,351(2) व बढ़ोत्तरी धारा 109(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त वैभव उर्फ भयभुक पुत्र मिथिलेश सिंह निवासी सोमनाथ मन्दिर थाना कोतवाली को गोरखपुर ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, उ0नि0 रिद्वन सिंह, का0 सनित यादव, और.का0 इश्तियाक थाना कोतवाली टीम में शामिल थे।

# राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर से भड़के कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया

जिला संवाददाता

देवरिया। हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद कथित रूप से किए गए जातिवादी ह्यशुद्धिकरण अनुष्ठानह्न तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस ने जिला मुख्यालय के सुभाष चौक पर विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने इस घटना को सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्न ने किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने सुभाष चौक पर भाजपा एवं आरएसएस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कथित जातिवादी घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की।

जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशनह्न ने कहा कि हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद सामने आए कथित ह्यशुद्धिकरण अनुष्ठानह्न ने सामाजिक समानता और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय किसी वरिष्ठ नेता के कार्यक्रम के बाद इस तरह की घटना सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे समाज में गलत संदेश जाता है और सामाजिक विभाजन को बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई, लेकिन उनके खिलाफ ही एफआईआर दर्ज किया जाना बदले की राजनीति को दशार्ता है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार को घटना की निष्पक्ष जांच कराकर वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, न कि सवाल उठाने वाले विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस संविधान में निहित सामाजिक न्याय, समानता और प्रत्येक नागरिक की गरिमा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से जनता के मुद्दों को उठाते रहेंगे और संविधान तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र और राज्य सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की। नेताओं ने कहा कि सामाजिक सद्भाव बनाए रखना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी।

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जयदीप त्रिपाठी, अरविन्द शाही, भरत मणि, सुनील कुमार तिवारी, जुलेखा खातून, मुकुंद भास्कर मणि, नागेंद्र शुक्ला, सहित पदाधिकारी, विभिन्न फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## *निष्पक्षता, सच्चाई और संगठन पत्रकारिता की असली ताकत



देवरिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जनपदीद कार्यकारि यूणी की बैठक बारीपुर धाम के सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष नागेन्द्रनाथ शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में पत्रकारों के समक्ष आ रही चुनौतियों के लिए संगठन को और सक्रिय बी सशक्त बनाने पर जोर दिया गया । बारीपुर पीठ के उत्तराधिकारी गोपालदास ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत रखने में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है ।यही समाज को सही दिशा दिखाता है ।प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्ट वीरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष/ प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य पौहारी शरण राय ने निष्पक्षता, सच्चाई और मजबूत संगठन पत्रकारिता की असली ताकत बताते हुए इसे तहसील से लेके जिले और प्रदेश स्तर तक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है । बैठक में सभी तहसीलों में अक्टूबर मां के मां के प्रथम सप्ताह तक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया ।बैठक को जिला संरक्षक प्रेमचंद पी सी मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राम नवल सिंह, जिला मंत्री अश्विनी द्विवेदी, मनोज भारती, सुरेश पांडेय, के पी गुप्त, गंगा शरण पाण्डेय, तहसील अध्यक्ष श्याम नारायण मिश्रा, विनोद सिंह, सिंहासन यादव, विजय कुमार सिंह सहित परमेश्वर दयाल मिश्र, पवन सिंह, जिला संप्रेक्षक प्रमोद राय आदि ने अपने सुझाव दिए । संचालन जिला महामंत्री डॉ एच समिष्ट ने किया। बैठक के अंत में भागलपुर के युवा पत्रकार विपिन जायसवाल की पत्नी और रुद्रपुर के तहसील मंत्री की माता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर गत्यात्माओं की शांति की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## शिक्षक दिवस पर सम्मानित होंगे सेवानिवृत्त शिक्षक

देवरिया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पू०मा०) शिक्षक संघ जनपद देवरिया की बैठक बी०आर०सी० देवरिया सदर पर जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में 05 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत होने वाले 68 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा ।जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक प्रातः 10 बजे जिला पंचायत सभागार देवरिया में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें। शिक्षक सम्मान समारोह केमुख्य अतिथि- डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी सदर विधायक वी, विशिष्ठ अतिथि- श्री मधुसूदन हुल्गी (आई.ए.एस.) जिलाधिकारी, राजेश कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी शीत विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## जीतू यादव ने यूजीसी नेट, जेआरएफ परीक्षा की उत्तीर्ण



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के आवासीय परिसर स्थित शारीरिक शिक्षा विभाग में पीएचडी की शोध छात्रा जीतू यादव ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित नेट जे.आर.एफ. की परीक्षा शारीरिक शिक्षा विषय में उत्तीर्ण की है। जीतू यादव शारीरिक शिक्षा विषय में शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में शोध कर रही हैं। जीतू यादव की इस सफलता पर शारीरिक शिक्षा खेल एवं योग विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एस.एस. मिश्र, डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. कपिल कुमार राणा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. त्रिलोकी यादव, संघर्ष सिंह, देवेंद्र वर्मा, कुमार मंगलम सिंह, डॉ. मोहनी पाण्डेय, स्वाती उपाध्याय सहित विभाग के छात्र - छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# रोजगार के लिए युवाओं का कौशल पर जोर



शाहिद ए चौधरी

अब समय बदल रहा है। स्किलिंग का नया मॉडल विकसित हो रहा है। जेनेरिक पाठ्यक्रम ऑफर करना व प्रशिक्षु को छोड़ देना कि वह स्वयं अपने लिए काम तलाश करे (अगर वह किस्मत का धनी है तो) की बजाए स्किल केंद्र अब एम्प्लायर्स के साथ मिलकर रिक्त स्थानों की पहचान कर रहे हैं और फिर बस्तियों, आदिवासी गांवों व गरीब समुदायों से लोगों को रेक्रूट करके उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं।

जब पौ फटने के बाद आप मेरठ के बेगम पुल से गुजरेंगे तो आपको पुल के फुटपाथ पर सैंकड़ों लोग बैठे हुए दिखायी देंगे। ये गरीब श्रमिक हैं, जो काम की तलाश में दिन निकलने से पहले ही यहां बैठ जाते हैं कि कोई आयेगा और दैनिक दिहाड़ी पर उन्हें अपने साथ ले जायेगा, जिसके लिए थोड़ा मोल-भाव भी अक्सर देखने को मिलता है। दशकों से यही सिलसिला चलता आ रहा है। लेकिन यह केवल एक शहर की कहानी नहीं है। देशभर के श्रम चौकों पर लोग एकत्र होते हैं, इस उम्मीद में कि कोई ठेकेदार उन्हें काम दे देगा और उनकी रोटी का भी जुगाड़ हो जायेगा। दूसरी ओर गरीब महिलाओं को जो काम मिल जाये- घर में सफाई करना, खाना बनाना, कपड़े धोना आदि वह उसे अपनी जीविकोपार्जन के लिए करती रही हैं। इन श्रमिकों के बच्चे इस सोच के साथ बड़े हुए हैं कि काम इसी तरह से मिलता है।

बहरहाल, अब समय बदल रहा है। स्किलिंग (कौशल विकास या हुनर सिखाना) का नया मॉडल विकसित हो रहा है। जेनेरिक पाठ्यक्रम ऑफर करना व प्रशिक्षु को छोड़ देना कि वह स्वयं अपने लिए काम तलाश करे (अगर वह किस्मत का धनी है तो) की बजाए स्किल केंद्र अब एम्प्लायर्स के साथ मिलकर रिक्त स्थानों की पहचान कर रहे हैं और फिर बस्तियों, आदिवासी गांवों व गरीब समुदायों से लोगों को रेक्रूट करके उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं। जो श्रमिक इस तरह अपने परिवारों में औपचारिक रोजगार प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं, वह अनौपचारिक, अनिश्चित कार्य और संगठित कार्यबल के बीच पुल बन रहे हैं- साथ ही उन जॉब्स का भी विस्तार हो रहा है, जो वह कर सकते हैं। दरअसल, उद्योगों में वेकेंसी थीं, लेकिन लोगों को मालूम नहीं था कि उनके लिए अवसर मौजूद हैं। इसलिए अब स्किल केंद्रों ने अपना ट्रेनिंग मॉडल इस तरह से विकसित किया है, जो उद्योग की जरूरतों को पूरा कर सकें। मसलन, आजकल भारतीय बाजार में लक्जरी ब्रांड्स का प्रवेश अधिक हो रहा है, इसलिए एक स्किल केंद्र ने अपने लैब को इस तरह से डिजाइन किया है कि वह लक्जरी बुटीक सा दिखायी देता है, जिसमें पॉलिश किये गये




डिस्प्ले काउंटर और ध्यानपूर्वक ड्रेस किये गये पुतले हैं। इस वातावरण में ऐसे लोग तैयार किये जाते हैं जो फ्लोर स्टाफ की जरूरतें पूरी कर सकें; क्योंकि वह ब्रांड की कहानी को समझ लेते हैं

विमर्श

और विजुअल व्यापार के महत्व को भी। कहने का अर्थ यह है कि स्किल केंद्रों पर ऐसे वातावरण में ट्रेनिंग दी जा रही है, जो एक संभावित कर्मचारी को वास्तविक कार्यस्थल पर मिल सकती है। उसे संबंधित रोजगार हासिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार कर दिया जाता है।

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के कांदिवली केंद्र ने मुंबई के उत्तरी क्षेत्र में 50 स्लम को मैप किया है। रेक्रूटर रेलवे स्टेशनों पर बैनर लेकर निकलते हैं, व्हाट्सएप्प व इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हैं और बस्तियों के अंदर काम कर रहे एनजीओ से सहयोग करते हैं, 100 लोगों को रेक्रूट करने की योजना के साथ। फिर चुने गये लोगों को वास्तविक कार्यस्थल जैसे माहौल में ट्रेनिंग दी जाती है (देखें बॉक्स)। महाराष्ट्र में जो सीआईआई के करियर केंद्र हैं, वह अभी तक 67,000 से अधिक जॉब्स उपलब्ध करा चुके हैं, जबकि अकेले कांदिवली केंद्र (देखें बॉक्स) ने 12,000 से ज्यादा लोगों को ट्रेनिंग दी है। ध्यान रहे कि कुछ पाठ्यक्रमों में न्यूनतम शिक्षा 12वीं और थोड़ी सी अंग्रेजी जानने की आवश्यकता होती है, जबकि कुछ में इसकी भी जरूरत नहीं होती है। लोगों को सिर्फ भारत में ही जॉब्स हासिल करने के लिए तैयार नहीं किया जा रहा है। उन्हें विदेशों में रोजगार के लायक भी बनाया जा रहा है। मसलन, एक स्किल केंद्र में जापानी प्रोग्राम भी है, जो निहोन एडूटेक के सहयोग से चल रहा है, जिसमें छात्रों को जापानी भाषा, संस्कृति व एटिकेट की शिक्षा दी जाती है। छह माह बाद यह छात्र चॉपस्टिक्स से खाना सीख लेते हैं। इस केंद्र में ट्रेनिंग प्राप्त 80 इलेक्ट्रीशियन जापान में काम भी कर रहे हैं और रोगियों की देखभाल करने वाले 12 वर्कर्स जल्द ही जापान जाने वाले हैं; बूढ़े होते जापान में ऐसे वर्कर्स की बहुत मांग है। वहां 12वीं कक्षा पास छात्र लगभग 1.5 लाख रुपए प्रति माह कमा लेता है। हर कर्मचारी को 3 से 5 वर्ष के कॉन्ट्रैक्ट पर ही जापान भेजा जाता है। जर्मन पाठ्यक्रम में मुख्य फोकस नर्स व इलेक्ट्रीशियन पर है। इस सबका अर्थ यह है कि भारत अब धीरे-धीरे अपनी आबादी का फायदा उठाना सीख रहा है। जितने अधिक भारतीय विदेशों में काम करेंगे, उतनी ज्यादा विदेशी मुद्रा भारत में आयेगी।

एक अच्छी बात यह है कि स्किल ट्रेनिंग का फोकस आदिवासी क्षेत्रों पर भी है। मसलन, दक्षिण राजस्थान की आदिवासी पट्टी में आजीविका ब्यूरो 2004 में शुरू हुआ, जिसने युवा आदिवासियों को इलेक्ट्रिकल वायरिंग व टू-व्हीलर रिपेयर में ट्रेनिंग देना आरंभ किया और अब इसका विस्तार किया जा चुका है व अन्य संगठित सेक्टर्स के लिए भी ट्रेनिंग दी जा रही है। हालांकि शुरू में आदिवासी लड़कियों को ट्रेनिंग देना कठिन था, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। उदयपुर की कोटरा तहसील की एक आदिवासी लड़की को जयपुर में फ्लिपकार्ट वेयरहाउस में 12,000 रुपए प्रति माह पर पिकर-पैकर का जॉब मिला है। वह बताती है, 'मेरे पिता दैनिक मजदूर थे। कभी उन्हें 15 दिन का काम मिल जाता तो कभी ठेकेदार उनकी मजदूरी में बेईमानी कर लेता। उन्हें मालूम न था कि महीने में कितने पैसे उन्हें मिल सकते हैं। मासिक वेतन पाने वाली मैं अपने परिवार में पहली हूं।' तथ्य यह है कि जिन गरीबों को आलसी समझा जाता था वह स्किल केंद्रों की मदद से गरीबी के चक्र को तोड़ते हुए विविध भूमिकाएं अपना रहे हैं, जिनमें कंटेंट क्रिएटर व इन्फ्लुएंसर के जॉब्स भी शामिल हैं।

मुंबई के कांदिवली ईस्ट में एक बेनाम सी बिल्डिंग है। इसमें कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के अटल बिहारी वाजपेयी कौशल विकास केंद्र ने पांच मंजिला को 'लैब' या कार्यस्थल में बदला हुआ है। पहले माले पर आईटीसी होटल का मॉडल है, फ्रंट डेस्क, रेस्तरां व सुइट के साथ, जहां ट्रेनी कमरों की श्रेणियों को याद करते हैं, फेटुचिनी व पेने का अंतर सीखते हैं (फेटुचिनी एक चैड़ा, चपटा व लम्बा नूडल्स जैसा पास्ता है, जो क्रीमी सॉस के साथ अच्छा लगता है, जबकि पेने एक छोटी नली के आकार का पास्ता है, जिसके किनारे तिरछे कटे होते हैं और यह गाढ़े टमाटर या क्रीम सॉस के साथ अच्छा लगता है), व साथ ही तौलिया कला में महारत हासिल करते हैं। दूसरे माले पर डोमिनो ने लाइव ओवन स्थापित किये हुए हैं जहां छात्र बेक करते हैं व पिज्जा को डिब्बों में रखते हैं। तीसरे फ्लोर पर लोरिअल के सैलून स्टेशन हैं। एक अन्य फ्लोर पर साइबर सिक्यूरिटी छात्रों को काल्पनिक हमले में हैकर व रक्षकों में विभाजित किया हुआ है। सीआईआई के इस कांदिवली स्किल सेंटर के 14 उद्योग पार्टनर हैं, जिनमें होटलों से लेकर एसी, रेफ्रिजरेशन, रिटेल आदि तक शामिल हैं, जिन्होंने केंद्र में नकली कार्यस्थल स्थापित किये हुए हैं। चूंकि ट्रेनिंग वास्तविकता के काफी करीब है, इसलिए रोजगार मिलना आसान हो जाता है।

## नेपाल त्रासदी के सबक

नेपाल भयानक जल प्रलय से दो-चार है। जल प्रलय के कारण हजारों लोग अभी भी लापता हैं और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे बिहार के 6 जिलों और उप्र के भी कुछ जिलों को 'अलर्ट' पर रखा गया है। वहां एनडीआरएफ की टीमें भी तैनात हैं। यह प्रलय महाविनाशकारी और इसके दायरे में आने वाले तमाम इलाकों, इंसानों, परियोजनाओं को तहस-नहस करने वाली साबित हुई। करीब 22 पक्के पुल तबाह हो गये, 12 पनबिजली परियोजनाएं तबाह या क्षतिग्रस्त हो गयीं, 431 मेगावाट बिजली की परियोजनाएं भी ध्वस्त हो गईं, राजमार्ग टुकड़े-टुकड़े हो गये, इमारतें, होटल, रेस्तरां, गेस्ट हाउस और गांव के गांव मिट्टी-मलबे में तब्दील हो गये। करीब 60 घर जमींदोज होकर बह गये। 12 अस्पताल भी 'समतल' हो गए और करीब 1000 टन का पुल भी ध्वस्त हो गया। नेपाल में चीन के 'इमिग्रेशन दफ्तर' की खूबसूरत इमारत का भी नामोनिशान शेष नहीं रहा। यह प्रलय कुदरत का गुस्सा है अथवा खुद इंसान अपना 'महाविनाश' तैयार कर रहा है? ऐसी त्रासदियों के बाद भी इस सवाल का जवाब अनसुलझा है, क्योंकि पहाड़ काट-छांट कर खोखले किए जा रहे हैं और विशेषज्ञ उन्हें 'अति संवेदनशील' करार दे रहे हैं, लेकिन सडकें, सुरंगें, पुल, बांध, पनबिजली परियोजनाएं और अन्य निर्माण लगातार जारी हैं। विनाश से भी खौफ नहीं। चीन इस इलाके में पहाड़ काट कर रेलमार्ग बनाने की योजना पर काम कर रहा



है। ऐसा है, तो कुदरत के प्रलय बार-बार आएंगे और एहसास दिलाते रहेंगे कि इनसान बहुत 'बौना' प्राणी है। इस त्रासदी में मृतकों की संख्या हजार पार हो गयी है और अभी भी बड़ी संख्या में लापता हैं। 225 कर्मचारी और मजदूर भी संपर्क से बाहर बताए गए हैं। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ-यात्रियों में 77 ईशा फाउंडेशन के सदस्य भी हैं, जो लापता बताए गए हैं। पहले यह बताया गया कि नेपाल से सटे तिब्बत में 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। उसके 3 मिनट बाद ही 'बर्फीला हिमस्खलन' शुरू हो गया। लेकिन बाद में इसकी कहानी बदल गयी। वैसे जो कहानी बतायी जा रही है वह चीन की गढ़ी हुई है, ऐसे में हो सकता है चीन अपनी करतूत छिपाने के लिए ग्लेशियर की कहानी गढ़ रहा हो। सैटेलाइट तस्वीरों से साफ हुआ है कि ग्लेशियर से 2000 फीट चौड़ा बर्फ का टुकड़ा टूट कर करीब 17,000 फीट की ऊंचाई से गिरा। जहां वह गिरा, वहां बम-विस्फोट जैसा गड्ढा हो गया और ल्हेंदे नदी में पानी जमा होकर एक 'अस्थायी झील' बन गई। दबाव में वह झील टूटी और पानी, बर्फ और मलबे का प्रलयंकारी सैलाब नीचे आया। यह नेपाल-तिब्बत की सीमा पर स्थित भोटेकोशी नदी की ओर बढ़ गया। सैटेलाइट से एक दिन पहले बर्फ की परत तेजी से गायब होती दिखाई दी थी। तापमान बढ़ने से ग्लेशियर पिघलने या 'हिमस्खलन' का कारण हो सकता था। बहरहाल जो भी यथार्थ सामने आया, वह महाविनाशकारी है, बेहद खौफनाक है। हम ऐसा ही विनाश, विध्वंस, तबाही केदारनाथ और उत्तरकाशी के महा प्रलय में देख-महसूस कर चुके हैं। इस महाप्रलय के बीच सुखद खबर यह है कि बचाव ऑपरेशन में 3318 जिंदगियों को बचाया जा चुका है। तबाही, प्रलय की स्थितियों में यह आंकड़ा सुकून देने वाला है। हालांकि प्रलय का प्रकोप शांत हो चुका है, लेकिन कीचड़ है, सड़कें टूट चुकी हैं, मौसम अब भी खराब है, लिहाजा सड़क-मार्ग से ऑपरेशन असंभव-सा था। सैनिकों ने हेलीकॉप्टरों से लोगों की जान बचाई। भारत के ट्रांसपोर्ट विमानों ने 50 टन से अधिक राहत-सामग्री पहुंचा दी है। फंसे लोगों तक उस सामग्री को भेजा जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से फोन पर बात चीत की और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। नेपाल की त्रासदी नेपाल के साथ ही भारत के लिए भी सबक है कि अगर प्रकृति के साथ इसी तरह की छेड़छाड़ होती रही, तो ऐसे दिन में देखने पड़ेंगे। इसलिए इस त्रासदी से सबक लेने की जरूरत है।

### विचार

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश–यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– बृंद.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

### सोशल मीडिया

भाजपा सिर्फ वोटों की सगी है, जाट या किसी अन्य समाज की नहीं। जो जाट नेता भाजपा के साथ अपने स्वार्थवश खड़े हैं, जाट समाज अब उनसे जवाब मांग रहा है। अखिलेश यादव.



आज का युवा स्कूलों की बदहाली ही दर्ज नहीं कर रहा, उस व्यवस्था का वह हिसाब मांग रहा है जिसने इस बदहाली को सामान्य बना दिया। यही नये सत्यशोधन की शुरुआत है। योगेन्द्र यादव.



जनपद कौशाम्बी यूपी में पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जन हानि का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ है। ओम शांति। केशव प्र. मौ.



## प्रतीकों का महत्व

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में राम हूं। इन प्रतीकों को थोड़ा हम समझें। वायु इस जगत में सर्वाधिक स्वतंत्र है और स्वतंत्रता ही पवित्रता है। वायु कहीं बंधी नहीं है, कहीं ठहरी नहीं है, कहीं उसका लगाव नहीं है, कहीं उसकी आसक्ति नहीं है। वायु एक सतत् गति है। तो पहली बात, जहां भी लगाव होगा, वहीं अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जहां भी आसक्ति होगी, जहां भी ठहरने का मन होगा, जहां पड़ाव मंजिल बन जाएगा, वही अपवित्रता शुरू हो जाएगी। जीवन की सारी दुर्गंध, जीवन की सारी कुरूपता, जहां-जहां हम ठहर जाते हैं और जकड़ जाते हैं, वहीं से पैदा होती है। जीवन जहां भी प्रवाह को खो देता है, गति को खो देता है और जहां ठहर जाता है, जड़ हो जाता है...। जैसे नदी बहती है, तो नदी पवित्र होती है। और डबरा बहता नहीं, अपवित्र हो जाता है। डबरे में भी वही जल है, जो नदी में है। लेकिन नदी में प्रवाह है, बहाव है, जीवन है। डबरा मृत है, कोई गति नहीं है। डबरा सड़ता है, दुर्गंधित होता है और नष्ट होता है। स्वभावतः, अपवित्र हो जाता है। कृष्ण कहते हैं, पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं। पहली बात, पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां प्रवाह सतत् हो। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई लगाव, जहां कोई रुकाव, जहां कोई ठहराव न आ जाए। पवित्रता वहीं ठहरती है, जहां कोई फिक्सेशन, प्राणों का अवरुद्ध होना न हो। जिसके प्राण भी वायु की तरह हैं- कहीं ठहरे हुए नहीं, कहीं रुकते नहीं, कहीं बंधते नहीं, कहीं कोई आसक्ति निर्मित नहीं करते- वही केवल पवित्रता को उपलब्ध हो पाएगा।

अंतर्दृष्टि

प्राचीन समय से संन्यासी ने प्रवाहवत जीवन व्यतीत करने को कहा है। नदी की तरह बहते रहो। महावीर ने अपने संयासियों से कहा है कि वे तीन दिन से ज्यादा कहीं रूके नहीं। तीन दिन के पहले हट जाएं। थोड़ा सोचने जैसा है। क्योंकि तीन दिन का यह राज महावीर को कैसे पता चला होगा, कहना मुश्किल है। लेकिन आधुनिक मनोविज्ञान कहता है कि आदमी को किसी भी जगह मन के लगने में कम से कम तीन दिन से ज्यादा का समय चाहिए। आप अगर एक नए कमरे में सोने जाएंगे, तो तीन रातें आपको थोड़ी-सी बेचैनी रहेगी, चौथी रात आप ठीक से सो पाएंगे। कहीं भी किसी नई स्थिति को पुराना बना लेने के लिए कम से कम तीन दिनों की जरूरत है। कम से कम। थोड़ा ज्यादा समय भी लग सकता है। महावीर ने अपने संयासियों को कहा है कि वह तीन दिन से ज्यादा एक जगह न रुकें। इसके पहले कि कोई अपना मालूम पड़ने लगे, उसे हट जाना चाहिए। क्योंकि जहां लगा कि कोई अपना है, वहीं जंजीर निर्मित हो जाती है और जिसके प्राणों पर जंजीर पड़ जाती है, उन प्राणों में कुरूपता और दुर्गंध और सड़ांध शुरू हो जाती है। – ओशो.

## यह हमारे प्रतिकूल है

व्यंग्यलोक


अब आत्ममंथन से मन ऊब गया है और सत्ता की मलाई चाटने को जीब लालायित हैं। मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले-घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ।



पूरन सरमा

मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा- आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

## रीला मठ का आर्किटेक्चर भी देता है आध्यात्मिक आनन्द



चिंतन

समीर चौधरी

हम रीला मोनेस्ट्री (मठ) की तरफ जा रहे थे। पहाड़ों पर घुमावदार सड़क पतली थी। मेरे सह-यात्री ने कहा, 'मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि दुनिया भर में देवता पहाड़ों, गुफाओं या मानवता से दूर ही रहना पसंद करते हैं।' मुझे एकदम से कैलाश मान सरोवर, अमरनाथ की गुफा आदि याद आ गये। उसकी बात में दम था। अधिकतर जगह पर यही हाल है। संभवतः देवता प्रकृति व सुंदर स्थलों के साथ जुड़े रहना चाहते थे। मुझे दूर से ही बर्फ से ढके पहाड़ों की पृष्ठभूमि में एक किला-नुमा शानदार इमारत नजर आने लगी और मुझे एकबार फिर कैलाश पर्वत याद आने लगा। दक्षिण -पूर्व यूरोप व बाल्कन प्रायद्वीप में रीला के पहाड़ सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला हैं। 1,147 मीटर की ऊंचाई पर यह स्मारकीय साईट बुल्गारिया की सबसे बड़ी ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स मोनेस्ट्री है।

यह सोफिया के दक्षिण में लगभग 117 किमी के फासले पर स्थित है। यह 8,800 वर्ग मीटर में फैली हुई है। इवान रिल्सकी या सेंट जॉन ऑफ रीला बुल्गारिया के संरक्षक संत हैं और 10वीं शताब्दी में इस पृथ्वी ग्रह पर रहा करते थे। पहले बुल्गारिया साम्राज्य (7 से 11वीं शताब्दी सीई) के दौरान उन्होंने ही इस मठ की स्थापना की थी। इस मठ में ही उनके अवशेष हैं। वैसे वह तो एक गुफा में रहते थे और इस मठ का निर्माण उनके छात्रों ने कराया, जो उनके पास शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते थे। रीला मोनेस्ट्री काम्प्लेक्स का आर्किटेक्चर मध्ययुग, पुनर्जागरण व बरोक शैलियों का शानदार व सुंदर मिश्रण है। यह चतुष्कोणीय है। पत्थर की ऊंची दीवारों से घिरा हुआ है, जो 24 मीटर ऊंची उठी हुई हैं और दीवारों में पतली खिड़कियां व मेहराबदार प्रवेशद्वार हैं। रिहायशी इमारतें अंदर के आंगन को घेरे हुए हैं, जिसमें लगभग 60 संत रहते हैं। अंदर के कोर्टयार्ड में संतों के कमरे, मेहमानों के लिए कमरे, एक पुस्तकालय, एक डाइनिंग हॉल और एक म्यूजियम है। कोर्टयार्ड को महराबदार पोर्टिको व ओपन-एयर बालकनियां अत्यधिक सुंदर लुक प्रदान करती हैं, विशेषकर अपने ब्लैक एंड वाइट धारीदार पैटर्न व विभिन्न रंगों की वजह से। काम्प्लेक्स के अंदर एक खूबसूरत चर्च है, जो वर्जिन मदर को समर्पित है और इसका पुनर्निर्माण 1834 व 1837 सीई (कॉमन एरा या सामान्य युग) के बीच किया गया था। यह पांच गुम्बदों वाला चर्च है। गुम्बदों को क्रॉस (सलीब) के रूप में बनाया गया है और उनपर भित्तिचित्र बनाये गये हैं जाहरी जोग्राफ जैसे कलाकारों द्वारा और एक विस्तृत नक्काशी किया हुआ लकड़ी का आइकॉन स्क्रीन भी है। चर्च के आर्किटेक्चर में नव-बीजांटिन व बरोक शैलियों का शानदार मिश्रण है। काम्प्लेक्स में हरेल्यो का टावर भी है, जो 23-मीटर ऊंचा मध्ययुग का स्ट्रक्चर है, जिसे बुल्गारिया शैली में डिजाइन किया गया है और इसमें एक चैपल (छोटा चर्च) है, जिसके टॉप फ्लोर पर सुंदर भित्ति चित्र हैं। रिहायशी शरणस्थल को अनेक चुनौतीपूर्ण समय का सामना करना पड़ा है। ओटोमन विजय के दौरान मूल स्ट्रक्चर को बहुत नुकसान पहुंचा था और उसका 1335 व 1343 सीई के बीच फिर से निर्माण कराया गया। इसके बाद बुल्गारियन नेशनल रिवाइवल के दौरान इसका बड़ा हिस्सा आग में नष्ट हो गया था, जिसका पुनर्निर्माण उदार दान के जरिये 1834 व 1862 सीई के बीच कराया गया। ओटोमन के विरुद्ध जंग के दौरान यह मठ विद्रोहियों का शरण स्थल था और इसमें कीमती पांडुलिपियों, पादरियों व विद्वानों को सुरक्षित रखा गया। रीला मोनेस्ट्री के संत व पादरियों ने विद्रोही आंदोलनों का अप्रत्यक्ष समर्थन किया।

जब 1878 में बुल्गारिया को स्वतंत्रता हासिल हुई तो इस मठ को राष्ट्रीय पहचान के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया गया। फिर 1983 में इसे यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज साईट घोषित किया। इस क्षेत्र में सात रीला झीलें हैं, जो एक के ऊपर एक स्थित हैं और छोटी छोटी स्ट्रीम्स से जुड़ी हुई हैं, जो झरने व जल-प्रपात बनाती हैं। इन झीलों तक पहुंचने के लिए पहले रोपवे का प्रयोग करना पड़ता है और फिर पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। इस मठ को देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि जीवन को बचाये रखने के लिए इंसान को कैसे कैसे रास्ते तलाश करने पड़ते हैं। ऑर्थोडॉक्स ईसाइयों के लिए यह मठ तीर्थ स्थल है, इसका सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व आर्किटेक्चरल महत्व इतना अधिक है कि यह देश विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 1999 में जारी किया गया 1 लेव बैंकनोट के पिछले हिस्से में इस मठ की तस्वीर है।

## आप की बात

### बेरोजगारी की चुनौती

युवाओं के लिए उपयुक्त रोजगार का सृजन कर उनको राष्ट्र निर्माण से जोड़ना फिलहाल देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हर साल एक करोड़ से अधिक युवा कालेजों से ग्रेजुएट्स होकर निकल रहे हैं और इस लिहाज से देखा जाये तो देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन ही है। जहां देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन है, तो देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। बेशक एक युवा जब कालेज से निकलता है तो उससे उसके परिवार की, उसकी खुद की और समाज की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और इन उम्मीदों और दायित्वों का पूरा होना तभी संभव है जब उसके पास या तो कोई नौकरी हो अथवा व्यवसाय। किसी काम धंधे में नियोजित होकर ही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान दे सकता है। इस संदर्भ में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस रोजगार कालेज से निकलने वाले युवाओं की भर्तियां बढ़ी हैं। फ्रेशर्स हायरिंग में वृद्धि यह बताती है कि धीरे-धीरे रोजगार का बाजार सुधर रहा है, नयी नौकरियां सृजित हो रही हैं। लेकिन यह जरूरी है कि अब रोजगार का स्वरूप बदल रहा है। कुछ समय पूर्व एक सर्वे में यह बात सामने आयी थी कि अगले छह-सात वर्षों में करोड़ों नौकरियां खत्म हो जायेंगी जो मुख्यतः क्लर्क, कैशियर, लिखा-पढ़ी जैसे साधारण प्रकृति के कामों से जुड़ी होंगी। इसी तरह एप आधारित गिग जॉब, एआई, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार बाजार में सुधार देखने को मिलेगा।

दरअसल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से रोजगार संकुचन की जो बात कही जा रही है उसमें बहुत सचाई नहीं है। हम आईटी सेक्टर को लेकर ही देखें तो आईटी क्रांति से नयी-नयी नौकरियां पैदा हुई हैं, देश की जीडीपी और निर्यात में इजाफा हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके भी पैदा हुए हैं। ऐसे में जब एआई जैसी तकनीक आमतौर पर इस्तेमाल होने लगेगी, तो रोजगार का स्वरूप जरूरत बदल सकता है लेकिन रोजगार के मौके कम होने की बात सही नहीं लगती। युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्किल्ड करना तो जरूरी होगा अन्यथा सामान्य युवा को रोजगार मिलना कठिन हो जायेगा। प्रौद्योगिकी के इस युग में रोजगार भी उन्हीं लोगों को मिलेगा जो प्रौद्योगिकी में दक्ष होंगे। इसलिए नये विकसित होते क्षेत्रों में स्किल्ड युवाओं को तैयार करने के लिए शिक्षा और बेहतर प्रशिक्षण जरूरी है।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### सामाजिक बदलाव

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## उद्यान की योजनाओं का लाभ उठायें कृषकः डीएचओ

बहराइच। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास हेतु कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उद्यान विभाग में एकीकृत बागवानी मिशन (एम.आई.डी.एच.), मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना तथा अनुसूचित जाति/जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास की योजना का संचालन किया जा रहा है। इच्छुक कृषक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल वन डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट कॉम पर स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। से कर सकते है। कृषकों का चयन पंजीकरण, कार्यालय में प्रस्तुत अभिलेख एवं कोटेशन के आधार पर प्रथम आवक-प्रथम पावक वरीयता के अनुसार किया जायेगा। श्री चौधरी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित कार्यक्रम में केला क्षेत्र विस्तार, स्ट्राबेरी, ड्रेगन फ्रूट, पपीता, संकर शाकभाजी, प्याज, लहसुन, हनी बी कालोनी, जैविक खेती, मचान विधि से सब्जियों की खेती का लाभ उठायें।

# महिला से ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, सोने के जेवरात बरामद



बिजनौर। साधू के भेष में अपने एक साथी के साथ मिलकर महिला के साथ धोखधडी कर सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र एवं चेन लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों का संबन्धित धाराओं में चालान कर उन्हे जेल भेज दिया है।

पुलिस लाइन के सभागार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने घटना का खुलासा करते हुए प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि बीती 29 अगस्त को को वादी केशव भट्ट पुत्र गोपाल दत्त भट्ट निवासी उमरावपुर पौडी गढवाल उत्तराखण्ड द्वारा थाना नजीबाबाद पर तहरीर दी गयी कि एक अज्ञात व्यक्ति नागा साधू के भेष में तथा एक अन्य व्यक्ति के द्वारा साधू भेष का फायदा उठाते हुए वादी की पत्नी को बहला-फुसलाकर धोखाधडी से उनकी सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र एवं चेन लूट ली गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान फोटो एवं वीडियो तथा अन्य संकलित साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण जहांगीर पुत्र बाबू नाथ एवं गुरविंदर पुत्र देवीचंद निवासीगण ग्राम घोसीपुरा सपेरा बस्ती, थाना पथरी जनपद हरिद्वार के नाम प्रकाश में आये तथा मुकदमा उपरोक्त में बीएनएस की अन्य धारा की वृद्धि की गयी। नजीबाबाद पुलिस ने 30 अगस्त रविवार को घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण जहांगीर पुत्र बाबूनाथ एवं गुरविंदर पुत्र देवीदास, निवासीगण घोसीपुरा सपेरा बस्ती, थाना पथरी, जनपद हरिद्वार, उत्तराखंड को घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त जहांगीर के कब्जे से एक पीली धातु की अंगूठी एवं एक पीली धातु की चेन बरामद हुई। बरामद पीली धातु की अंगूठी के संबंध में थाना नगीना पर पूर्व में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना ज्ञात हुआ। जबकि अभियुक्त गुरविंदर के कब्जे से एक पीली धातु की अंगूठी एवं एक पीली धातु व काले मोतियों का मंगलसूत्र बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि बीती 28 अगस्त को दोनों अभियुक्तों ने इसी हाईवे पर एक पति-पत्नी को अपना निशाना बनाकर उन्हें डराया-धमकाया तथा उनके पास से एक पीली धातु की चेन, एक मंगलसूत्र एवं एक पीली धातु की अंगूठी लूटी थी। उक्त लूटे गए आभूषणों में से पीली धातु की चेन अभियुक्त जहाँगीर तथा पीली धातु की अंगूठी एवं मंगलसूत्र अभियुक्त गुरविंदर के कब्जे से बरामद हुए हैं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपीगण शातिर किस्म अपराधी है जिनके खिलाफ जनपद व गैर जनपद में संगीन धाराओं में विभिन्न मुकदमें दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना नजीबाबाद प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उ0नि0 कुलवीर सिंह, सौरभ सिंह, सोनू कुमार, है0का0 विजयपाल, सौरभ कुमार, का0 सुजल, सौरभ, रुपेन्द्र, ललित, राजीव कुमार शामिल रहे।

## तेजस के परिजनों से मिला, भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

फतेहपुर। इंटर के छात्र तेजस द्विवेदी के निधन पर सोमवार को भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा परिजनों से मुलाकात की गई, जिलाध्यक्ष के निर्देश पर जिला उपाध्यक्ष उदय लोधी के नेतृत्व में व्यापारी नेता प्रदीप गर्ग, महामंत्री सुशीला मौर्या, नगर उत्तर व



दक्षिणी मंडल अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव व दिनेश गुप्ता के साथ ही अखिलेश कुमार, विनोद सिंह गौतम व लकी द्विवेदी पीड़ित परिवार से मिले, जहां मृतक केपरिजनों को हर सम्भव न्याय दिलाने की बात दोहराई गई, प्रतिनिधि मंडल में शामिल जिला उपाध्यक्ष उदय लोधी ने बताया कि मृतक के बाबा व चाचा सहित परिवार के लोगों से मिलकर संवेदनायें व्यक्त करते हुए उन्हें आश्वस्त किया गया है कि भाजपा सदैव पीड़ित के साथ रहने वाला संगठन है, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार न्यायोचित कार्यवाही की जाती है, उक्त प्रकरण में भी बिना किसी भेदभाव व दबाव व संवेदनशीलता के साथ कानून अपना काम कर रहा है, और आगे भी जरूरी न्यायोचित कार्यवाही की।

# ठेके पर फायरिंग, एक की मौत दो गिरफ्तार, हथियार व कार बरामद



फतेहपुर। नगर के आसनी गाँव में 29 अगस्त की रात्रि लगभग 10:30 बजे हुई गोलीबारी में मनीष तिवारी वयस्क की गोली लगने से उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में हुसैनगंज थाना में अपराध संख्या 216/2026 दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले के दो मुख्य अभियुक्त मनु तथा अमन को मड़ियांव थाना, लखनऊ से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। दोनों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

घटना की पृष्ठभूमि प्रारम्भिक जांच से पता चला है कि विवाद की जड़ आसनी गाँव में स्थित एक ट्रस्ट अश्विनी कुमार शिक्षा आश्रम से जुड़ी जमीनों पर चल रहा लंबित कलह है। ट्रस्ट के पास लगभग 45-50 बीघे जमीन विभिन्न स्थानों पर विद्यमान है। गाँव में पूर्व में इसी ट्रस्ट का विद्यालय भी था जो अब बंद है। उस स्थान पर स्थित एक छोटा दुर्गा मंदिर जिसे ग्रामीणों ने बाद में बड़े रूप में बनवाया था, पहले कुछ असंतोष के कारण विवाद का विषय बना। बाद में आपसी सहमति से मंदिर का निर्माण करा दिया गया था, परंतु जमीन के अन्य उपयोग ब्लॉक द्वारा आवंटित कर आरओ प्लांट लगवाने का प्रयास पर ट्रस्ट के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच फिर से टकराव बढ़ गया इस विवाद के चलते उभरी तनावपूर्ण स्थिति समय-समय पर झगड़ों में बदलती रही घटना का क्रम पुलिस के अनुसार 29 अगस्त को रात करीब 10:15 बजे मृतक मनीष अपने पुत्र वैभव, नीरज व सागर के साथ स्थानीय ठेके पर उपस्थित था। ठेके के सेल्समैन गोवर्धन के परिजनों उनके साथियों से वहां उक्त पक्ष का विवाद शुरू हुआ। सेल्समैन ने इसकी सूचना अनुज्ञापी परिवार के सदस्यों अमन, इंद्रेश विक्रम सिंह व मनु को दी। मौके पर आए अमन व मनु के पास उनकी मां संगीता के नाम पर रजिस्टर्ड एक रिवॉल्वर भी थी। विवाद के दौरान मनु ने वहां फायरिंग की, जिसमें मनीष को सीने में गोली लगी। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।जांच व गिरफ्तारीघटना में मुख्य रूप से शामिल बताए जा रहे मनु व अमन की गिरफ्तारी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। दोनों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रुपये का इनामी से पुरस्कृत रहने की घोषणा भी की गई थी। अभियोजन व पूछताछ में यह भी सामने आया है कि पंकज पांडेय नामक व्यक्ति का शुरुआत में रिवॉल्वर दी गई थी, जिसे बाद में आशुतोष तिवारी को सौंपा गया। रिवॉल्वर का लाइसेंस मृतक परिजनों के अनुसार संगीता के नाम पर रजिस्टर्ड है। साथ ही चेतन नामक व्यक्ति जो अभियुक्तों की मदद कर उन्हें आश्रय दिया इनकी भी गिरफ़्तारी के प्रयास जारी हैं।पुलिस बाइटअपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है एवं सभी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एडीएम ने गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जिला संवाददाता



बिजनौर। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने नगर पालिका परिषद किरतपुर के मोहल्ला बुद्धपाडा, वार्ड संख्या-14 में संचालित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद किरतपुर मेधा गुप्ता, गौशाला प्रभारी सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कासम अली के अनुपस्थित मिलने पर नारजगी व्यक्त की।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित द्वारा सोमवार को निरीक्षण के दौरान गौशाला में 70 गौवंश संरक्षित पाए गए, जिनमें 29 नर एवं 41 मादा गौवंश शामिल हैं। सभी गौवंशों की जियो टैगिंग तथा नर गौवंशों का बधियाकरण कराया जाना बताया गया। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई की स्थिति, चारा, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पंखों, सीसीटीवी कैमरों तथा वर्षा से बचाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एक गौवंश लिम्पी जैसी बीमारी से संक्रमित तथा एक गौवंश चोटिल पाया गया, जिन्हें अन्य गौवंशों से पृथक नहीं रखा गया था। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि बीमार एवं चोटिल गौवंशों को तत्काल अन्य पशुओं से पृथक रखा जाए तथा उनका समुचित उपचार एवं मरहम-पट्टी पशु चिकित्सा अधिकारी से कराया जाए। गौशाला में पेयजल की नाद खाली, जगह-जगह गंदगी, कुछ पंखे खराब तथा विद्युत व्यवस्था बाधित पाई गई।

इसके अलावा भूसे की स्टॉक पंजिका में उपलब्धता शून्य दर्शाए जाने के बावजूद मौके पर लगभग 03 कुंतल भूसा पाया गया। साईलेज के कुछ कट्टे भी रखे मिले, जिनमें साईलेज खराब अवस्था में पाया गया। अपर जिलाधिकारी ने खराब साईलेज को गौवंशों को न खिलाने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने वर्षा एवं ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए गौशाला में हरा चारा, भूसा, चैकर का पर्याप्त भंडारण, स्वच्छ पेयजल, तिरपाल, कूलर, पंखे एवं एग्जॉस्ट फैन आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही गौशाला में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की शत-प्रतिशत क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला से लगे तालाब में हरी काई एवं दुर्गंधयुक्त पानी पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी ने तालाब एवं उसके किनारे निर्मित ओपन जिम की समुचित साफ-सफाई कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए।

## अपराध, सत्ता और कानून की जंग दिखायेगी गंगस गोरखपुर

गोण्डा / बहराइच। पूर्वांचल की गलियों से निकलती अपराध और सत्ता की कहानी अब पर्दे पर रोमांच पैदा करने को तैयार है। वेब सीरीज में अपराध की दुनिया, सत्ता के बदलते समीकरण और कानून के संघर्ष को दिलचस्प अंदाज में पेश किया गया है। एक्शन, ड्रामा और सस्पेंस से भरपूर यह सीरीज दर्शकों को शुरूआत से अंत तक बांधे रखने का प्रयास करती है।सीरीज में नमिश तनेजा राघव चतुर्वेदी की भूमिका में नजर आएंगे।

अभिनेत्री श्रुति शर्मा भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। वहीं अभिनेता अब्बास रजा रिजवी ने डीएसपी राणा का किरदार निभाया है। डीएसपी राणा का किरदार अपराध की दुनिया पर शिकंजा कसने और कानून-व्यवस्था को कायम रखने की चुनौती से जूझता नजर आता है।अपने किरदार को लेकर अब्बास रजा रिजवी ने कहा कि डीएसपी राणा की भूमिका उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण और दिलचस्प रही। पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारियों, उसके व्यक्तित्व और अपराध के खिलाफ दृढ़ता को पर्दे पर उतारना उनके लिए खास अनुभव रहा।

# डीएम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अधिकारियों से मांगे रुपये, दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

जिला संवाददाता

बांदा। डीएम के नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अधिकारियों से रुपये ऐंठने के मामले पर रविवार को दर्ज हुई एफआईआर के बावजूद अब तक पुलिस के हाथ खाली है। हाईप्रोफाइल मामला होने के बावजूद पुलिस किसी नतीजे पर न तो पहुंची है और न ही किसी ठग को ही ट्रैस कर पाई है।

बताते चलें कि साइबर ठगों ने जिलाधिकारी अमित आसेरी के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फर्जी फेसबुक आईडी बना डाली। इसके बाद इसी आईडी से जिले के अधिकारियों को मैसेज भेजकर रुपये मांगे गए। मामला सामने आने पर अपर जिला सूचना अधिकारी शारदा देवी की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शातिरों ने डीएम की फोटो, नाम और पद का इस्तेमाल करते हुए फेसबुक पर फर्जी आईडी तैयार की। इसके बाद जिले के कई अधिकारियों को इस आईडी से मैसेज भेजे गए और रुपये की मांग की गई। अलग-अलग अधिकारियों तक जब इस तरह के संदेश पहुंचे तो उन्हें मामला संदिग्ध लगा।

किसी अधिकारी ने इसकी जानकारी डीएम को दी, जिसके बाद फर्जी फेसबुक आईडी बनाए जाने का खुलासा हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर जिला सूचना अधिकारी शारदा देवी की ओर से पुलिस में तहरीर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फर्जी आईडी संचालित करने वाले की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साइबर टीम की मदद से आईडी और मैसेज भेजने वाले व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। डीएम जैसे वरिष्ठ अधिकारी के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर रुपये मांगने की घटना ने साइबर ठगों के बढ़ते दुस्साहस को सामने ला दिया है। हालांकि किसी अधिकारी से रुपये की ठगी हुई है या नहीं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने लोगों से भी सोशल मीडिया पर किसी परिचित या अधिकारी के नाम से रुपये मांगने वाले संदेशों की पहले पुष्टि करने की अपील की है।

## संभावित बाढ़ से निपटने को प्रशासन सतर्कः आयुक्त



बांदा। आयुक्त अजीत कुमार ने मंडल में हो रही वर्षा व संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने को अधिकारियों को सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि जनसुरक्षा एवं आमजन को समय से राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडल के जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ एवं जलभराव की संभावना वाले क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। नदी, नालों एवं अन्य जलस्त्रोतों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जाए। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि वर्षा एवं जलभराव के दृष्टिगत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं, ओआरएस, क्लोरीन आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि वर्षा के दौरान विद्युत सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा।

## शहर की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



बांदा। सद्भावना सेवा मंच के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता राजा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शहर की समस्याओं को निस्तारित करने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। कहा कि शहर तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। लेकिन बिजली विभाग की हाईटेंशन लाइनें लोगों की घरों के ऊपर जर्जर अवस्था में लटकी होने से गंभीर खतरा बनी हैं। इन लाइनों को अलग रास्ते से निकाला जाए। बारिश के कारण सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं आए दिन घटना दुर्घटनाएं होती है। उन गड्ढों को भरवाया जाए। जल भराव की समस्या से शहर के मोहल्लेवासियों को निजात दिलाई जाए। गायत्री नगर चैराहा में सैकड़ों की तादाद में ठेलिया रोड में लगने के कारण भीषण जाम लगता है। आए दिन झगड़ा होता है। गूलर नाका, छावनी, पीलीकोठी, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड, कालूकुआं, सब्जी मंडी, चैक बाजार, महेश्वरी देवी, बलखंडीनाका क्षेत्र में जाम हटवाया जाए। गायत्री नगर बबेरू रोड में सड़क चैड़ीकरण किया गया पेड़ भी जड़ से नहीं काटे गए हैं उनकी जड़े और-चबूतरा नहीं हटाये गए हैं जिससे दुर्घटनाएं और दोबारा अतिक्रमण हो रहा है। इस दौरान कुदरत उल्ला, साजिद डॉलर, नासिर खान, वीरेंद्र गुप्ता बाबू, निशा वर्मा, उर्मिला वर्मा, राजकुमार गुप्ता राजू, अनमोल जड़िया, नेतराम वर्मा, इरफान खान, विनय गुप्ता, जमुना गुप्ता आदि रहे।

## संत नामदेव शोभायात्रा में दिखी स्वदेशी की झलक




महोबा। ऐतिहासिक कजली मेले के अवसर पर संत शिरोमणि नामदेव समाज सेवा समिति के तत्वावधान में संत नामदेव जी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के महिलाए पुरुषए युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। संत नामदेव जी महाराज के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। मार्ग में जगह.जगह नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष मनीष नामदेव की अध्यक्षता में पिछले वर्ष से लगातार कजली मेले के दौरान यह आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष शोभायात्रा में विदेशी भगाओए स्वदेशी अपनाओ के संदेश पर आधारित आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के माध्यम से देशी उत्पादों को अपनानेए स्थानीय कारीगरों एवं व्यापारियों को प्रोत्साहित करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। वहीं स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरणादायी झांकी ने युवाओं को राष्ट्रप्रेमए चरित्र निर्माण और समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। शोभायात्रा ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकताए भाईचारेए स्वदेशी जागरण और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

## हाथी के बच्चे की जंगली नाले में गिरकर मौत, वन्यजीवों की सुरक्षा राम भरोसे

नगीना, बिजनौर। मादा हाथी के बच्चे की साहूवाला वन रेंज की कुराली बीट में नाले में गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर डीएफओ व एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार नगीना तहसील थाना बढापुर क्षेत्र के साहूवाला वन रेंज के कुराली बीट के कंपार्टमेंट संख्या-10 के निकट नाला बह रहा है, जबकि दूसरी ओर गन्ने का खेत है। ग्रामीणों के अनुसार मादा हाथी का बच्चा गन्ने के खेत की ओर जाते समय अचानक नाले में जा गिरा। नाले में गिरने के बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएफओ पृथ्वीराज एस और एसडीओ अंशु चावला मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए वनकर्मियों से घटना की जानकारी ली। मृत हाथी के बच्चे को पोस्टमार्टम के लिए डॉ0 आलोक रस्तोगी, डॉ0 कासिम और डॉ0 रजनीश (नगीना) की टीम गठित की गई। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हाथी के बच्चे की मौत का वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृत हाथी के बच्चे को वन विभाग की निगरानी में नियमानुसार दफना दिया गया। हाथी के बच्चे की मौत की घटना ने जंगल से सटे क्षेत्रों में वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं।

# वरिष्ठ नागरिक परिषद ने आयोजित की बैठक

जिला संवाददाता



बिजनौर। वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शिवराम शर्मा के निवास पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता, लेखा सिंह सेवानिवृत्त जिला जज के संरक्षण और दिनेश चन्द्र शर्मा के संचालन में मंच गठन के साथ गायत्री मंत्र और ओम प्रार्थना के सामूहिक पाठ के साथ संपन्न हुई।

बैठक में वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मासिक बैठक परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और गत बैठक 26 जुलाई 2026 की कार्यवाही प्रस्तुत की। बैठक में सभी सदस्यो ने अपने-अपने विचार व संस्मरण रखें और कविता पाठ किया। बैठक में वैद्य ठाकुर सिंह सोलंकी ने सभी सदस्यो को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और सदस्यो द्वारा पूछे गए प्रश्नो का उत्तर दिया। बैठक में सभी सदस्यों ने 04 सितंबर 2026 को आने वाले पावन पर्व कृष्ण जन्माष्टमी की एक दूसरे और समस्त देश वासियो को शुभकामनाए देते हुए केक काट कर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन अग्रिम रूप से मनाया और सभी से अनुरोध किया कि वे पर्व प्रेम, भाईचारे और हर्षोल्लास से मनाए। बैठक को सफल बनाने में राजीव कुमार शर्मा (प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा आवास विकास बिजनौर) और संजीव कुमार शर्मा (संचालक न्यू शिवाशीष मेडिकोज बिजनौर) का विशेष योगदान रहा। बैठक में धर्मवीर शर्मा, हीरा देवी, सुशीला देवी, आदेश कुमारी शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, राजीव कुमार सोम प्रकाश शर्मा, लेखा सिंह, दिनेश चन्द्र शर्मा, कौशल सिंह सोलंकी आदि ने भाग लिया। बैठक का समापन प्रार्थना और शांति पाठ के सामूहिक पाठ के साथ हुआ।

## कांग्रेसियों ने गांव में लगायी चौपाल , जानी समस्याएं



बांदा। कांग्रेसियों ने ग्राम पंचायत बड़ोखरखुर्द, घुरौंडा, बरसड़ाखुर्द, जखनी में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में चैपाल बैठक का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि अयोध्या में स्थित राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर अब भाजपा चर्चा क्यों नहीं करती है। सरकार जांच के नाम पर बड़े डकैतों को बचाने का काम कर रही है। बैठकों में जिला महासचिव कालीचरण निगम, बीलाल भाई, संतोष कुमार द्विवेदी, लालबाबू राजपूत दिलीप वर्मा, राहुल श्रीवास, सुनील प्रजापति, सद्दाम हुसैन आदि रहे। ग्राम पंचायत विभिन्न समस्याओं से वह रूबरू होकर कहा कि यहां की समस्याओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा।

# नदियों के संरक्षण को डीएम ने दिए निर्देश

जिला संवाददाता



बांदा। जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन तथा नदियों के संरक्षण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। पौधरोपण के तहत विभागवार निर्धारित लक्ष्य एवं उसके सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की। रोपित पौधों की जियोटैगिंग, सुरक्षा एवं सिंचाई व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। वर्ष 2026-27 में वन विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कराए गए पौधारोपण की सत्यापन रिपोर्ट की समीक्षा की। ग्राम विकास विभाग, सहकारिता, उद्योग विभाग, नगर विकास विभाग की सत्यापन प्रगति खराब पाए जाने पर स्पष्टीकरण के साथ कार्य में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की गई। यूपीईसीपी पोर्टल पर संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गई।

एक जिला, एक नदी थीम के अंतर्गत नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की समीक्षा हुई। यमुना नदी के किनारे चिन्हित 25 आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) के संरक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में जानकारी ली। पौधों की सुरक्षा एवं जियोटैगिंग का सत्यापन एक सप्ताह में करने के निर्देश जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को दिए। लोक निर्माण विभाग (पीडी) को निर्देशित किया कि अपशिष्ट के डंपिंग एवं प्रबंधन की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों एवं बाजारों में प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर बॉक्स में उतरा करंट, चपेट में आयी गाय

बहराइच। सिविल लाइन पावर हाउस क्षेत्र में शनिवार शाम अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट होने से ओझा आरा मशीन के पास स्थित ट्रांसफार्मर के बॉक्स में करंट उतर आया। इसी दौरान वहां पहुंची एक गाय करंट की चपेट में आकर ट्रांसफार्मर बॉक्स से चिपक गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब 7:30 बजे घटना की जानकारी होते ही तत्काल बिजली विभाग को शिकायत की गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पावर हाउस में तैनात कर्मचारी जहीन ने बिना देर किए विद्युत आपूर्ति बंद कर दी।

करीब डेढ़ मिनट के भीतर आपूर्ति बंद होने से गाय को करंट से मुक्त कराया जा सका और उसकी जान बच गई।

कर्मचारी की तत्परता और सजगता से न केवल बेजुबान गोवंश की जान बची, बल्कि आसपास मौजूद लोगों के लिए संभावित बड़े हादसे को भी टाल दिया गया।

## क्षेत्राधिकारी नगर ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं



बहराइच। क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा द्वारा *जनता दर्शन* पुलिस अधीक्षक कार्यालय बहराइच में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया

संक्षेप

## फोनपे ने लॉन्च किया यूपीआई पेमेंट

नई दिल्ली। फोनपे ने आज 'फोनपे यूपीआई 123पे' लॉन्च करने की घोषणा की है, जिससे बिना इंटरनेट कनेक्शन के भी पूरे भारत में फीचर फोन (कीपैड वाले बेसिक फोन) यूजर्स के लिए यूपीआई पेमेंट की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इसके साथ ही, फोनपे भारत के 200 मिलियन+ कीपैड फोन यूजर्स के लिए यूपीआई पेमेंट की सुविधा देने वाला पहला प्रमुख थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर बन गया है। यह कदम वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और अब तक डिजिटल सुविधाओं से दूर रहे समुदायों को डिजिटल पेमेंट से जोड़ने की दिशा में एक बड़ी पहल है।यह सर्विस नोकिया, एचएमडी, लावा इंटरनेशनल, आईटेल मोबाइल - ट्रांशन होल्डिंग्स डिवाइसेज के साथ प्री-बंडल्ड होगी, तथा आने वाले महीनों में अन्य मोबाइल हैंडसेट्स पर भी उपलब्ध हो जाएगी। इस सर्विस का लॉन्च हमारे प्रोप्रायटरी टेक्नोलॉजी स्टैक पर किया गया है, जिसे खासकर फीचर फोन से यूपीआई पेमेंट करने के लिए विकसित किया गया है।विश्वसनीयता के लिए डिजाइन किया गया फोनपे यूपीआई 123पे एक मजबूत एसएमएस-आधारित आर्किटेक्चर का उपयोग करता है, जिससे लिमिटेड 2जी कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में भी ट्रांजेक्शन सफलतापूर्वक पूरा हो जाता है। यह प्लेटफॉर्म मोबाइल नंबर या यूपीआई आईडी के माध्यम से आसान 'पीयर-टू-पीयर' ट्रांसफर, और यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड स्कैनिंग के माध्यम से 'पीयर-टू-मर्चेंट' पेमेंट की सुविधा देता है। पेमेंट के अलावा, कीपैड फोन यूजर्स अपना बैंक अकाउंट मैनेज कर सकते हैं, अकाउंट बैलेंस चेक कर सकते हैं और पुराने पेमेंट्स भी देख सकते हैं।

## सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट का 2027 पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2027 के लिए पंजीकरण अब शुरू हो गया है, जो देशभर के विधि (लॉ) की पढ़ाई के इच्छुक अभ्यर्थियों को कानूनी शिक्षा की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए आमंत्रित करता है। परीक्षा की तारीखें 19 दिसंबर, 2026 (शनिवार) और 26 दिसंबर, 2026 (शनिवार) हैं। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) द्वारा आयोजित, एसएलएटी पुणे, नोएडा, हैदराबाद सिम्बायोसिस लॉ स्कूलों द्वारा दिए जाने वाले प्रमुख अंडरग्रेजुएट लॉ प्रोग्राम्स का प्रवेश द्वार है। एसएलएटी 2027 पूरे भारत में 62 केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा और यह किसी अभ्यर्थी की विधि अध्ययन (लीगल स्टडीज) के प्रति योग्यता का आकलन करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह परीक्षा निम्नलिखित प्रोग्राम्स का प्रवेश द्वार बनी हुई है जिसमें कुल 60 प्रश्न होते हैं जिन्हें 60 मिनट में हल करना होता है। यह परीक्षा प्रतिवर्ष केवल दिसंबर में आयोजित की जाती है और इसमें पांच खंड शामिल हैंः लीगल रीजनिंग, लॉजिकल एप्टीट्यूड, एनालिटिकल स्किल्स, रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन और जनरल नॉलेज। अभ्यर्थी परीक्षा दो बार दे सकते हैं, जिसमें मूल्यांकन के लिए दोनों में से अधिक अंक वाला स्कोर माना जाएगा। पंजीकरण शुल्क का भुगतान पूरा करना होगा।

## आपूर्ति संकट की चिंताओं से कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली। कच्चे तेल की वायदा कीमतों में लगातार चौथे सत्र में तेजी रही और सोमवार को इसकी कीमत 232 रुपये की बढ़त के साथ 8,216 रुपये प्रति बैरल पर पहुँच गए। इसकी वजह अमेरिका और ईरान के बीच नए सैन्य हमलों से होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा की आपूर्ति में रुकावट की आशंका थी।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का सितंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 232 रुपये या 2.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,216 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 6,578 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कच्चातेल के अक्टूबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 100 रुपये या 1.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,947 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें।,749 लॉट के लिए कारोबार हुआ। एमसीएक्स कच्चा तेल वायदा में तेजी आई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वॉशिंगटन द्वारा तेहरान के रॉकेट-लॉन्चर ठिकानों पर हमले के बाद, अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के जवाबी हमलों से बड़े टकराव का डर फिर से पैदा हो गया है। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल करीब 3 प्रतिशत की तेजी के साथ 85.77 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# सेंसेक्स में 307 अंकों की गिरावट




मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई। आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 307 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 95 अंक टूटा।

विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी, वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 307.24 अंक यानी 0.40 प्रतिशत टूटकर 76,957.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 513.19 अंक तक नीचे आ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 नुकसान में रहे जबकि 10 में तेजी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 95.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,080.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 4.11 प्रतिशत की गिरावट आई। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक 1.53 प्रतिशत नुकसान में रहा। वह अपने मौजूदा कार्यकाल की समाप्ति के बाद पुनर्नियुक्ति का विकल्प नहीं चुनेंगे। उनका मौजूदा कार्यकाल 26 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 3.63 प्रतिशत बढ़कर 91.30 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा कूटनीतिक समाधान की संभावनाएं कमजोर पड़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि से ऊर्जा की अगुवाई में मुद्रास्फीति बढ़ने और ऊंची ब्याज दरों को लेकर चिंता बढ़ी है। इससे कंपनियों की आय प्रभावित हो सकती है। जैक्सन होल संबोधन के बाद फेडरल रिजर्व के चेयरमैन की हाल की टिप्पणियों से सितंबर में संभावित ब्याज दर वृद्धि की संभावना बढ़ी है। इससे वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल ऊंचा बना हुआ है और उभरते बाजारों में निकट अवधि में उतार-चढ़ाव बढ़ा है। महीने के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी माह के निचले स्तर पर आ गया। अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल कई साल के उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे यह चिंता बढ़ी है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दर को लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रखना पड़ सकता है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.40 प्रतिशत और मझोली कंपनियों मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.12 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ 95.17 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए 26 पैसे की बढ़त के साथ 95.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक तनाव के कारण स्थानीय मुद्रा पर दबाव के बीच यह तेजी संभावित रूप से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप के कारण आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि सितंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर बढ़ाने की संभावना बढ़ने के बाद अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ा और डॉलर में व्यापक मजबूती आई। ऐसा हो सकता है कि आरबीआई ने रुपये को समर्थन देने के लिए निचले स्तर पर हस्तक्षेप किया हो। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.56 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 95.11 से 95.56 के दायरे में रहा। अंत में यह 95.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 26 पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.43 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। डॉलर सूचकांक में शुक्रवार को आई तेजी और फेडरल रिजर्व के प्रमुख की सख्त रुख वाली टिप्पणियों के बाद शुरुआती गिरावट के बावजूद रुपये ने दो दिन में मजबूत वापसी की और पांच अगस्त के बाद के अपने सबसे मजबूत स्तर पर रहा। इस सुधार में आरबीआई के समय पर किए गए संभावित हस्तक्षेप के साथ-साथ एमएससीआई पुनर्संतुलन और विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) योजनाओं से जुड़े डॉलर प्रवाह की अहम भूमिका रही। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.52 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 3.70 प्रतिशत बढ़कर 91.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये में बड़ी गिरावट को रोकने के लिए आरबीआई बाजार में हस्तक्षेप कर रहा है। इसके अलावा, एफसीएनआर (बी) योजना के तहत उम्मीद से बेहतर विदेशी मुद्रा प्रवाह से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

## केंद्र का राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य के 26.8 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जुलाई के अंत तक 2026-27 के पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 26.8 प्रतिशत रहा है। पिछले वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में यह घाटा 2025-26 के बजट अनुमान (बीई) का 29.9 प्रतिशत था।

वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जुलाई अवधि में सरकार के खर्च और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा 4,55,144 करोड़ रुपये रहा। केंद्र ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत यानी 16.96 लाख करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य तय किया है। सीजीए के अनुसार, जुलाई-2026 तक केंद्र का शुद्ध कर राजस्व लगभग 8.45 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2026-27 के लिए कुल प्राप्तियों के बजट अनुमान का 29.5 प्रतिशत है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में शुद्ध कर राजस्व उस साल के बजट अनुमान का 23.3 प्रतिशत था।

चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान कुल व्यय लगभग 17.62 लाख करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 32.9 प्रतिशत है। एक साल पहले की समान अवधि में यह बजट अनुमान का 30.9 प्रतिशत था। इस दौरान केंद्र ने करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 3,72,354 करोड़ रुपये दिए।

# सरकार ने 1.27 लाख करोड़ रुपये की सेमीकॉन 2.0 योजना अधिसूचित की

नयी दिल्ली। सरकार ने सेमीकॉन 2.0 योजना को सोमवार को अधिसूचित किया। इसके साथ ही।,27,500 करोड़ रुपये की इस योजना के क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। योजना का उद्देश्य चिप विनिर्माण से आगे बढ़कर स्वदेशी डिजाइन तथा बौद्धिक संपदा (आईपी), उपकरण, सामग्री, उन्नत पैकेजिंग, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और प्रतिभा विकास सहित समग्र सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार करना है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब दुनियाभर में सेमीकंडक्टर एक महत्वपूर्ण रणनीतिक संसाधन बन गए हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल से उन्नत चिप व मेमोरी की मांग अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है। वहीं, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को लेकर बढ़ती चिंताओं और बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों ने वैश्विक कंपनियों को सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमता बढ़ाने तथा कुछ सीमित उत्पादन केंद्रों पर निर्भरता कम करने के लिए प्रेरित किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15 जुलाई, 2026 को सेमीकॉन 2.0 योजना को मंजूरी दी थी। सोमवार को जारी अधिसूचना में नई योजना का खाका स्पष्ट किया गया है। इसमें।,27,500 करोड़ रुपये के परिव्यय को लागू करने के तरीके, प्रोत्साहनों की संरचना और विभिन्न श्रेणियों के लिए पात्रता मानदंड का ब्योरा दिया गया है। अब सेमीकॉन 2.0 के जरिये सेमीकंडक्टर परिवेश के विकास के अगले चरण में जाने का समय आ गया है। योजना का उद्देश्य आत्मनिर्भरता हासिल करना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्योग को बढ़ावा देना है। वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए चिप डिजाइन के मामले में स्टार्टअप और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के स्वामित्व वाली कंपनियां पात्र होंगी।

## सेवा उत्पादन सूचकांक की आठ उप श्रेणियों में जून में दहाई अंक की वृद्धि

नयी दिल्ली। देश में 19 सेवा श्रेणियों में से आठ में जून महीने में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 2024-25 को आधार वर्ष मानकर जून, 2026 के लिए 19 उप-क्षेत्रों के सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) जारी किए हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, हवाई परिवहन को छोड़कर जून में सभी श्रेणियों में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। हवाई परिवहन में छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सेवाओं के उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) के अनुसार, जून, 2026 में मजबूत वृद्धि दर्ज करने वाले प्रमुख उप-क्षेत्रों में रियल एस्टेट में 24.7 प्रतिशत, खुदरा व्यापार में 18 प्रतिशत, थोक व्यापार में 15.1 प्रतिशत, प्रशासनिक एवं सहायता सेवाओं में 14.4 प्रतिशत और आईटी एवं कंप्यूटर संबंधी सेवाओं में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल, 2026 के लिए पहला उप-क्षेत्रवार प्रायोगिक आईएसपी 14 जुलाई, 2026 को जारी किया गया था। मंत्रालय का कहना है कि मासिक आईएसपी को प्रायोगिक आधार पर जारी किया जा रहा है। परीक्षण श्रृंखला के प्रकाशन से एमओएसपीआई को आंकड़ों की गुणवत्ता की जांच करने, उनकी विश्वसनीयता को परखने तथा हितधारकों और उपयोगकर्ताओं से प्रतिक्रिया प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# बैंकों में अतिरिक्त नकदी हुई पांच लाख करोड़ रुपये




मुंबई। बैंकों में अतिरिक्त नकदी अगस्त के अंत में बढ़कर करीब पांच लाख करोड़ रुपये हो गई। यह चार महीने से अधिक का उच्चतम स्तर है। महीने के अंत में सरकारी खर्च और विदेशी मुद्रा जमा में मजबूत वृद्धि से बैंकों में नकदी बढ़ी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के पीटीआई-भाषा द्वारा किए गए संकलन के अनुसार, 30 अगस्त को बैंकों में अतिरिक्त नकदी 5.05 लाख करोड़ रुपये थी। यह 15 अप्रैल, 2026 के बाद का उच्चतम स्तर है। उस समय यह 5.22 लाख करोड़ रुपये थी। एफसीएनआर (बी) जमा से जुड़े विदेशी मुद्रा अदला-बदली की अवधि पूरी होने के करीब आने के साथ बैंकों में शुद्ध नकदी बढ़कर करीब पांच लाख करोड़ रुपये हो गई है। एफसीएनआर (बी) जमा में बढ़ता प्रवाह और महीने के अंत में सरकारी खर्च ने भी नकदी अधिशेष को बढ़ाया है। आरबीआई की विशेष डॉलर-रुपया अदला-बदली सुविधा के तहत बैंकों ने 21 अगस्त तक एफसीएनआर (बी) यानी विदेशी मुद्रा प्रवासी जमा (बैंक) जमा के जरिये करीब 65.4 अरब डॉलर जुटाए थे। इससे बैंकिंग प्रणाली में विदेशी मुद्रा आई, जबकि आरबीआई के साथ की गयी अदला-बदली सुविधा के जरिये बैंकों को रुपये की नकदी उपलब्ध हुई। एफसीएनआर (बी) जमा के अलावा महीने के अंत में वेतन और पेंशन भुगतान समेत सरकारी खर्च ने भी बैंकों में नकदी बढ़ाने में योगदान दिया। एचडीएफसी बैंक की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, रियायती अदला-बदली सुविधाओं के तहत कुल प्रवाह 90-95 अरब डॉलर के करीब रहने का अनुमान है। इस प्रवाह से बैंकों में करीब 8.5 से नौ लाख करोड़ रुपये की नकदी आने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, 21 अगस्त तक रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत कुल प्रवाह 72.8 अरब डॉलर पहुंच गया था, जिससे करीब सात लाख करोड़ रुपये की नकदी बैंकों में आई। हालांकि, अगस्त में अधिकांश समय बैंकों में अतिरिक्त नकदी करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये रही। अतिरिक्त नकदी में तेज वृद्धि के बीच आरबीआई ने अधिशेष राशि को वापस लेने और एक दिन के लिए मुद्रा बाजार की दरों को रेपो दर के अनुरूप रखने के लिए परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय बैंक ने अब तक 23 वीआरआरआर नीलामी की हैं और ज्यादातर में बैंकों ने आरबीआई के पास पर्याप्त पैसा रखा। हालांकि, आरबीआई के नकदी लेने के कदम के बावजूद बैंकों के पास बड़ी मात्रा में नकदी बनी रही। संतोषजनक नकदी स्थिति से ऋण देने की परिस्थितियों को समर्थन मिला है।

# मुख्यमंत्री पटेल ने गुजरात में निवेश के लिए घरेलू, वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित किया

नयी दिल्ली। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को उद्यमियों, उद्योग जगत के दिग्गजों और घरेलू एवं वैश्विक निवेशकों से गुजरात में निवेश करने का आह्वान किया।

इसके साथ ही पटेल ने कहा कि विनिर्माण, नई प्रौद्योगिकियों और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने 11वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के बारे में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में कहा कि गुजरात स्थिर नीतियों, प्रतिभाशाली युवाओं, प्रभावी शासन, बड़े स्तर पर काम करने की क्षमता और पारदर्शिता की पेशकश करता है। गुजरात सरकार का तीन-दिवसीय निवेशक सम्मेलन वाइब्रेंट गुजरात 10 जनवरी, 2027 से शुरू होगा। पटेल ने कहा कि आज मैं घरेलू और वैश्विक निवेशकों, उद्यमियों और उद्योग जगत के दिग्गजों को गुजरात आने का निमंत्रण देता हूं। कृपया आएं, राज्य के विकास में भागीदार बनें और नई प्रौद्योगिकियों में निवेश करें। विनिर्माण की नई क्षमताएं स्थापित करें और हरित विकास के अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि गुजरात वैश्विक निवेश के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। जनवरी, 2000 से मार्च, 2026 के बीच राज्य में 74.6 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात-सूत्री सुधार ढांचे सप्तधारा का उल्लेख करते हुए पटेल ने कहा कि गुजरात 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में इन सभी क्षेत्रों में योगदान देने के लिए तैयार है। इस अवसर पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि गुजरात देश में निवेशकों के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं। मांडविया उन्होंने कहा कि राज्य ने मजबूत निवेश तंत्र तैयार किया है। कार्यक्रम में गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि राज्य निवेशकों के साथ भागीदार के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि देश में मंजूर किए गए 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों में से छह गुजरात में स्थापित हो रहे हैं और इनमें से तीन ने उत्पादन शुरू कर दिया है। मैं उद्योग जगत को गुजरात आने और निवेश करने का निमंत्रण देता हूं।

## पेज एक का शेष

### मानवता को

महत्वपूर्ण है। सभी मुद्दों का जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान मानवता की पुकार है और यही भारत का संदेश है। गांधी और बुद्ध की धरती का एक ही संदेश है- शांति का मार्ग।'

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि युद्ध का हर गुजरता दिन मानवता को पीछे धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, जो महात्मा गांधी और भगवान बुद्ध की धरती है, शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करता है और आगे भी ऐसा करता रहेगा। दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन संघर्ष के अलावा व्यापार और निवेश के क्षेत्र में जारी सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई। ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी बातचीत के केंद्र में रहे। बैठक की शुरूआत में प्रसारित अपने संबोधन में मोदी ने कहा, 'हम यूक्रेन मुद्दे पर चर्चा करते रहे हैं। जब पिछली बार हमारी मुलाकात हुई थी, तब आपने मुझे इस मामले के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। जैसा कि आप जानते हैं, भारत शांति की दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है और आगे भी करता रहेगा। मोदी और पुतिन की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब रूसी राष्ट्रपति एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। पुतिन वार्षिक इफकउर शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल पुतिन की भारत यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'पिछले साल आपकी भारत यात्रा बेहद सफल और वास्तव में यादगार रही थी। हमारे लिए यह संतोष की बात है कि हमारा सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है और हम दोनों देशों के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना भारत और रूस का साझा दृष्टिकोण रहा है। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारा साझा दृष्टिकोण रहा है और भविष्य में भी यही हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत बना रहेगा।

### सीएम योगी

समेत अनेक नई ट्रेनें चलीं, फिर भी यह खंड मीटरगेज के रूप में उन सरकारों की संकीर्ण सोच का प्रतीक बनी रही, जिन्होंने इसे बॉर्डर का क्षेत्र मानकर पिछड़ेपन का पर्याय बना दिया था। उनके लिए भले ही यह अंतिम क्षेत्र रहा हो, लेकिन हमारे लिए रूपईडीहा बहराइच-नानपारा का यह क्षेत्र भारत के प्रवेश द्वार के रूप में रहा। इस क्षेत्र के लोग दशकों से यह दिन देखने को लालायित थे। पीढ़ियां चली गईं, लेकिन यह सपना और संकल्प आज साकार हो रहा है। सीएम ने कहा कि रेल सेवाओं से यहां की कनेक्टिविटी मजबूत होने जा रही हैं। कनेक्टिविटी गति देती है। जब गति सकारात्मक दिशा में गंतव्य की ओर बढ़ती है तो वह प्रगति का आधार बनती है। यह भारत-नेपाल के सांस्कृतिक संबंधों को और सुदृढ़ करेगी। यह कनेक्टिविटी बॉर्डर क्षेत्र की सुरक्षा व सुविधा के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की प्रॉस्पैरिटी के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे व्यापार बढ़ेगा, उद्योग लगेंगे, पर्यटन व कृषि को नया आयाम मिलेगा। ईको टूरिज्म के बेहतरीन केंद्र कतर्निया तक पहुंच होगी। अयोध्या, वाराणसी व गोरखपुर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों को जोड़ने में भी मदद मिलेगी। नेपालगंज रोड, नानपारा, बाबागंज, मटेरा, रिसिया, बहराइच समेत पूरे क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक प्रगति में इसकी बड़ी भूमिका होगी। बहराइच से खलीलाबाद के लिए नई रेललाइन बिछाई जा रही है। नई रेल सेवा के तहत गोरखपुर से सिद्धार्थनगर, शोहरतगढ़, बलरामपुर होते हुए बहराइच तक की कनेक्टिविटी के जरिए नेपालगंज रोड को जोड़ने की गतिविधि भी प्रारंभ हो रही है। इससे क्षेत्र की नई संभावनाओं को भी आगे बढ़ाया जाएगा। सीएम ने कहा कि पिछली सरकार हर जनपद में माफिया पालती थी। अब बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, अंबेडकरनगर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर समेत हर जनपद में मेडिकल कॉलेज हैं। बालार्क ऋषि के नाम पर हॉस्पिटल है। श्रावस्ती में एयरपोर्ट का निर्माण किया गया है। कभी यह सीजन इस क्षेत्र में इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी की कहर लेकर आता था, जिसमें मासूम दम तोड़ते थे। पिछली सरकार उसे अज्ञात बीमारी बताते हुए मासूमों की मौत पर पर्दा डालकर आंखों में धूल झोंकती थी। लेकिन, सरकार बनने के बाद हमने न आंखें फेरीं और न ही धूल झोंकी। हमने बीमारी का उन्मूलन किया। यूपी से माफिया व इंसेफेलाइटिस, दोनों समाप्त हो गए। अब यह सीजन किसी माता-पिता के लिए चिंता लेकर नहीं आता। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार के कार्य जमीन पर दिखाई देते हैं। अब यूपी में किसी बेटी-व्यापारी को माफिया से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने लखनऊ से बहराइच की रोड कनेक्टिविटी को फोरलेन से जोड़ने की स्वीकृति दी है। नए भारत में चारों ओर रोड व रेल कनेक्टिविटी हो रही है। रैपिड रेल, नमो भारत, अमृत भारत, वंदे भारत के रूप में नई रेल सेवाएं विकसित व आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करती दिखाई दे रही हैं।

### अंकित बालियान

वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति की जवाबदेही तय की जाएगी। डीजीपी ने प्रदेश की सीमा से बाहर बैठकर, जेलों व विदेशों से साजिश रचने, शूटर भेजने वाले अपराधियों को भी कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी किसी गलतफहमी में न रहें और प्रदेश की जमीन को किसी भी गैंग की रंजिश या शरणस्थली नहीं बनने दी जाएगी। उन्होंने बेहतर अंतरराज्यीय समन्वय और सहयोग को इस घटना के कम समय में सफल अनावरण का महत्वपूर्ण कारण बताया। उन्होंने कहा कि कानून के लंबे हाथ उन सभी अपराधियों तक जरूर पहुंचेंगे, जो कहीं भी छिपने की कोशिश कर रहे हैं।

### पूर्व नियोजित

हत्या में गोगी गैंग से जुड़े नेटवर्क की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। कृष्ण ने कहा जांच में सामने आया है कि हत्या से पहले अंकित बालियान की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई गई थी। यह भी पता चला है कि शूटरों को बाहर से हथियार उपलब्ध कराए गए और चार हमलावरों ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

### चलती बस में

थी और उसे एहसास हुआ कि वह अपने रिश्तेदार के घर से लगभग 25 किमी दूर है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि जब वह परिवहन के साधन की तलाश कर रही थी, तब एक बस उसके पास आकर रुकी।

पुलिस के अनुसार, परिचालक ने कथित तौर पर लड़की से कहा कि वे नोएडा सेक्टर 63 जा रहे हैं और उसे वहां छोड़ देंगे। पुलिस के मुताबिक, उसकी बातों पर भरोसा कर वह बस में चढ़ गई। पुलिस के अनुसार, हालांकि, बस उस रात नियमित यात्री सेवा के रूप में नहीं चल रही थी। ट्रैवल कंपनी और जांचकर्ताओं के मुताबिक, तकनीकी खराबी आने के बाद इसे मरम्मत के लिए ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित एक कार्यशाला में ले जाया गया था। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने शाम करीब पांच बजे कार्यशाला से बस ली और रात करीब नौ बजे रवाना हुए। उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट ने बताया कि चार अगस्त की रात को कश्मीरी गेट थाने में 17 वर्षीय लड़की ने आकर सूचना दी कि उसके साथ नोएडा में एक बस में दुष्कर्म हुआ है।

### कौशांबी : पटाखा

लोगों के घायल होने की आशंका है। विस्फोट की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के बगल से गुजर रही दिल्ली-हावड़ा लाइन पर रेलगाड़ियों का संचालन एक घंटे के लिए रोक दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए कौशांबी के जिलाधिकारी डॉ अमित पाल, पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत, प्रयागराज परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) अजय मिश्रा मौके पर पहुंचे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल की गाड़ियां, तथा अन्य संबंधित विभागों के कर्मी राहत-बचाव कार्य में जुटे हैं। घटनास्थल के पास पहुंची अजमेर सियालदह एक्सप्रेस को मनोरी रेलवे स्टेशन पर वापस भेज दिया गया। दिल्ली से बनारस जा रही वंदे भारत ट्रेन को एक स्टेशन पीछे सैयद सरावा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया था। इसके साथ ही एक घंटे तक रेलवे यातायात भी प्रभावित रहा। पहले बताया गया था कि करीब 15 लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। हालांकि अभी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

### जेम खरीद

मिली है। 10 अगस्त 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित जेम के 10वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश को सार्वजनिक खरीद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए तीन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश को मिले पुरस्कारों में- जेम ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड, हाईएस्ट जेम प्रोक्योरमेंट वैल्यू और बेस्ट आउटरीच बिल्डिंग अवार्ड शामिल हैं। इन पुरस्कारों को उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव शशिभूषण लाल सुशील ने प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि केवल सरकारी खरीद के आंकड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे योगी सरकार के गुड गवर्नेंस और डिजिटल गवर्नेंस मॉडल की महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

### विकास को

जब उनके सार्वजनिक जीवन की शुरूआत और शुरूआती संघर्षों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सफलता व्यक्ति की पारिवारिक या सामाजिक पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं होती। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि परिस्थितियां प्रतिकूल हों तब भी यदि व्यक्ति अपने उद्देश्य से विचलित न हो और मेहनत जारी रखे तो उसके लिए आगे बढ़ने के रास्ते खुलते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भी एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी। संगठन के बूथ स्तर पर कार्य करने के साथ महाविद्यालय और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए उन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाने का अवसर मिला।

### राजनाथ सिंह

आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके साथ ही लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और जरूरी सहायता उपलब्ध कराई गई, ताकि वृद्धजनों और वंचित वर्ग के लोगों को उनके घर-आंगन के करीब ही सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। अभियान के अंतिम दिन विराज सागर दास ने संत रविदास मंदिर, भीम नगर, विश्वास खंड, गोमती नगर में संचालित जनसेवा शिविर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में आए लाभार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद किया, आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए और उनका हालचाल जाना।

### अनाथ छात्र को

विशेषकर वृद्धजनों और असहाय परिवारों को सीधे स्वास्थ्य सुरक्षा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। विराज सागर दास के नेतृत्व में चला यह अभियान सरकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के साथ-साथ जनसेवा को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने की पहल के रूप में सामने आया।

### हापुड़ : गंगा

बताया कि इन लोगों को सिखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया।




# दिलीप ट्रॉफी : दक्षिण क्षेत्र का उत्तर क्षेत्र पर दबदबा

## तिलक का नाबाद शतक, उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी में 195 रन पर आउट हो गयी थी

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कप्तान तिलक वर्मा की धैर्य और संयम से भरी नाबाद 106 रन की पारी के बूते दक्षिण क्षेत्र ने सोमवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। तिलक को इस दौरान श्रेयस गोपाल (87) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने छठे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 285 रन बना लिये। उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी में 195 रन पर आउट हो गयी थी।

तिलक की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी पारी का पहला चौका 154वीं गेंद पर लगाया। वह दिन का खेल खत्म होने तक 225 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 106 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण क्षेत्र ने दिन की शुरुआत 40 रन पर दो विकेट से आगे से की लेकिन गुरनूर बराड़ (70 रन पर चार विकेट) ने पहले सत्र में तीन विकेट झटककर टीम का स्कोर पांच विकेट पर 80 रन कर दिया। बराड़ ने बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज एन जगदीशन (36) को बोल्ड करने के बाद आर स्मरण (27) और कोडिमेला हिमतेजा (शून्य) को पवेलियन की राह दिखाई।



तिलक और गोपाल ने इसके बाद मोर्चा संभाला और उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिये। गोपाल ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए नियमित अंतराल पर चौके लगाए, जबकि तिलक ने संयम के साथ बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक पूरा किया। अंशुल कंबोज (53 पर दो विकेट) की गेंद पर तिलक के खिलाफ पगबाधा की करीबी अपील को मैदानी अंपायर ने खारिज कर दिया लेकिन दिन के अंतिम सत्र में अर्शदीप (59 रन पर दो विकेट) ने गोपाल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। गोपाल ने 169 गेंदों की पारी में 11 चौके लगाये।

इसके बाद दक्षिण क्षेत्र ने जल्दी-जल्दी तीन और विकेट गंवा दिये। कंबोज ने तनय त्यागराजन को छह रन पर आउट किया। वहीं अर्शदीप ने विद्वथ कावेरप्पा का विकेट चटकाया। एक छोर से विकेटों के पतन के बीच तिलक के हौसले नहीं डिगे। दिन का खेल खत्म होने पर वह कावुरी साईतेजा के साथ क्रीज पर थे। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष तमीम इकबाल ने कहा कि भारत के खिलाफ लंबे समय से लंबित सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के लिए भारत से बातचीत चल रही है और दोनों देश अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उपयुक्त समय की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### हमें यह पता करना होगा कि बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमसे कहां गलती हुई: शेफाली वर्मा

दुबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि थाईलैंड की कमजोर टीम के खिलाफ महिला एशिया कप के पहले मैच में 94 रन की आसान जीत के बावजूद टीम की बल्लेबाजी इकाई को टर्न लेती पिचों पर अपनी कमियों का आकलन करना होगा। शेफाली ने 36 गेंदों में 64 रन बनाकर भारत को अच्छी शुरुआत दी। उनकी पारी में आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे। लेकिन भारत के मध्य क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। एक विकेट पर 91 रन के बाद उसका स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 127 रन हो गया और आखिर में उसने नौ विकेट पर 159 रन बनाए। थाईलैंड की टीम इसके जवाब में 65 रन पर आउट हो गई।

### सूर्यवंशी की पारी के बावजूद पूर्व क्षेत्र बढ़त लेने में नकाम रहा

बेंगलुरु। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 92 रन की आक्रामक पारी खेलकर लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया लेकिन दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पूर्व क्षेत्र की टीम मध्य क्षेत्र पर पहली पारी की बढ़त हासिल करने में नाकाम रही। बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (66 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (66 रन पर तीन विकेट) तथा आर्यन पांडे (43 रन पर तीन विकेट) ने पूर्व क्षेत्र के सभी 10 विकेट आपस में साझा किये जिससे पूर्व क्षेत्र की पूरी टीम 266 रन पर सिमट गई। इस तरह दोनों टीमों का पहली पारी का स्कोर बराबर रहा, क्योंकि मध्य क्षेत्र ने भी अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए थे। दिन का खेल खत्म होने तक मध्य क्षेत्र ने तीन विकेट पर 45 रन बना लिये थे। दिन का खेल खत्म होते समय अमन मोखाड़े (23) और आर्यन पांडे (04) क्रीज पर मौजूद थे।

स्टंप्स से कुछ मिनट पहले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार को आउट कर बड़ा झटका दिया। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने इस दौरान दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक जड़ने वाला सबसे कम उम्र का बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 1969 में 16 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले लक्ष्मण सिंह का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की पारी की खासियत महज यह रिकॉर्ड नहीं था। 118 मिनट और 81 गेंदों तक चली उनकी पारी शुरुआत से ही पूरी तरह सहज नहीं दिखी लेकिन बिहार के इस युवा बल्लेबाज ने शानदार धैर्य और जुझारूपन दिखाते हुए बल्लेबाजी जारी रखी।

# अंकुर ने अपना पहला डब्ल्यूटीटी खिताब व युगल में स्वर्ण पदक जीता



नयी दिल्ली। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य ने चेक गणराज्य में आयोजित डब्ल्यूटीटी फीडर ओलोमोक टूर्नामेंट में अपना पहला डब्ल्यूटीटी पुरुष एकल खिताब जीता और आकाश पाल के साथ युगल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करके दोहरी सफलता हासिल की। विश्व रैंकिंग में 78वें नंबर के खिलाड़ी अंकुर ने एकल फाइनल में स्लोवेनिया के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेनी कोजुल को 3-1 (9-11, 11-4, 11-5, 11-6) से हराया। इससे पहले उन्होंने आकाश के साथ मिलकर पुरुष युगल फाइनल में हंगरी के साबा एंड्रास सैंटोसी और पोलैंड के एलन कुलजक़ी ज़ालेव्स्की को 3-1 (11-8, 4-11, 13-11, 11-9) से हराया था। अंकुर के लिए एकल फाइनल की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि कोजुल ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली और अगले तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

पुरुष युगल में अंकुर और आकाश ने पहला गेम 11-8 से जीता, लेकिन सैंटोसी और ज़ालेव्स्की ने दूसरे गेम में 11-4 से जीत हासिल करके स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे गेम में कड़ी टक्कर के बाद भारतीय जोड़ी ने 13-11 से जीत हासिल करके फिर से बढ़त हासिल ली और फिर चौथे गेम में भी अपना संयम बनाए रखते हुए 11-9 से जीत दर्ज की। अंकुर ने इस तरह से डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में शानदार सत्र का समापन किया। यहां खिताब जीतने से पहले उन्होंने 2026 में दो टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल और दो टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने फिनलैंड में 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया

नयी दिल्ली। भारत ने फिनलैंड में आयोजित आईटीटीएफ विश्व पैरा फ्यूचर लाहटी टूर्नामेंट से छह स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य सहित कुल 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया। भारतीय खिलाड़ियों ने एकल स्पर्धाओं में 10 पदक जीते थे। इसके बाद उन्होंने युगल में दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित छह पदक अपने नाम किए। रमेशभाई चौधरी और सुमित सहगल ने पुरुष युगल के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के इब्राहिम अब्दुल्ला और रकन अब्दुल रहमान पर 3-0 की जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुमित ने दीपिका रानी रामनाथन के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित युगल का खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। फाइनल में इस जोड़ी ने फिनलैंड के टिमो कालवेई और ऐनो तापोला को 3-0 से हराया। सोनल पटेल और रमेशभाई ने मिश्रित युगल में रजत पदक जीता, जबकि तीन भारतीय जोड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किए। शुभम वधवा और जेडी मदन ने पुरुष युगल में, प्राची पांडे और सविता अज्जनकट्टी ने महिला युगल में और शिवम पाल और नूरअली जमानी ने मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते।

## संक्षेप

### दिशा कुमार, आहिदा प्री क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु। कर्नाटक की तीसरी वरीयता प्राप्त दिशा कुमार ने सोमवार को यहां केएसएलटीए विश्व टेनिस टूर जूनियर जे30 बेंगलुरु के मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में सिद्धि पांडे को कड़े मुकाबले में 6-1, 6-7, 7-5 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त आहिदा सिंह ने भी शाजफा वानिया एसके को 6-3, 6-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-18 वर्ग में खेल रहे कर्नाटक के 14 वर्षीय पुनीत मनोहर को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद परंजय सिवाच के खिलाफ 6-7,1-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यश कुमार को भी कड़े मुकाबले में श्लोक चौहान के खिलाफ 6-1 रहा।

### आईएएफ स्क्वाश चैंपियनशिप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी मैदान में

चंडीगढ़। भारत और विदेश के कुछ शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुई चार दिवसीय भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अंतरराष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा ले रही हैं जिनमें ब्रिटेन और श्रीलंका की अंतरराष्ट्रीय टीम तथा वेटरन्स टीम भी शामिल हैं। यह चैंपियनशिप यहां वायुसेना स्टेशन में आयोजित की जा रही है। इसमें टीम स्पर्धाओं के साथ ओपन एकल वर्ग भी रखा गया है जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ियों को एक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार चैंपियनशिप का समापन शुक्रवार को होगा। उद्घाटन समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### प्रणवी उर्स आयरिश ओपन में संयुक्त 17वें स्थान पर रहीं

किल्डारे (आयरलैंड)। प्रणवी उर्स अंतिम दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर रहीं। कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी का कुल स्कोर आठ अंडर 280 रहा। उन्होंने अंतिम दौर में चार बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं। इससे पहले भारत की दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और हिताक्षी बख्शी कट हासिल करने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका की कसांद्रा एलेक्जेंडर ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

# विश्व कप : डच किला फतेह, भारत ने फिर गंवाया मौका

एजेंसी

**वॉवरे एम्सटेलवीन।** पिछले सोलह दिन से चल रहे विश्व हॉकी के महासमर में एक ओर महिला वर्ग में डच दबदबा टूटा तो पुरूष हॉकी में जर्मनी ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया

**❍ जर्मनी का दबदबा कायम**

जबकि भारतीय टीमें पांच दशक बाद पदक के करीब पहुंचकर एक बार फिर चूक गई। यूट्रेक्ट में 1998 में हुए विश्व कप के बाद पहली बार महिला और पुरूष टूर्नामेंट एक साथ खेले गए लेकिन दो देशों में और दो शहरों में।

नीदरलैंड ने पहली बार एम्सटेलवीन में हॉकी के लिये खास तौर पर बनाये गए वेगनेर स्टेडियम में विश्व कप की मेजबानी की तो बेल्जियम के वॉवर में बेलफियस हॉकी एरेना के रूप में खेल को नया ठिकाना मिला। एम्सटेलवीन में खचाखच भरे स्टेडियम में संगीत के साथ हॉकी जलसे की तरह लगी तो ब्रसेल्स शहर से दूर वॉवरे में बीयर और वॉफेल्स के साथ हॉकी सुकून की तरह नजर आई। लेकिन दोनों ही मेजबान दिग्गज खिताब से वंचित रह गए।



क्वार्टर फाइनल की बजाय पहले दौर के बाद क्रॉसओवर मुकाबलों वाले प्रारूप पर भी सवाल उठे। महिला हॉकी में नौ बार की चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड को अर्जेंटीना की साहसी टीम ने नारंगी रंग से सराबोर खचाखच भरे स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने पेनल्टी शूटआउट में पटखनी दी। रोसारियो में 2010 में अर्जेंटीना जीती थी लेकिन उसके बाद से लगातार नीदरलैंड ने ही तीन विश्व कप जीते।

बेल्जियम ने आस्ट्रेलिया को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई दिग्गज और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन की टीम आठवें स्थान पर रही। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन ने सर्वाधिक आठ गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय गोल का शतक भी पूरा किया। महिला हॉकी में शीर्ष टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का आकलन इसी से किया जा सकता है कि दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक के मुकाबले का फैसला एक गोल के अंतर से हुआ।

### भारत ने सीरिया को 1-0 से हराया

ताशकंद। भारत ने सोमवार को यहां डोस्तलिक स्टेडियम में शमी सिंगामायुम के 86वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत सीरिया को 1-0 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2027 फुटबॉल क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सिंगामायुम ने स्थानापन्न खिलाड़ी एमडी अरबाश के साथ मिलकर बने बेहतरीन मूव को गोल में तब्दील किया और ग्रुप बी के मैच में भारतीय टीम को जीत दिलाई। यह अंडर-19अंडर-20 स्तर पर सीरिया के खिलाफ भारत की पहली प्रतिस्पर्धी जीत भी है। मैच में अधिकांश समय भारत को सीरिया के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने धैर्य नहीं खोया। कोच महेश गवली की टीम ने रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए सीरियाई हमलों को झेला और शानदार रक्षात्मक खेल का परिचय देते हुए।

# चाइना मास्टर्स में भारत की अगुवाई करेंगे लक्ष्य

एजेंसी

शेनझेन। विश्व चैंपियनशिप में शुरुआत में ही बाहर होने वाले लक्ष्य सेन अपनी इस निराशा को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले।,250,000 अमेरिकी डॉलर के चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सेन को हालांकि पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। वह अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के विश्व चैंपियन एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। जून में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत पहले मैच में चीनी ताइपे के ची यु-जेन का सामना करेंगे। इस सत्र में उनका प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है।

कनाडा ओपन में चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा, जिसके बाद कोरिया मास्टर्स में भी वे पहले ही दौर में बाहर हो गए। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भारत को काफी उम्मीद होगी। सात्विक और चिराग ने इस साल की शुरुआत में सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल का अंतरराष्ट्रीय खिताब का इंतजार खत्म किया।

वे चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। महिला एकल में भारत की निगाहें तीन युवा खिलाड़ियों उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा और देविका सिहाग पर टिकी रहेगी। रोहतक की 18 वर्षीय उन्नति का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से होगा।

**❍ महिला एकल में तीन युवा खिलाड़ियों पर होगी नजर**

तन्वी का मुकाबला डेनमार्क की अमाली शुल्ज़ से होगा और देविका का बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष जोड़ी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा, जो 2021 के विश्व चैंपियन हैं।

### एसएलसी को महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन श्रीलंका में ही होने की उम्मीद

कोलंबो। श्रीलंका के अंतरिम क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि वह खेल प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच अगले साल होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी देश में बनाए रखने के लिए बुनियाद से ही सुधारवादी कदम उठाएगा। देश के खेल मंत्री द्वारा नियुक्त अंतरिम समिति के अध्यक्ष एरन विक्रमरत्ने ने कहा कि उनकी समिति श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के प्रशासन में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। विक्रमरत्ने ने कहा, हम बुनियाद से ही सुधार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम पीछे नहीं हट रहे हैं। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। छह टीम का यह टी20 टूर्नामेंट फरवरी 2027 में आयोजित होना है लेकिन ऐसी संभावना है कि एसएलसी के प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप के कारण इसे श्रीलंका से बाहर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अंतरिम समिति में शामिल अधिकारी प्रकाश शाफ्टर ने कहा कि करीब ढाई महीने पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संकेत दिया था कि वह श्रीलंका के अलावा किसी वैकल्पिक स्थल की तलाश कर रहा है।

# जोकोविच यूएस ओपन से बाहर, पेगुला व मेद्वेदेव आगे बढ़े

एजेंसी

न्यूयॉर्क। दिग्गज खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अपने करियर में पहली बार यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। रविवार को चार घंटे 36 मिनट तक चले पांच सेटों के इस मैराथन मैच में जोकोविच को अर्जेंटीना के मारियानो नावोन से 7-6 (5), 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन के पहले दौर में इससे पहले जोकोविच का रिकॉर्ड 19-0 था और उन्होंने 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से किसी भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना पहला मैच नहीं हारा था।

लेकिन फ्लशिंग मीडोज में चौथी वरीयता प्राप्त और चार बार के चैंपियन 39 वर्षीय जोकोविच काफी परेशान नजर आए। मैच के दौरान उन्हें उल्टी हुई और पैरों में भी तकलीफ हुई। इस बीच उन्होंने 70 बेजा गलतियां की। जोकोविच यूएस ओपन में तीसरे दौर से पहले कभी नहीं हारे थे। यह उनके करियर में किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दौर में सबसे लंबी अवधि का मैच था। यूएस ओपन में अपने पदार्पण के ठीक 21 साल बाद मिली इस हार से अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह इस या किसी भी ग्रैंड स्लैम में जोकोविच का आखिरी मैच था। पहले सेट के दौरान उनका मैच बीच में ही रोक दिया गया ताकि बारिश के कारण आर्थर ऐश स्टेडियम की छत को बंद किया जा सके।



बचपन से ही जोकोविच को अपना आदर्श मानने वाले नावोन ने मैच के बाद कहा, मेरे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि आप इस कोर्ट पर सर्वकालिक महान खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से कोर्ट पर यह मेरा अब तक का सबसे बेहतरीन अनुभव रहा है। यह शानदार कोर्ट है और सबसे बड़ा मंच है। जिस तरह से हमने खेल दिखाया वह अद्भुत था। मेरे कहने का मतलब है की पांच सेट तक मैच चला। मैं बहुत खुश हूं और यह बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

इससे पहले तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और 11वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक ने महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने एलेना गैब्रिएला रूसे को 6-3, 6-2 से हराया। इस सत्र में सर्वाधिक 46 मैच जीतने वाली पेगुला का अगला मुकाबला वीनस विलियम्स और वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। पेगुला ने कहा, मैदान में उतरने से पहले मैं बहुत घबराई हुई थी।

# यूपी टी-20 लीग के प्लेऑफ मैच अब लखनऊ में

खेल संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर में लगातार हो रही बारिश और मौसम की स्थितियों को देखते हुए यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस के आगामी प्लेऑफ व फाइनल के मैचों को कानपुर से लखनऊ स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। अब लीग के प्लेऑफ

**❍ खिलाड़ियों की सुरक्षा, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और बेहतर खेल स्थितियां सर्वोच्च प्राथमिकता : संजय कपूर**

और फाइनल मैच पूर्व निर्धारित तिथियाँ में लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने इस बारे में कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लीग प्रबंधन के लिए खिलाड़ियों के हित, सभी टीमों को समान एवं खेल के लिए बेहतर स्थितियां देना और मैचों की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कानपुर में लगातार बारिश से मैचों को पूरा कराना संभव नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण खेल व खिलाड़ियों की प्रतिभाओं पर असर पड़ रहा है। ऐसे में प्लेऑफ जैसे महत्वपूर्ण और निर्णायक मैचों में सभी टीमों को पूरे 20 ओवर खेलने का समान और उचित अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है। हमने आने वाले दिनों में मौसम के पूर्वानुमान का अवलोकन किया जिसमें कानपुर में लगातार बारिश दिखाई जा रही है। उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए प्लेऑफ के मैच व फाइनल को लखनऊ में स्थानांतरित करने का निर्णय बड़े भारी मन से लिया गया है। डॉ. संजय कपूर ने कहा कि यह निर्णय किसी एक टीम के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि खेल की निष्पक्षता और खिलाड़ियों के हित में लिया गया है।



### मयंक अग्रवाल काउंटी टीम डरहम की ओर से खेलेंगे

डरहम। भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल सोमवार को काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन-दो के बाकी चार मुकाबलों के लिए डरहम टीम से जुड़ गए। डरहम क्रिकेट ने अपनी वेबसाइट पर इस जानकारी को साझा करते हुए लिखा कि दाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अग्रवाल दो सितंबर से नॉर्थम्पटनशर के खिलाफ होने वाले मुकाबले में डरहम के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह मुकाबला काउंटी ग्राउंड पर खेला जाएगा।

डरहम की टीम इस समय काउंटी चैंपियनशिप डिविजन-दो की अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम ने 10 मुकाबलों में सात जीत और तीन ड्रॉ के साथ कुल 191 अंक हासिल किए हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 21 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 41.33 की औसत से करीब।,500 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।

# मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से लिया संन्यास

एजेंसी

**अर्जेंटीना।** मेसी ने 2016 में भी संन्यास लिया था। तब वे 3 वर्ल्ड कप में कप्तानी कर चुके थे, लेकिन जीत नहीं सके थे। उन्होंने अपना फैसला बदला और टीम को 2022 का वर्ल्ड कप जिताया। लियोनेल मेसी ने अर्जेंटीना की नेशनल फुटबॉल टीम से इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कह दिया है। उनका आखिरी मैच वर्ल्ड कप फाइनल था, जिसमें अर्जेंटीना को स्पेन से हार मिली थी। मेसी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर हाथ से लिखे नोट की तस्वीर के साथ संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि फाइनल के 2 दिन बाद 21 जुलाई को उन्होंने संन्यास का फैसला लिख लिया था। 39 साल के मेसी ने कहा कि उनके पिता जॉर्ज मेसी की मौत के बाद उन्हें लगा कि अर्जेंटीना के लिए करियर खत्म करने का यही सही समय है।' जॉर्ज मेसी का 8 अगस्त को सेंट्रल अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के एक अस्पताल में निधन हुआ था। वे 68 साल के थे।

मेसी ने लिखा, यह फैसला लेना तकलीफदेह था और आज भी दिल के अंदर तक दुख देता है, लेकिन मैं समझता हूं कि अब समय आ गया है। मैंने हमेशा अपना सब कुछ दिया है। सिर्फ उन पिछले कुछ सालों में नहीं, जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी। मैंने इस जर्सी के लिए हमेशा संघर्ष किया। मैदान पर अपना सब कुछ छोड़ा, ताकि आपको खुशी दे सकूं। फुटबॉल के जरिए आपको अर्जेंटीनियन होने पर गर्व महसूस करा सकूं। समय कम बचा है और अध्याय खत्म होते हैं। यह भी ऐसा ही एक अध्याय है, जो मुझे बहुत दुख देता है। मुझे राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना पसंद था, पसंद है और हमेशा रहेगा। मैंने अपने पास मौजूद सब कुछ दे दिया है। अब मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है। इसके अलावा, कई बेहतरीन युवा खिलाड़ी आ रहे हैं, जो यहां होने के हकदार हैं। मेसी ने अपने पिता की मौत के बाद एक पोस्ट में लिखा था कि उन्हें इस बात को लेकर 'काफी संदेह' था कि वे ज्यादा समय तक अर्जेंटीना के लिए खेलना जारी रख पाएंगे या नहीं। उन्होंने स्पेन के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में अपने प्रदर्शन को लेकर भी लिखा था, ह्यमेरे पैर अब आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। इस बार मैंने अपनी शारीरिक सीमाओं से आगे जाने की कोशिश की, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मेसी ने अपने नोट में बताया कि फाइनल के 2 दिन बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा लिखी थी। उन्होंने कहा कि पिता के साथ हुई घटना के बाद वे इस फैसले को लेकर पहले से ज्यादा पक्के हो गए। मेसी ने अर्जेंटीना के फैंस को पिछले 20 साल के प्यार के लिए शुक्रिया कहा।



# खिल उठा भारत, निराशावादी हुए नाकाम

## जीडीपी में 7.8 प्रतिशत वृद्धि पर बोले प्रधानमंत्री मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि की सराहना की और भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाने वालों पर तंज कसते हुए कहा, निराशावादी नाकाम हुए और भारत एक बार फिर खिल उठा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि एक असाधारण उपलब्धि है।

मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच तेल की कीमतों में झटकों और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी समस्याओं के बावजूद हमारे लोगों की सामूहिक ताकत ने भारत को इतनी मजबूत वृद्धि दर्ज करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि निराशावादी नाकाम हुए और भारत खिल उठा... एक बार फिर। ईरान में युद्ध और उसके चलते पैदा हुई वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता से वृद्धि दर प्रभावित होने की आशंकाओं के बावजूद, अप्रैल-जून तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती प्रदर्शित की और उम्मीद से अधिक तेजी से 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में अनुमान से बेहतर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। यह अमेरिका-ईरान युद्ध और इसकी वजह से उपजी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच घरेलू आर्थिक गतिविधियों की मजबूती को दर्शाता है। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 की जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही के 8.6 प्रतिशत के मुकाबले कम रही है। लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने और ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल के बाद लगाए गए अनुमानों से भारत की जीडीपी वृद्धि अधिक रही है। सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जीडीपी वृद्धि दर जून तिमाही में बढ़कर 7.8 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 6.9 प्रतिशत थी। पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत वृद्धि दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सात प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक है। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। ईरान संघर्ष से ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी, महंगाई के दबाव और वैश्विक मांग कमजोर होने की आशंका पैदा हुई थी। ऐसे में उम्मीद से बेहतर वृद्धि दर से संकेत मिलता है कि बाहरी झटकों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि की गति अब तक कायम रही है। यह आंकड़ा नीति-निर्माताओं के लिए कुछ राहत लेकर आया है, क्योंकि वे वृद्धि को बनाए रखने के प्रयासों के साथ भू-राजनीतिक तनाव और जिंस बाजारों में उतार-चढ़ाव से पैदा होने वाले जोखिमों के बीच संतुलन बनाने में जुटे हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में स्थिर कीमतों पर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 81.36 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में यह 75.46 लाख करोड़ रुपये था।

# अब उज्बेकिस्तान में भी यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे भारतीय यात्री




नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय इकाई एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और उज्बेकिस्तान के नेशनल इंटरबैंक प्रोसेसिंग सेंटर (एनआईपीसी) ने पूरे उज्बेकिस्तान में यूपीआई के जरिये भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए साझेदारी की है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के अनुसार, इस साझेदारी के तहत भारतीय पर्यटक, कारोबारी यात्री और विद्यार्थी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रीय इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड यूजेडक्यूआर को स्कैन कर दुकानों और अन्य कारोबारियों को तत्काल भुगतान कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने कहा कि एनआईपीएल ने 30 अगस्त, 2026 को उज्बेकिस्तान की राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली एचयूएमओ का संचालन करने वाली नेशनल इंटरबैंक प्रोसेसिंग सेंटर जेएससी (एनआईपीसी) के साथ वाणिज्यिक समझौता किया। इस साझेदारी की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान की गई।

समझौते को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और उज्बेकिस्तान के केंद्रीय बैंक (सीबीयू) समेत वित्तीय नियामकों से औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद लागू किया गया है। सीबीयू ने एचयूएमओ को सीमा पार कारोबारी भुगतान स्वीकार करने के लिए एनआईपीएल के अधिकृत भागीदार के रूप में नामित किया है। मंत्रालय ने कहा कि सीबीयू द्वारा अनिवार्य एकीकृत राष्ट्रीय क्यूआर ढांचे (यूजेडक्यूआर) के साथ जुड़ने से उज्बेकिस्तान में खुदरा, आतिथ्य और सेवा क्षेत्र के कारोबारियों के यहां यूपीआई उपयोगकर्ताओं को लगभग हर जगह भुगतान की सुविधा मिलेगी। भारतीय पर्यटक, कारोबारी यात्री और छात्र अपने भारतीय बैंक खातों से सीधे व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) भुगतान कर सकेंगे। इससे विदेशी मुद्रा पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क से बचने और अंतरराष्ट्रीय कार्ड या नकदी पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाती है और दोनों देशों के व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप है।

**संक्षेप**

## आईओसी ने एलपीजी उत्पादन 30 प्रतिशत बढ़ाया

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने सोमवार को कहा कि कंपनी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित होने और ऊर्जा आपूर्ति के जोखिम के बीच रसोई गैस (एलपीजी) उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की तथा अपनी रिफाइनरियों को 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित किया। कंपनी की 67वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए साहनी ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और कच्चे तेल की आपूर्ति में चुनौतियों के बावजूद आईओसी ने कच्चे तेल के स्रोतों में विविधता, रिफाइनरी संचालन में बदलाव किया और वैकल्पिक आपूर्ति सुनिश्चित की। इस अभूतपूर्व संकट के दौरान इंडियन ऑयल की प्राथमिकता स्पष्ट रही है...सीमित आपूर्ति विकल्पों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखना। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 88 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इसमें से करीब 45 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात और लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी आयात होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा है। ऐसे में इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में किसी भी बाधा का देश की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ता है।

# आर्थिक वृद्धि दर सरकार के सुधारों, कुशल आर्थिक प्रबंधन का परिणाम: सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही की आर्थिक वृद्धि दर केंद्र की राजग सरकार के सुधारों और अर्थव्यवस्था के कुशल प्रबंधन के सकारात्मक परिणाम को दर्शाती है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। पहली तिमाही में देश की यह आर्थिक वृद्धि दर भारतीय रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से कहीं अधिक है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय भारत के लोगों और उनकी मेहनत को जाता है। राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार के सुधारों और अर्थव्यवस्था के कुशल प्रबंधन के परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सभी नागरिकों के लिए आर्थिक अवसरों का और विस्तार करने को प्रतिबद्ध है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मौजूदा मूल्य पर जीडीपी में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

## रिकॉर्ड 7.5 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल

नयी दिल्ली। आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अब तक रिकॉर्ड 7.5 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। कारोबार या पेशेवर आमदनी वाले और ऑडिट के दायरे में नहीं आने वाले करदाताओं के लिए आईटीआर दाखिल करने की समयसीमा 31 अगस्त मध्यरात्रि को समाप्त हो रही है। ऐसे में आज रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। सोमवार दोपहर तक 7.5 करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके थे। इनमें 31 जुलाई की समयसीमा तक दाखिल किए गए 5.9 करोड़ से अधिक आईटीआर-। और आईटीआर-2 भी शामिल हैं।

## भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन में 3317 खरीदारों ने कराया पंजीकरण

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर में होने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन 2026 के लिए अब तक 138 देशों के 3,317 खरीदारों ने पंजीकरण कराया है। इससे भारतीय चावल की किस्मों में बढ़ती वैश्विक रुचि का पता चलता है। बीआईआरसी 2026 का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर तक भारत मंडपम में होगा। आयोजक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, 30 अगस्त तक 138 देशों के 3,317 खरीदारों ने पंजीकरण कराया है। बीआईआरसी 2026 को मिल रही प्रतिक्रिया स्पष्ट रूप से बताती है कि वैश्विक बाजारों का भारत की ओर कितना व्यापक रुझान है। 138 देशों के 3,317 खरीदार पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं। इस अंतरराष्ट्रीय भागीदारी को भारतीय चावल निर्यातकों के लिए नए व्यापार मार्गों में बदलने पर है।




# रक्षा क्षेत्र में एफडीआई नियमों में ढील देने पर विचार कर रही है सरकार




नयी दिल्ली। सरकार विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों में और ढील देने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) इस मुद्दे पर संबंधित पक्षों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है।


अधिकारी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से संबंधित नियमों में कुछ ढील देने पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल रक्षा क्षेत्र में 74 प्रतिशत तक एफडीआई की स्वतः मंजूरी मार्ग से और इससे अधिक विदेशी निवेश की सरकारी मंजूरी मार्ग से अनुमति है। हालांकि, आधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिलने की संभावना वाले मामलों में ही 74 प्रतिशत से अधिक एफडीआई की अनुमति दी जाती है। इस नीति के मुताबिक, रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी और रक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अधीन है। भारत में अप्रैल, 2000 से मार्च, 2026 के बीच रक्षा उद्योगों में 3.23 करोड़ डॉलर का एफडीआई आया है। सरकार ने रक्षा क्षेत्र में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। देश का रक्षा बजट 2013-14 के 2.53 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2026-27 में 7.85 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। रक्षा क्षेत्र से निर्यात 2013-14 के 686 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 38,424 करोड़ रुपये हो गया। इसमें निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 17,353 करोड़ रुपये यानी 45.16 प्रतिशत और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की हिस्सेदारी 21,071 करोड़ रुपये यानी 54.84 प्रतिशत रही। सरकार ने वर्ष 2029 तक सालाना तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य रखा है।

**इंटरटेनमेंट...**

# 2 करोड़ में बनी हनुमान अंश ने कमाये 42 करोड़

**मुंबई।** इन दिनों तीन बड़ी फिल्में आवारापन 2, टॉक्सिक और बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में हैं। तीनों ही फिल्मों में बड़ी स्टारकास्ट है, किसी में सनी देओल, किसी में केजीएफ स्टार यश और एक में इमरान हाशमी। बॉक्स ऑफिस क्लेश में आवारापन 2 और टॉक्सिक आगे निकल गईं और बंटवारा 1947 पीछे रह गई। इसी बीच एक लड़की का सिनेमाघरों में खड़े रोते हुए वीडियो वायरल हो गया।

**टॉक्सिक हटाकर इसे स्क्रीन दी गई, जय संतोषी मां के साथ यही हुआ, जानिए एक्सपर्ट की राय**




हर किसी ने माना की लड़की इन तीनों में से कोई एक फिल्म की टिकट न मिलने से भावुक हो गई। लेकिन पूछे जाने पर उसने कहा मैं फिल्म हनुमान अंश देखने आई थी, लेकिन टिकट नहीं मिले। हैरानी की बात है कि जहां टॉक्सिक जैसी 500-1000 करोड़ में बनी फिल्मों के सिनेमाघर खाली पड़े हैं, वहां महज 2 करोड़ में बनी हनुमान अंश हाउसफुल कैसे हुई। इस फिल्म के हीरो का न तो इससे पहले किसी ने नाम सुना और न ही डायरेक्टर का। फिल्म का न तो भव्य प्रमोशन किया गया और न ही इसके फर्स्ट लुक, टीजर और ट्रेलर की कोई खबर थी। इन्हें फिल्म के ही सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किया गया। नीम करोली बाबा पर बनी ये फिल्म शुरूआती 2 हफ्तों तक कोई कमाई नहीं कर सकी, लेकिन चौथे हफ्ते कुछ ऐसा हुआ कि टॉक्सिक जैसी बड़ी फिल्म से क्लैश के बावजूद इसने 800 प्रतिशत मुनाफा कमाते हुए 42 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। बड़ी-बड़ी फिल्में हटाकर अब इसे स्क्रीन्स दी जा रही हैं। टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर भी इसकी बुकिंग ज्यादा हैं। आज से 50 साल पहले 15 अगस्त 1975 को अमिताभ बच्चन-धर्मेंद्र की फिल्म शोले रिलीज हुई। बड़े बजट, बड़ी स्टारकास्टिंग और बड़े डायरेक्टर रमेश सिप्पी की इस फिल्म पर हर किसी की नजरें थीं। कोई बड़ा फिल्ममेकर इस फिल्म के आसपास अपनी फिल्में रिलीज नहीं करना चाहता था। लेकिन इस फिल्म के साथ ही 25 लाख में बनी धार्मिक फिल्म जय संतोषी मां रिलीज की गई।


## हॉलीवुड पर टेक कंपनियां हावी

**मुंबई।** हॉलीवुड में टेक का दखल नया नहीं है। अमेजन, एपल, सोनी और नेटफ्लिक्स पहले ही स्टूडियो व्यवस्था का हिस्सा हैं। हॉलीवुड हमेशा अपने दौर के ताकतवर लोगों और संस्थाओं की कहानियां बेखौफ चित्रित करता आया है। लेकिन, बड़ी टेक कंपनियां नई चुनौती हैं। मार्क जुकरबर्ग की मेटा, सैम ऑल्टमैन की ओपनएआई और एलन मस्क जैसे टेक दिग्गजों की जिंदगी ड्रामा, सत्ता संघर्ष, विवाद और मुकदमों से भरपूर है।

# कंगना रनोट-बाबा रामदेव की सुलह की इनसाइड स्टोरी



**मुंबई।** बाबा रामदेव और कंगना के बीच जेन जी को गटरछाप कहने पर विवाद हुआ था। योगगुरु बाबा रामदेव और बीजेपी सांसद-एक्ट्रेस कंगना रनौत के बीच पिछले दिनों से चल रहा विवाद अब खत्म हो गया है। रक्षाबंधन के मौके पर दोनों के बीच पैचअप की पूरी कवायद दिल्ली के 14 जनपथ स्थित कंगना रनौत के आवास पर हुई। बाबा रामदेव की ओर से उनके प्रवक्ता एस.के. तिजारावाला गिफ्ट लेकर कंगना के घर पहुंचे। दोनों ने बात कर सहमति जताई है कि वह सार्वजनिक तौर पर एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी नहीं करेंगे। कंगना ने सुलह के बाद अब बाबा रामदेव को राखी भी भिजवाई है। कंगना से मुलाकात के बाद बाबा रामदेव और कंगना की फोन पर भी बात कराई गई। कंगना के करीबी और उनके राजनीतिक सलाहकार मयंक मधुर के मुताबिक, इस बातचीत के साथ दोनों के बीच चल रही नाराजगी और सार्वजनिक बयानबाजी को खत्म करने पर सहमति बन गई है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com